# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार 12 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 292 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




अखिल केरल धीवर सभा के स्वर्ण जयंती सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया गया

# रामनवमी में डीजे पर बैन लगाने के खिलाफ विधानसभा में बवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में रामनवमी जुलूस में चलंत डीजे बजाने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर सियासत गरमा गई है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने विधानसभा के बाहर और अंदर जोरदार प्रदर्शन किया। वहीं सत्ता पक्ष ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन है। विपक्ष का विरोध केवल विधानसभा परिसर तक सीमित नहीं रहा। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा विधायक अंदर भी नारेबाजी करते नजर आए। इस दौरान भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि अगर रामनवमी में डीजे नहीं बजेगा तो क्या हिंदुओं को धर्म परिवर्तन करना पड़ेगा? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हिंदू त्योहारों के दौरान ही पाबंदियां लगाती है और हजारीबाग में प्रशासन लोगों को धमकाता है। वहीं सत्ता पक्ष ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार केवल न्यायालय के निर्देशों का पालन कर रही है। कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार रात 10 बजे के बाद तेज ध्वनि वाले डीजे और लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति नहीं है। इसलिए प्रशासन उसी नियम का पालन करा रहा है। इस मुद्दे पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने भी सदन में स्पष्ट किया कि यह किसी धर्म विशेष का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेश के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तेज ध्वनि वाले म्यूजिक सिस्टम पर प्रतिबंध है और सरकार उसी नियम का पालन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा उठाकर समाज का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है। रामनवमी जैसे आस्था के पर्व पर डीजे प्रतिबंध को लेकर झारखंड में विवाद अब राजनीतिक टकराव का रूप लेता दिख रहा है। सड़क से लेकर सदन तक गूंज रहे नारों के बीच यह मुद्दा फिलहाल शांत होता नजर नहीं आ रहा है।

**विधानसभा में भिड़े सत्ता और विपक्ष के विधायक**




# सड़क हादसों में महिला सहित तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इन दुर्घटनाओं में एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पहली घटना लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के लोटवा गांव के पास हुई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पाटन थाना क्षेत्र के करर गांव निवासी 30 वर्षीय बीरबल कुमार और तरहसी थाना क्षेत्र के सुग्गी गांव निवासी 45 वर्षीय उर्मिला देवी की जान चली गई। मृतका उर्मिला देवी का 25 वर्षीय पुत्र जयप्रकाश कुमार इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उर्मिला देवी अपने बेटे जयप्रकाश के साथ मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच अस्पताल से इलाज कराकर स्कूटी से घर लौट रही थीं। लोटवा गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बीरबल कुमार और उर्मिला देवी को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना छतरपुर थाना क्षेत्र में हुई। यहां मुंकेरी गांव निवासी 60 वर्षीय उदित यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उदित यादव टेंपो से किसी काम से छतरपुर जा रहे थे। मंदिया गांव के पास वह टेंपो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला ने नदी में लगाई छलांग

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** शहर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक महिला ने पति से विवाद के बाद आत्महत्या का प्रयास किया। महिला शाहपुर कोयल पुल पर अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर नदी में छलांग लगा दी। इस घटना से पुल पर अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। हालांकि नदी में पानी कम होने के कारण महिला की जान बच गई पर वो गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नावागेठा गांव निवासी शशि राम की पत्नी आरती देवी के रूप में हुई है।

### एटीएम में ठगी करने वाला रंगेहाथ गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र में एटीएम से धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर ग्राहकों के पैसे फंसाकर ठगी करता था। यह मामला केंदुआडीह थाना क्षेत्र के कुसतौर स्थित एसबीआई के गार्ड रहित एटीएम से सामने आया है। पुलिस ने तेतुलमारी थाना क्षेत्र निवासी धीरज कुमार पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### महिला ने फांसी लगा दी जान

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र स्थित मछली मुहल्ला में बुधवार को एक 32 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान मछली मुहल्ला निवासी साजिया परवीन (32) के रूप में हुई है, जो मोहम्मद अख्तर उर्फ सोनू की पत्नी थीं। साजिया दो बेटियों और एक बेटे की मां थीं। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

# सीबीआइ करेगी इडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज केस की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ईडी अफसरों के खिलाफ लगे आरोपों की जांच अब सीबीआई करेगी। रांची के एयरपोर्ट थाने में दर्ज मामले की जांच को सीबीआई के द्वारा करवाने का आदेश झारखंड हाईकोर्ट की तरफ से दिया गया है। झारखंड हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की याचिका पर अहम फैसला सुनाते हुए आदेश दिया है कि उनके खिलाफ दर्ज मामले की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) करेगी। कोर्ट ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया है। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी संतोष कुमार ने ईडी के कुछ अधिकारियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद रांची पुलिस ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल कार्यालय में दल बल के साथ जांच के लिए पहुंची थी। ईडी ने इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी और राज्य सरकार दोनों पक्षों की दलीलें सुनी थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को फैसला सुनाते हुए जस्टिस ने स्पष्ट किया कि सीबीआई जांच ही मामले की निष्पक्षता के लिए उचित होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ही रांची पुलिस की जांच पर रोक लगा दी गई थी, जो अब सीबीआई को सौंपी जाएगी। झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि अदालत ने मामले की जांच सीबीआई के द्वारा कराए जाने के आदेश दिए हैं। मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# केनरा बैंक से 15 लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के सकरा स्थित केनरा बैंक शाखा से पांच नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में करीब 15 लाख रुपये लूट लिए। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब बैंक में लंच का समय था और सब कुछ सामान्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों और बैंक कर्मियों के अनुसार, दोपहर को पांच युवक बैंक परिसर में दाखिल हुए। अंदर घुसते ही उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क लगा लिया और पिस्तौल तान दी। लुटेरों ने बैंक कर्मियों को एक कोने में बंधक बना लिया एवं कैश काउंटर और तिजोरी से लगभग 15 लाख रुपये समेट लिए। सिर्फ बैंक का पैसा ही नहीं बल्कि कर्मचारियों के सोने की चेन, मोबाइल और पर्स भी लूट लिए। लूट के बाद अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर स्थानीय रास्तों से पश्चिम बंगाल की ओर भाग निकले। पीछा होने के डर से बदमाशों ने लूट के मोबाइल फोन रास्ते में ही फेंक दिये। उधर घटना की सूचना मिलते ही बहरागोड़ा पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। साथ ही बैंक के अंदर और बाहर लगे कैमरों को खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। इसके अलावा बैंक कर्मियों और आसपास के दुकानदारों से हुलिए और मोटरसाइकिल के नंबर के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने कहा कि घटना की तहकीकात जारी है। डकैत किस रास्ते से आए और किस रास्ते से गए इसकी भी जांच की जा रही है ताकि उनकी लोकेशन का पता लगाया जा सके। लुटेरे पश्चिम बंगाल, पड़ोसी राज्य ओडिशा या फिर झारखंड के हो सकते हैं। सीमा क्षेत्र होने के कारण सभी राज्य के चिन्हित लोगों पर नजर रख रहे हुए हैं। फिलहाल अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। डकैतों की गिरफ्तारी के लिए चिन्हित जगह पर लगातार छापेमारी की जा रही है।




# साइकिल से विधानसभा पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी साइकिल चलाकर विधानसभा पहुंचे। मंत्री के इस कदम को लेकर राजनीतिक हलकों के साथ-साथ आम लोगों में भी चर्चा रही। विधानसभा परिसर पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि साइकिल से आने का उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज के समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में साइकिल एक बेहतर और सस्ता विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है और कई प्रकार की बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। इसलिए लोगों को अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाने की आदत डालनी चाहिए। नियमित व्यायाम और साइकिलिंग से फिट रहना आसान होता है। इस दौरान मंत्री ने देश में बढ़ती महंगाई पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एलपीजी सहित कई आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम लोगों खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि रामनवमी के दौरान डीजे बजाने के मुद्दे पर भाजपा का धरना केवल राजनीतिक नाटक है। उन्होंने कहा कि देश सभी धर्मों के लोगों का है और समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखना जरूरी है।



# महिला की पत्थर से मारकर हत्या

**साहिबगंज (नबिटा ब्यूरो)।** बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी फुटानी हाट परिसर से पुलिस ने बुधवार को एक महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान बांझी संथाली निवासी लोंगरा हांसदा की 40 वर्षीय पुत्री संझली हांसदा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला की हत्या आपसी जमीनी विवाद को लेकर की गई है। बताया जाता है कि बुधवार सुबह संझली हांसदा, उनकी चचेरी भाभी मंझली मुर्मू और भतीजी तारा हांसदा के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज और नोकझोंक होने लगी। इसी दौरान भाभी और भतीजी ने मिलकर संझली हांसदा पर पत्थर से हमला कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के भाई मनिंदर हांसदा ने बताया कि जमीन को लेकर पहले भी दोनों परिवारों के बीच मारपीट और झगड़ा हो चुका है।

# शादी के दौरान जयमाला स्टेज पर विवाद, दूल्हे के दोस्त को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव में शादी समारोह के दौरान जयमाला के स्टेज पर चढ़ने को लेकर हुए विवाद में दूल्हे के दोस्त को गोली मार दी गई। घायल युवक कमल चौधरी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले में छानबीन कर रही है। गोली मारने का आरोपी पारा शिक्षक है और दुल्हन पक्ष से है। दरअसल, गढ़वा जिले के कोटाम गांव से बारात आई थी। जयमाला कार्यक्रम के दौरान शादी का रस्म चल रही था। दूल्हे के दोस्त और अन्य लोग स्टेज पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिससे विवाद शुरू हो गया और मारपीट हुई। कुछ देर बाद कमल चौधरी कार में बैठे थे। इसी बीच आरोपी वहां पहुंचा, उन्हें कार से उतारा और पैर में गोली मार दी। इसके बाद कमल चौधरी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। शादी का कार्यक्रम नौडीहा में हो रहा था और बारात गढ़वा के कोटाम गांव से आई हुई थी। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि जयमाला के स्टेज पर चढ़ने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में गोली चली है। गोली चलाने का आरोपी पारा शिक्षक है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। मामले में एफआईआर की प्रक्रिया शुरू की गई है। जख्मी का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर बवाल


**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोंदूडीह ओपी क्षेत्र के खरिकाबाद में कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की गई। घटना के बाद इलाके में कुछ देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोंदूडीह कोलियरी की ओर जा रहे एमपीएल के हाइवा की चपेट में आने से एक साइकिल सवार घायल हो गया। घायल विजय वर्णवाल भूली ओपी क्षेत्र के निवासी हैं और सब्जी बेचने का काम करता है। हादसे के बाद नाराज स्थानीय लोगों ने नीमधौड़ा के पास कोयला ढोने वाली गाड़ियों का परिचालन बाधित कर दिया जिससे देर रात तक कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप रही। इसके बाद मंगलवार की रात करीब 10 बजे दो स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोग जबरन कोयला ट्रांसपोर्टिंग शुरू कराने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनका स्थानीय ग्रामीणों से विवाद हो गया। पहले कहासुनी हुई और फिर मामला बढ़ते-बढ़ते पत्थरबाजी तक पहुंच गया। इसी दौरान दहशत फैलाने के उद्देश्य से कई राउंड हवाई फायरिंग भी की गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गोंदूडीह ओपी प्रभारी लव कुमार चौधरी, केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय, पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन, भागाबांध ओपी प्रभारी धर्मराज समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि तब तक फायरिंग करने वाले लोग वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और एक 7.6 एमएम की जिंदा गोली बरामद की है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# आदिवासी समुदाय की समस्याओं पर विशेष ध्यान : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तेजपुर।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन इन दिनों असम दौरे पर हैं। वहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन की संभावनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अभी चर्चाएं प्रारंभिक स्तर पर हैं और कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। हेमंत सोरेन ने बताया कि वे विभिन्न नेताओं और स्थानीय समुदायों से मिल रहे हैं ताकि जमीन पर स्थिति को बेहतर समझ सकें। उन्होंने 'जय भारत पार्टी' के साथ संभावित गठबंधन की बात स्वीकारी लेकिन स्पष्ट किया कि अभी कोई औपचारिक घोषणा करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल हम लोगों से मिल कई मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। कई चीजें अभी तय नहीं हुई हैं। गठबंधन या चुनावी रणनीति के बारे में अभी कुछ निश्चित रूप से कहना जल्दबाजी होगी। सीएम सोरेन ने बताया कि असम चुनाव के लिए रणनीति पर चर्चाएं चल रही हैं। नेताओं में स्वतंत्र चुनाव लड़ने या क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन जैसे विकल्पों पर विचार हो रहा है। विस्तृत चर्चा और परामर्श के बाद ही हम आगे का रास्ता तय करेंगे। बुधवार को हेमंत सोरेन ने जय भारत पार्टी के कई नेताओं से मुलाकात की। बैठक के नतीजे निजी रखे गए और मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी गई। जय भारत पार्टी असम की राजनीति में नया संगठन है, जो मुख्य रूप से आदिवासी नेताओं से बना है और चाय जनजाति (टी ट्राइब) क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति रखता है। हेमंत सोरेन का यह दौरा और उनके बयान असम में राजनीतिक हलचल पैदा कर रहे हैं, क्योंकि 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही पार्टियां गठबंधन और रणनीतियों के लिए सक्रिय हो गई हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री ने आदिवासी समुदायों की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि कई मूल निवासी अभी भी अपनी वैध सुविधाओं और भूमि संबंधी अधिकारों से वंचित हैं। श्री सोरेन ने जोर दिया कि इन मुद्दों पर गंभीर चर्चा और उचित कार्रवाई की जरूरत है ताकि आदिवासी समुदायों को न्याय और समर्थन मिल सके। असम दौरे के अनुभव साझा करते हुए हेमंत सोरेन ने राज्य को खूबसूरत जगह करार दिया और यहां के लोगों को गर्मजोशी से स्वागत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों से बातचीत सकारात्मक रही है।





C M Y K

# जीटी रोड पर विशेष वाहन जांच अभियान, 10 वाहनों से 1.80 लाख जुमाना





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा परिवहन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में जीटी रोड पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुख्य सड़कों और महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर भारी वाहनों की सघन जांच की गई जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे कुल 1,80,000 रुपये जुर्माना वसूला गया अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने ट्रक, डंपर, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहनों के कागजात की जांच की।

इस दौरान वाहन के पंजीकरण प्रमाण पत्र, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे पाए गए या जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे थे, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई जांच के दौरान कई वाहन चालक नियमों का पालन करते हुए पाए गए, जबकि कुछ वाहनों में ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाण पत्र की कमी तथा आवश्यक दस्तावेजों के अभाव जैसी अनियमितताएं सामने आईं। ऐसे वाहनों पर मौके पर ही जुर्माना वसूला गया तथा चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए इस प्रकार के जांच अभियान समय-समय पर चलाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार भारी वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल लेकर चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की जा रही है उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग परिवहन नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें। साथ ही वाहन की फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र का समय पर नवीनीकरण कराना भी अनिवार्य है जिला परिवहन पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए इस विशेष जांच अभियान से वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ी है और सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। प्रशासन को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में परिवहन नियमों का बेहतर तरीके से पालन होगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# नाबार्ड प्रायोजित पेशम ग्रामीण हाट का उद्घाटन

■ किसानों, कारीगरों और महिला समूहों को मिलेगा नया बाजार व मंच : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत पेशम ग्रामीण हाट का उद्घाटन बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह के उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड आशुतोष प्रकाश, बीडीओ, बिरनी प्रखंड, कार्यपालक



अभियंता, पीएचईडी, गिरिडीह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। यह ग्रामीण हाट क्षेत्र के किसानों, कारीगरों, स्वयं सहायता समूह एसएचजी की महिलाओं तथा अन्य ग्रामीण उत्पादकों को अपने कृषि एवं प्राथमिक उत्पादों की बिक्री के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

इस परियोजना के अंतर्गत ग्रामीणों की सुविधा और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए शेड, गोदाम शौचालय तथा सोलर लाइट जैसी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त, गिरिडीह ने नाबार्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की ग्रामीण अवसंरचना स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इसके सकारात्मक प्रभाव दूरगामी होंगे इसी अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस भी मनाया गया जिसमें जल सहिया एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति विडब्लूएससी के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण तथा समुदाय की भागीदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में बाजार सुविधा, आजीविका संवर्धन तथा सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुलग रहा गंगा किनारे का दियरा ईलाका

**कटिहार ग्रामीण (नबिटासं)।** मनिहारी थाना क्षेत्र के दक्षिणी कांटाकोश वार्ड संख्या आठ निवासी किसान मोतीलाल यादव (51) ने अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी को लिखित शिकायत कर उनके खेत तकरीबन दो सौ बीघा फसल को ट्रेक्टर से जबरन में जोतकर नष्ट करने जानकारी दी है। मनिहारी एसडीएम को दिये शिकायत पत्र में किसान मोती लाल ने रामनगर मौजे की खाता संख्या 08 की खेरसा संख्या 234, 235, 236, 237, 225, 228, 216, 229, 208, 212, 217, 232, 233 पर लगी गेहूं की फसल जबरन 09.03.2026 की रात्री हरवे हथियार से लैश होकर ट्रेक्टर से जोतकर नष्ट करने की जानकारी दी है। आवेदक किसान ने शिकायत में कहा है कि बघार मिजार्पुर निवासी रामनिवास ऊर्फ पागल यादव अपने आधा दर्जन से अधिक सहयोगियों के साथ हथियार के साथ रामनगर मौजे की उक्त खाते एवं खेसरा मे लगी तकरीबन दौ बीघा मे लगी गेहूं की फसल को ट्रेक्टर से रौंदकर नष्ट कर दिया। दक्षिणी कांटाकोश वार्ड संख्या पांच निवासी किसान रामगोपाल यादव ने भी रामनगर मौजे की ही खाता संख्या 07 की विविध खेसरे की भूमि पर लगी फसल तबाह करने की शिकायत एसडीएम मनिहारी से की है।



इनकी शिकायत है इससे किसानों को तकरीबन पांच लाख से अधिक की क्षति हुई है। एक तरफ जहां सरकार किसानों की आय बढाने सहित बढती आबादी को अन्न उपलब्ध कराने की दृष्टि से फसल पैदावार बढाने को संसाधन, तकनीक सहित प्रेरणा दे रही है तो दूसरी ओर दियरा क्षेत्र मे सक्रिय बाहुबलियों की वक्र दृष्टि किसानों की लहलहाती फसलों पर है।इस घटना मे आरोपी बनाये गये रामनिवास ऊर्फ पागल यादव ने अपने ऊपर लगाये गये आरोपों को सिरे से खारिज किया है। कहा कि इस घटना से उनका कोई संबंध नहीं हैं.भूमि झारखंड क्षेत्र में है। उन्हें बदनाम करने की नियत से शाजिश की जा रही है। उनके राजनीतिक प्रभाव व क्षेत्र में बढती लोकप्रियता से घबराकर उनके राजनीतिक प्रतिद्वन्दी अभी से ही उनके मार्ग मे रोड़ा अटकाने लगे हैं।वर्तमान में पंचायत के सरपंच हैं। पूर्व में लोगों ने मुखिया के रुप मे सेवा का मौका दिया है। उनकी पत्नी लोगों के आशीर्वाद से पूर्व में जिला परिषद सदस्य रह चुकीं हैं। उन्हे बदनाम व झूठे मुकदमे मे फसाकर बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इन आरोप प्रत्यारोपों के बीच लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

### ईद पर्व की खरीदारी के मौके पर गरीब, लाचार व बेसहारों का भी रखें ख्याल : हाजी नदीम अहमद

**अररिया (नबिटासं)।** रहमत बरकत का मुकद्दस माह ए रमजान के 21 रोजा बुधवार को संपन्न हो गया । वहीं अब खुशियों का पर्व ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तैयारियां शुरू करदी है । हालांकि ईद आने में अभी 7 या 8 दिन बाकी है,लेकिन अभी से ही मुस्लिम समुदाय



के लोगों ने ईद की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में जिला मुख्यालय स्थित नवोदय कोचिंग सेंटर के निदेशक हाजी नदीम अहमद साहब साहब ने मालदार लोगों से ईद की खरीदारी के मौके पर आसपास के जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा की माहे रमजान में गरीब , लाचार, यतीम, बेसहारा जरूरमंदो की मदद करने पर अल्लाह तबारक व तआला बेहतर बदला देते है । कुरआन व हदीश भी है की माहे रमजान में जरूरतमंदों की मदद करने पर सत्तर गुना अधिक सवाब मिलता है । अगर आपके आसपास या रिश्तेदारों में कोई गरीब है तो उसकी मदद जरूर करें । उन्होंने कहा कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें मदद की दरकार होती है, मगर शर्म होने कारण मांग नहीं सकते । ऐसे लोगों की मदद आप खोज खोज कर और उन्हें छुप कर जरूर करें । हालांकि उलेमा इकराम ने कहा कि हदीश शरीफ का मफहूं है कि अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद (स) ऐसे लोगों को खोज खोज कर मदद किया करते थे , हम सब जरूरतमंदों की मदद करेंगे तो अल्लाह हम सबको जरूरत से ज्यादा नवाजेगा और किसी गरीब बच्चों की मुस्कुराहट आपको भी खुशी देगी । इस लिए आसपास के जरूरतमंद लोगों की दिल खोलकर मदद करें ताकि उनके घर पर भी ईद की खुशी मिल सके । इस माह में एक नेकी का बदला अल्लाह ताला सत्तर गुना ज्यादा कर देते हैं,इसलिए दिल खोल कर सदका ,खैरात करें। बताया जाता है कि वह रिश्तेदार जो काफी गरीब हो,और वह आप से नाराज भी हो,उनको सबसे पहले सदका करें वो उन्हें जकात दें । चूंकि इनका दोहरा नेकी अल्लाह देते हैं। इससे उनका दिल जुड़ता है,और दिल जोड़ने वाले, अल्लाह के काफी करीब होते हैं।

# भंडारीडीह में मां मथुरासिनी पूजनोत्सव शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भंडारीडीह स्थित माँ मथुरासिनी मंदिर में पूजनोत्सव 2026 के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और माता के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा पूजनोत्सव के पहले दिन 10 मार्च 2026 को मंदिर परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इस शोभायात्रा का नेतृत्व मंदिर समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता और सचिव अजय गुप्ता ने किया। शोभायात्रा में महिला अध्यक्ष और युवा अध्यक्ष के



साथ बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएँ और युवा शामिल हुए। भक्तजन माता के जयकारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरे वहीं 11 मार्च 2026 को माँ मथुरासिनी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस मुख्य अनुष्ठान में आलोक गुप्ता मुख्य यजमान की भूमिका में उपस्थित रहे। विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माता का विधि-विधान से आह्वान किया गया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की गई पूजा अर्चना के उपरांत भव्य महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के सफल संचालन की जिम्मेदारी गोपाल दास भदानी और उमेश माथुर ने निभाई। उनकी देखरेख में भक्तों के बीच सुव्यवस्थित तरीके से प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में पूजा समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# झारखंड में बदला मौसम, कई जिलों में बारिश और तेज हवा की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में आने वाले दिनों में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है पिछले 24 घंटों के दौरान हजारीबाग जिले के हेंदिगिरी में 10.8 मिमी तथा मांडर क्षेत्र में 8.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि 11 मार्च को राज्य के पूर्वी और मध्य भागों में मौसम का प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है इस दौरान रांची, बोकारो, धनबाद हजारीबाग रामगढ़, कोडरमा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम सरायकेला खरसावां सिमडेगा साहिबगंज पाकुड़, गोड्डा दुमका देवघर जामताड़ा और गिरिडीह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज चमक होने की संभावना जताई गई है मौसम विभाग के अनुसार 12 मार्च को झारखंड के उत्तर-पूर्वी जिलों में मौसम का असर अधिक रहेगा।

इस दिन साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका, देवघर, जामताड़ा और गिरिडीह जिलों में हल्की बारिश या गरज-चमक हो सकती है।विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि 15 मार्च से राज्य के अधिकांश हिस्सों में फिर से बारिश और गरज-चमक का दौर शुरू हो सकता है। हालांकि गढ़वा, चतरा, पलामू और लातेहार जिलों में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है तेज हवा और बिजली गिरने की चेतावनी मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि खराब मौसम के दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

### मिट्टी की कमी से आवास निर्माण व ईंट भट्ठों का काम प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में मिट्टी नहीं मिलने से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, ट्रैक्टर चालकों और ईंट भट्ठा संचालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मिट्टी की किल्लत के कारण कई स्थानों पर घर निर्माण और ईंट बनाने का कार्य बाधित हो गया है। इस समस्या को लेकर गुरुमेला पंचायत निवासी उमेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को कई ट्रैक्टर चालक अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से मिट्टी खनन की अनुमति देने की मांग की। उमेश कुमार चौधरी ने बताया कि उन्हें जौनिया क्षेत्र में लगभग 1.19 एकड़ भूमि से साधारण मिट्टी निकालने की अनुमति मिली है, लेकिन कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। ट्रैक्टर चालक विनोद मंडल, शिव शंकर मंडल, सवीन राय, मो. मनोवर, मो. सफीक, मो. अनारूल, दिलीप कुमार और रविन्द्र चौधरी ने बताया कि काम बंद रहने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# गिरिडीह में सहायक अध्यापकों की जिला स्तरीय बैठक 15 मार्च को : सुखदेव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों के सभी सहायक अध्यापकों को सादर सूचित करना है कि बड़ी उम्मीद और बेहतर सपनों को सजाने की ख्वाहिश के साथ झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन की लोकप्रिय सरकार के गठन में सूबे के 65 हजार सहायक अध्यापकों ने अपनी बेहतर भूमिका निभाई अशिक्षा की बेड़ियों में जकड़ी हुई झारखंड के अति सुदूरवर्ती इलाका जहां सदियों से शिक्षा की दीप नहीं जल रही थी उन पहाड़ों, जंगलों और निर्जन स्थानों में शिक्षा का अनमोल दीप जलाते हुए उन गरीब गुरबों के बच्चों को अशिक्षा से निजात दिलाने का सौभाग्य अर्पित किया बावजूद हेमंत सोरेन की सरकार ऐसे निरीह पारा शिक्षकों के मुश्किलों और मुसीबतों पर तरस न खाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं तरक्की पर पानी फिर जाने का ही सौगातें मिल रही है सरकार पारा शिक्षकों के साथ किए गए वादों से भी मुकर गई है जो बिल्कुल नाइंसाफी और असंवैधानिक है।

इस परिप्रेक्ष्य में 15/03/2026 दिन रविवार समय 11 बजे पूर्वाह्न से एक अत्यावश्यक बैठक स्थानीय झंडा मैदान गिरिडीह में आयोजित की गई है एक लम्बे इंतजार और संघर्ष की जिम्मेदारियों का परवाह ना करते हुए पारा शिक्षकों की एकता और धैर्यता को प्रभावहीन करने में कोई कसर नहीं छोड़ा गया।अब समय आ गया अपने हक और अधिकार को पुनर्जीवित करने का अपनी खोई हुई ताकत को वापस लाने का मित्रों आप सभी से अपील होगा कि जितने तरह का आपसी मन मुटाव हो जितने तरह की रंजिश हो किसी भी तरह की पद के लोभ में अपनी विरासत एवं अपनी संघर्ष की आवाज को एक लंबे समय से दबाया गया है उन तमाम खामियों को दिल से निकालते हुए संघर्ष की जननी गिरिडीह की धरती से आंदोलन का पैमाना तय करने में आप सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें सभी संवर्ग के सहायक अध्यापकों से अनुरोध है कि किसी भी परिस्थिति का बहाना न बनाते हुए 15 मार्च को आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रखण्ड के अगुआ नेतृत्वकारी साथी सभी जिला कमिटी के साथी सभी सहायक अध्यापक मित्रों को बैठक में शामिल होना पूर्णतः अनिवार्य है।

# धावा दल की कार्रवाई, सर्विस सेंटर से बाल मजदूर का रेस्क्यू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जिले के बेंगाबाद प्रखंड में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे पण इंडिया रेस्क्यू एंड रहाबिलिटेशन कैंपेन के तहत धावा दल ने बुधवार को महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक सर्विस सेंटर से बाल मजदूर को मुक्त कराया जानकारी के अनुसार धावा दल ने अफरोज होंडा सर्विस सेंटर, बेंगाबाद में छापेमारी कर एक नाबालिग बच्चे को काम करते हुए पाया।

जांच के दौरान पुष्टि हुई कि बच्चे से बाल श्रम कराया जा रहा था। इसके बाद टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे को वहां से रेस्क्यू कर लिया।अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी बेंगाबाद सदानंद कुमार ने किया। रेस्क्यू किए गए बच्चे को आगे की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए बाल कल्याण समिति सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां से उसके पुनर्वास और आगे की सहायता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे इस कार्रवाई में बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह की टीम ने भी अहम भूमिका निभाई। संस्था की ओर से कार्यक्रम समन्वयक उत्तम कुमार, उज्ज्वल मिश्रा, रूपा कुमारी तथा सामुदायिक कार्यकर्ता उत्तम कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम एक गंभीर अपराध है और इसके खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान स्थानीय दुकानदारों और लोगों को भी जागरूक करते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना कानूनन अपराध है। यदि कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन या संबंधित विभाग को दें धावा दल ने स्पष्ट किया कि जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जहां भी बच्चों से अवैध रूप से काम कराया जाएगा, वहां कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा होगा रेणु महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले के संयुक्त तत्वावधान में महान साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती के अवसर पर रेणु महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर साहित्य और संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अररिया श्री सान्याल कुमार द्वारा बताया गया कि महोत्सव का मुख्य आकर्षण 12 मार्च 2026 को टाउन हॉल, अररिया में आयोजित होने वाला साहित्यिक परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के



साथ सायं 5:20 बजे किया जाएगा, जिसके पश्चात साहित्यकारों और लेखकों द्वारा साहित्यिक परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित और सुप्रसिद्ध कवि दिनेश बावरा, कवयित्री डॉ तिष्या श्री तथा कवि अमरदीप कुमार अपनी काव्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को और भी गरिमामय बनाएंगे। जिला प्रशासन, अररिया द्वारा साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों एवं आम नागरिकों से इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महान साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# समृद्धि यात्रा के तहत अररिया में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया ।** नीतीश कुमार बुधवार को अररिया जिला के अररिया कॉलेज परिसर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को पहली बार एन०डी०ए० सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं। याद है ना पहले क्या स्थिति थी ? पहले बहुत बुरा हाल था? लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में कितना विवाद होता था। कितना हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था? पढ़ाई का क्या हाल था? बहुत कम बच्चे पढ़ते थे। बहुत कम पढ़ाई होती थी। पहले इलाज का पूरा इंतजाम नहीं था। सडकें बहुत कम थीं और जो थीं उनका बुरा हाल था। बिजली बहुत कम जगह थी। अब किसी प्रकार के डर एवं भय का वातावरण नहीं है। राज्य में प्रेम, भाईचारा एवं शांति का माहौल है। पहले कितना हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था, इसलिए वर्ष 2006 से ही कब्रिस्तान की घेराबंदी शुरू की गयी है। बड़े पैमाने पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है। अब कोई झगड़ा झंझट नहीं होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 से 60 वर्ष से पुराने हिन्दू मंदिरों की घेराबंदी की गयी है जिससे चोरी आदि की घटनायें नहीं होती है। सर्वप्रथम शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया। हमलोगों ने नियोजित शिक्षकों की बहाली की। बड़ी संख्या में नये स्कूल खोले और लड़के-लड़कियों के लिए पोशाक






एवं साइकिल योजना चलायी। वर्ष 2023 से बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 2 लाख 58 हजार सरकारी शिक्षकों की बहाली की गयी है।

वर्ष 2006 से 3 लाख 68 हजार नियोजित शिक्षक बने थे, जिसमें से बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 28 हजार 976 सरकारी शिक्षक बन गये। फिर सरकार ने तय किया कि नियोजित शिक्षकों को बी०पी०एस०सी० की परीक्षा देने की जरूरत नहीं है। उन्हें मामूली सी परीक्षा लेकर, सरकारी शिक्षक बनाया जाय। इसके लिए उन्हें 5 मौके तय किये। अब तक 4 परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है जिसमें 2 लाख 66 हजार नियोजित शिक्षक पास हो गये हैं। अब केवल 73 हजार शेष बच गये हैं जिन्हें 1 मौका और दिया जायेगा। अब कुल मिलाकर सरकारी शिक्षकों की संख्या 5 लाख 24 हजार हो गयी है। इसके अलावे बी०पी०एस०सी० द्वारा 45 हजार नये पदों पर शिक्षकों की बहाली शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत खराब थी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन 1 या 2 मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने औसतन 11 हजार 800 मरीज आते हैं। पहले मात्र 6 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या अब 12 हो गयी है। इस वर्ष 6 मेडिकल कॉलेज और बन जायेंगे तथा शेष 21 जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी शीघ्र पूरा किया जायेगा। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 5400 बेड तथा अन्य 5 पुराने मेडिकल कॉलेज को ढाई हजार बेड का किया जा रहा है। साथ ही आई०जी०आई०एम०एस० को 3 हजार बेड का बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। राज्य के सुदूर क्षेत्रों से 6 घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य को वर्ष 2016 में पूरा कर लिया गया है। अब राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों, पुल-पुलियों, रेल ओवरब्रिज, बाईपास एवं एलिवेटेड रोड के निर्माण से लगभग 5 घंटे में सुदूर क्षेत्रों से पटना पहुंचना संभव हुआ है। वर्ष 2008 से कषि रोड मैप बनाकर काम किया जा रहा है जिससे कषि के क्षेत्र में बहुत अच्छी प्रगति हुई है। वर्ष 2008 से 2012 तक पहला, 2012 से 2017 तक दूसरा 2017 से 2023 तक तीसरे कृषि रोड मैप पर काम हुआ है। अनाज का उत्पादन काफी बढ़ गया है। फल, सब्जी, दूब, अंडा, मांस एवं मछली का उत्पादन ढाई गुना से अधिक हो गया है जिससे मछली के उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। साथ ही किसानों की आय बढ़ी है। वर्तमान में चौथे कृषि रोड मैप (वर्ष 2024 से 2029) के तहत योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 में सात निश्चय के तहत आर्थिक हल-युवाओं को बल, आरक्षित रोजगार महिलाओं का अधिकार, हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय, टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने तथा अवसर बढ़े आगे पढ़ें का काम किया गया है।

# विधानसभा के सामने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बुधवार को राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचीं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने झारखंड विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जुटीं सेविका-सहायिकाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारी आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का कहना था कि लंबे समय से वे अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर आवाज उठाती रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो वे 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी। यूनियन की ओर से सरकार के समक्ष छह सूत्री मांगें रखी गईं। इसमें प्रमुख रूप से राज्य की सभी आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए नियमित वेतनमान लागू करने की मांग शामिल है। साथ ही, सेवा के 10 वर्ष पूरे कर चुकी सेविका-सहायिकाओं को विभागीय पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति देने और इसके लिए निर्धारित आयु सीमा को समाप्त करने की मांग भी की गई। इसके अलावा पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखंड में भी सेवानिवृत्ति के बाद आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को एकमुश्त पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा मानदेय का आधा हिस्सा पेंशन के रूप में देने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्रों में लागू फेस रिकॉग्निशन सिस्टम और ओटीपी आधारित उपस्थिति प्रणाली को समाप्त करने की मांग भी की, उनका कहना है कि इससे सेविका-सहायिकाओं और लाभार्थियों दोनों को काफी परेशानी हो रही है। यूनियन ने यह भी मांग की कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को विभागीय योजनाओं के अलावा दिए जाने वाले अतिरिक्त कार्य, जैसे चुनाव ड्यूटी, सर्वे और बीएलओ का कार्य आदि से मुक्त किया जाए। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील संख्या 3153 में दिए गए फैसले के अनुसार सभी राज्यों में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को ग्रेच्युटी का लाभ देने के निर्देश का पालन करते हुए झारखंड में भी इसे लागू करने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## रांची से छत्तीसगढ़ जा रही एसी बस में भीषण आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। राजधानी रांची से छत्तीसगढ़ जा रही एक एसी बस में बुधवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते बस आग के गोले में तब्दील हो गई। हालांकि बस चालक की तत्परता और सूझबूझ के कारण सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार 'शिवनाथ' नामक एसी बस रांची से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान बस जैसे ही शहर के खरसीदाग क्षेत्र स्थित रिंग रोड के पास पहुंची, उसमें अचानक आग लग गई। बस में धुआं और लपटें उठते ही यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस को रोककर इमरजेंसी ब्रेक लगाया और दरवाजा खोलकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने का निर्देश दिया। कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस घटना में करीब दर्जनभर यात्रियों का सामान जल गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से होटल व कारोबार प्रभावित : झामुमो




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने देश और राज्य में एलपीजी, पेट्रोल तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कथित किल्लत को केंद्र सरकार की नीतिगत विफलता बताया है। पार्टी ने कहा कि यह स्थिति केंद्र की गलत नीतियों और व्यक्तिगत निर्णय लेने की प्रवृत्ति का परिणाम है। बुधवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मध्य पूर्व में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारत अपनी प्रभावी विदेश नीति के माध्यम से इस संकट को कम करने में अहम भूमिका निभा सकता था, लेकिन मौजूदा सरकार की विदेश नीति स्पष्ट नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शादी-विवाह और त्योहारों का मौसम चल रहा है। ऐसे में एलपीजी की कमी आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल प्रभाव से कदम उठाकर गैस आपूर्ति की स्थिति में सुधार करने की मांग की।

भट्टाचार्य ने यह भी आरोप लगाया कि ईरान से जुड़े अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों के बीच भारत की छवि प्रभावित हुई है। उनका कहना था कि वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध और तनाव के दौर में भारत को संतुलित कूटनीति अपनाने की आवश्यकता थी। उन्होंने यह भी कहा कि जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट से गुजर रही थी, तब रूस ने भारत को सस्ते दामों पर तेल उपलब्ध कराकर सहयोग किया, लेकिन बदलते अंतरराष्ट्रीय दबावों के कारण भारत अपने पारंपरिक सहयोगियों से दूरी बनाता दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल, एलपीजी और सीएनजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों पर राज्यों का सीमित नियंत्रण होता है। उनके अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी से होटल, टिफिन सेवाओं और अन्य छोटे-बड़े व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। झामुमो ने केंद्र सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आम जनता और व्यावसायिक गतिविधियों को राहत मिल सके।

# गोइलकेरा सीएचसी में प्रखंड कर्मी को एक्सपायर स्लाईन चढ़ाने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक प्रखंडकर्मी को कथित तौर पर एक्सपायरी सलाइन चढ़ाए जाने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दे दिए हैं।

जानकारी के अनुसार तबीयत बिगड़ने पर संबंधित प्रखंडकर्मी को इलाज के लिए गोइलकेरा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसे सलाइन चढ़ाई गई। बाद में आरोप सामने आया कि मरीज को दी गई सलाइन की एक्सपायरी तिथि समाप्त हो चुकी थी। इस जानकारी के सार्वजनिक होने के बाद अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला स्वास्थ्य विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम को पूरे मामले की गहन जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम ने अस्पताल पहुंचकर दवाओं और सलाइन के उपलब्ध स्टॉक की जांच शुरू कर दी है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि एक्सपायरी सलाइन अस्पताल में कैसे मौजूद थी और किन परिस्थितियों में उसे मरीज को लगाया गया।

बताया गया है कि शिकायत सामने आने के बाद मरीज को दी जा रही सलाइन तुरंत हटा दी गई और उसके उपचार के लिए अन्य दवाओं का इस्तेमाल किया गया। फिलहाल मरीज की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या नियमों की अनदेखी सामने आती है, तो संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों को दी जाने वाली दवाओं और सलाइन की एक्सपायरी तिथि की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## महिला हुई सड़क दुर्घटना की शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर छपरा मोड़ के समीप बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे एक महिला सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। घायल महिला सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ी थी,जिसपर स्थानीय लोगों की नजर पड़ी,तो उन्होंने डायल 112 की टीम को मदद हेतु बुलाया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने हनुमान बन अज्ञात घायल महिला को अपनी गाड़ी में लादकर अनुमंडलीय अस्पताल ले गई। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने घायल महिला का इलाज किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल महिला को डायल 112 की टीम द्वारा भर्ती कराया गया था। साथ ही कहा कि घायल महिला विक्षिप्त बताई जा रही है,इस कारण उसका पहचान नहीं हो सका है। घायल महिला का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।

# लोहरदगा में गहराया जल संकट, मार्च में ही सूखने लगीं नदियां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा**। गर्मी अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन शहर में जल संकट के बादल गहराने लगे हैं। शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली कोयल नदी और शंख नदी का जलस्तर मार्च के पहले पखवाड़े में ही तेजी से नीचे जाने लगा है। दोनों ही बरसाती नदियों पर निर्भर शहरी जलापूर्ति व्यवस्था अब गंभीर संकट की ओर बढ़ती दिख रही है। हालात ऐसे हैं कि आने वाले दिनों में शहर के हजारों परिवारों के सामने पेयजल का गहरा संकट खड़ा हो सकता है।

शहर में लगभग 3000 घरों में वैध जलापूर्ति कनेक्शन हैं, जबकि करीब 3000 घर अवैध कनेक्शन के माध्यम से पानी ले रहे हैं। इस तरह लगभग 6000 परिवार सीधे तौर पर शहरी जलापूर्ति योजना पर निर्भर हैं। नगर परिषद के आंकड़ों के अनुसार शहर को प्रतिदिन करीब साढ़े पांच लाख गैलन पानी की जरूरत होती है, लेकिन फिलहाल केवल तीन लाख गैलन पानी की ही आपूर्ति हो पा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोहरदगा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और प्रशासक ने नदियों का दौरा कर हालात का जायजा लिया है। हालांकि नगर परिषद वैकल्पिक व्यवस्था की बात कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत चिंताजनक बनी हुई है। शहर में तीन वाटर टावरों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है, जिनमें से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल परिसर स्थित एक वाटर टावर जर्जर हालत में पहुंच चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो अप्रैल तक नदियों का जलस्तर और नीचे चला जाएगा, जिससे जलापूर्ति योजना को जारी रखना मुश्किल हो सकता है। नगर परिषद फिलहाल वाटर टैंकर और सोलर आधारित जलापूर्ति योजना के जरिए वैकल्पिक उपायों पर जोर दे रहा है, लेकिन यह समाधान स्थायी नहीं माना जा रहा।

मार्च में ही पैदा हो चुकी यह स्थिति संकेत दे रही है कि आने वाले महीने शहर के लिए बड़ी चुनौती लेकर आने वाले हैं। यदि समय रहते ठोस और दीर्घकालिक कदम नहीं उठाए गए, तो लोहरदगा के हजारों घरों में पानी के लिए जद्दोजहद बढ़ना तय है।

# सभी प्रखंडों में कृषि ऋण शिविर आज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। उप समाहर्त्ता बैंकिंग नवीन कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति-सह-जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित हुई। उप समाहर्त्ता बैंकिंग द्वारा बैठक में जिले में चल रही विभिन्न वित्तीय और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक ने किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति, फसल ऋण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋण वितरण की प्रगति के बारे में बताया गया। राज्य सरकार द्वारा निर्देशित कृषि ऋण वितरण शिविर सभी प्रखंडों में कल दिनांक-12 मार्च 2026 को आयोजित होना है, जिसमें सभी बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और शिविर में प्राप्त ऋण आवेदन का शीघ्र निष्पादन करेंगे। उप समाहर्त्ता बैंकिंग ने सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि जिले में कृषि ऋण को बढ़ावा देने के लिए केसीसी (पशुपालन) एवं केसीसी (मत्स्य) योजना अंतर्गत किसानों को लाभान्वित करें। स्वरोजगार योजना अंतर्गत उप समाहर्त्ता द्वारा सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में वित्तीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसमें सभी बैंक ज्यादा से ज्यादा ऋण आवेदन का निष्पादन करें जिससे जिले का लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि अभी तक इस योजना में बैंकों द्वारा 68 लक्ष्य के विरूद्ध 61 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। उन्होंने बताया कि पीएमएफएमई योजना अंतर्गत 174 लक्ष्य के विरूद्ध 114 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि लक्ष्य प्राप्ति हेतु ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। इसलिए सभी बैंक उक्त निर्देश का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएमईजीपी एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के तहत ऋण वितरण की समीक्षा की गई। स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से जोड़ने और वित्तीय सहायता प्रदान करने की स्थिति की समीक्षा की गई। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता, बैंक शाखाओं एवं एटीएम की संख्या बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। निदेशक, आरसेटी के द्वारा यह बताया गया कि हमारे यहां से लाभुक ट्रेनिंग लेने के बाद वित्तीय सहायता के अभाव में रोजगार शुरू नहीं कर पाते हैं। अतः सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि स्वरोजगार हेतु जो भी ऋण का आवेदन आरसेटी से जाता है, उसका त्वरित निष्पादन किया जा सके। उप समाहर्त्ता बैंकिंग ने उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों, उद्यमियों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएँ, ताकि जिले में आर्थिक गतिविधियाँ तेज हों। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित करने एवं सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, आरबीआई के एलडीओ मोहित कुमार, डीडीएम नाबार्ड सुशांत रौशन, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चलंत चापाकल मरम्मत दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बुधवार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रमंडलीय कार्यालय बिहारशरीफ एवं हिलसा द्वारा आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर चलंत चापाकल मरम्मति दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या को देखते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की त्वरित मरम्मती सुनिश्चित करने के लिए चलंत मरम्मति दल का गठन किया गया है। यह दल ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर खराब चापाकलों की शीघ्र मरम्मत करेगा, ताकि आम लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग पूरी तरह सतर्क है और आवश्यकतानुसार मरम्मती कार्य लगातार जारी रहेगा। जिले के कुल इंडिया मार्क और साधारण चापाकल मिलकर कुल 24000 चापाकल है जिसमें से साधारण मरम्मति हेतु लगभग 1600 चापाकल बंद है जिसे चालू करने हेतु उक्त मरम्मती दल का गठन किया गया है । जो सभी प्रखंडों के 152 पंचायतों में भ्रमण कर मरम्मति का कार्य करेंगे, और इसकी सूचना स्थानीय जन प्रतिनिधि को भी देंगे। साथ ही कृत कार्य का सामाजिक प्रमाणीकरण भी किया जाएगा। किसी भी सरकारी चापाकल के बंद होने अथवा पेयजल समस्या की सूचना पीएचइडी कंट्रोल रूम 06112-230071 पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक फोन कर सूचना दिया जा सकता है। साथ ही संबंधित प्रखंड के कनीय अभियंता , सहायक अभियंता को भी शिकायत किया जा सकता है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: आईपीटीई/टीआरएस/डेटा एंट्री/26/03, दिनांक 10.03.2026**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/टीआरएस/इस्पातनगर, झारखण्ड-827010, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: आईपीटीई-टीआरएस-डेटा एंट्री-26-01; कार्य का नाम:** एसएलएएम में डेटा एंट्री तथा विद्युत लोको शेड/इस्पातनगर में उपलब्ध एसी विद्युत रेलइंजनों के रिकार्ड अद्यतन करने का कार्य। **मात्रा:** 3760 कार्य। **शेड का नाम/स्थान:** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा मूल्य:** रु. 46,05,886.45; **बयाना राशि:** रु. 92,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **संविदा अवधि:** 18 (अठारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.04.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा दस्तावेज के विवरण ई-निविदा पोर्टल एवं आईआरईपीएस वेबसाइट के यूआरएल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-1289)**

**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. 41-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 10.03.26; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल में नए ओएफसी रूम के लिए दूरसंचार अवसंरचना की व्यवस्था। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 2,13,66,790.79; **बयाना राशि:** रु. 2,56,800; **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

(ASN-386/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EastenRailway @easternrailwayheadquarter



# निर्धारित दर पर ही उर्वरक की बिक्री सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निर्देश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक जिलाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा जिलेभर में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं किसानों को ससमय उर्वरक उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिलेभर में वर्तमान में उपलब्ध उर्वरकों की स्थिति, मांग एवं आपूर्ति की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी प्रखंडों में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरक की बिक्री सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं के यहां नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तथा उर्वरकों के स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर का संधारण सही तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया जाए। जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि किसानों को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद जबरन नहीं दिया जाय। ऐसा करनेवाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध तुरन्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। मंत्री श्रवण कुमार के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि जिले में रबी/खरीफ मौसम में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराया जाय ताकि किसानों को उर्वरक की कोई कमी नहीं हो। इसपर जिला पदाधिकारी के द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मौसम के पूर्व निदेशालय से उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया जाय ताकि ससमय किसानों को उर्वरक उपलब्ध हो सके। इस बैठक में मंत्री के प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद, उप विकास आयुक्त, नालन्दा, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला कृषि पदाधिकारी, नालन्दा/सभी जिला स्तर/अनुमण्डल स्तर/प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारी/कम्पनी के प्रतिनिधि/सभी थोक उर्वरक विक्रेता, नालन्दा जिला आदि उपस्थित थे।

# गिरियक थाना का चौकीदार बर्खास्त




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। गिरियक थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार से मिलीभगत के आरोप में एक चौकीदार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर गिरियक थाना के चौकीदार सर्किल संख्या 1/6 सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव, पिता स्वर्गीय कमलेश गोप, ग्राम बहवलपुर, थाना गिरियक, जिला नालंदा पर अवैध बालू माफियाओं से साठगांठ रखने और उनके साथ मिलकर अवैध रूप से बालू के उत्खनन एवं बिक्री में संलिप्त रहने का आरोप था। इन आरोपों के आधार पर पहले उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी चौकीदार के खिलाफ गिरियक थाना में कुल पांच आपराधिक कांड तथा सोहसराय थाना में एक कांड दर्ज है, जिनमें वह नामजद अभियुक्त है। मामले की विस्तृत समीक्षा और समुचित जांच के बाद आरोपों को प्रमाणित पाया गया। उपरोक्त तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 (संशोधित 2006 एवं 2007) के नियम 14 (xi) के तहत कार्रवाई की गई।

इस क्रम में समाहर्ता-सह-जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार द्वारा चौकीदार सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव को तत्काल प्रभाव से सरकारी सेवा से बर्खास्त (डिसमिस) कर दिया गया है।

# रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर आरओबी मरम्मत कराने का डीएम ने किया आग्रह

**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर रेलवे मंडल को पत्र के माध्यम से सालेपुर - नूरसराय मुख्य पथ में निर्मित आरओबी पर दोनों तरफ बहुत सारे गढ्ढा होने से क्षतिग्रस्त हो जाने तथा आये दिन आम लोगों के साथ-साथ वाहनों के दुर्घटना घटित होने की सूचना आम लोगों द्वारा दिये जाने तथा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित होन के साथ-साथ अन्य कतिपय बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में क्षतिग्रस्त आरओबी की मरम्मती यथाशीघ्र कराने का अनुरोध किया गया था, परन्तु अभी तक क्षतिग्रस्त आरओबी की स्थिति यथावत् है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि विषयांकित मामले को अपने स्तर से संज्ञान लेते हुये जनहित में क्षतिग्रस्त आरओबी की मरम्मती कराने की कृपा की जाय ताकि जनहित में वाहनों एवं आमजनों के आवागमन सूचारू/निर्वाध रूप से होता रहे।


**NOTICE**

Notice is hereby given to the public that the Property more particularly described in schedule written is being transfer in the name of Mr. Pankaj Kumar S/o Late Shree Nath Singh against BSL Letter Ref. No.-TA/LRA/2026/527 dated 05.03.2026. Any person or persons having any claim in respect thereof by way of Sale, Exchange, Gift Mortgage, Charge, Trust, Inheritance, Possession, Lease, Lien or otherwise are requested to inform the same in writing to the CGM (TA), Bokaro Steel Plant, within 30 days from the hereof failing which the claim or claims of any such person or persons will be considered to have waived and/or abandoned and the transfer shall be completed. Details of property: M/s. Anil Automobiles, represented by Vinay S. Shah, S/o Late Shantilal Nagardas Shah against Plot No. S-5, Sector-4, Bokaro Steel City, Jharkhand-827004, Contact No.: +917004826007.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा वरिष्ठ मंडल अभियंता (को-ऑर्डिनेशन)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के किसी भी स्थान पर/अन्य मंडल में ट्रेलर के प्रयोग द्वारा सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों यानी रेल, स्विच, क्रॉसिंग इत्यादि तथा ट्रक के प्रयोग द्वारा ईआरसी, बोल्टों एवं नटों, बीयरिंग प्लेटों तथा अन्य पी. वे सामग्रियों तथा ट्रैक मशीन के पुर्जों यानी कॉनवेयर बेल्टों, कटर, चेनों, वीयर प्लेटों, फिल्टरों, वॉल्वों, सिलिंडरों, बैटरियों, पम्पों, मोटर इत्यादि के परिवहन के साथ साइट के अभियंता के निर्देश पर 30 मी की लीड के भीतर मल्टीपल ट्रैकों की सभी लीड, लिफ्ट के साथ यांत्रिक लोडिंग, अनलोडिंग तथा ढेरी लगाना, पृथकीकरण इत्यादि कार्य के लिए पूर्व प्रकाशित ऑन लाइन निविदा ई-निविदा सं. 296 _2025-26, बंद होने की तारीख एवं समय: 27.03.2026 को 14.00 बजे एतद्द्वारा निरस्त कर दी गई है।

(HWH-682/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### धनबाद की प्रमुख नदियों का होगा संरक्षण

# मल्टी स्टेकहोल्डर्स वर्किंग ग्रुप की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिले की प्रमुख नदियों एवं जल स्रोतों के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा समग्र जल प्रबंधन के उद्देश्य से अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान के अंतर्गत गठित मल्टी स्टेकहोल्डर्स वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक आज समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन एवं नगर आयुक्त आशीष गंगवार की सह अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दामोदर, कतरी सहित जिले की अन्य प्रमुख नदियों एवं जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति तथा उनके संरक्षण और पुनर्जीवन के संभावित उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान शहरी नदी प्रबंधन योजना के विभिन्न आयामों पर व्यापक चर्चा की गई। यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान चरण में विभिन्न संभावित पहलुओं, उपायों और कार्यों पर प्रारंभिक विचार-मंथन किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में एक व्यवहारिक एवं समन्वित कार्ययोजना तैयार की जा सके। इस क्रम में नदी संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, नदी तट विकास, जल प्रबंधन तथा सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कई संभावित उपायों पर चर्चा हुई।

उपायुक्त ने कहा कि शहरी नदी प्रबंधन योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए कार्यों की संभावित समयसीमा तथा प्राथमिकताओं पर विचार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन कार्यों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया जा सकता है, उनकी पहचान की जाए।

साथ ही कुछ चयनित स्थलों पर पायलट स्तर पर कार्य प्रारंभ करने की संभावनाओं पर विचार किया जा सकता है, जबकि अन्य स्थलों का सर्वेक्षण और अध्ययन समानांतर रूप से जारी रखा जा सकता है।

बैठक में नदियों के आसपास संभावित अतिक्रमण, ओवर बर्डन (ओबी) डंपिंग तथा अन्य पर्यावरणीय दबावों की पहचान करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही नदी तटों पर हरित क्षेत्र विकसित करने, व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने, पार्क एवं संभावित पर्यटन स्थलों के विकास जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में यह भी सुझाव सामने आया कि नदी प्रदूषण को रोकने और नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदायों, सामाजिक संगठनों तथा स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़ा जा सकता है। जल शोधन की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल उपचार संयंत्रों की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

बैठक के दौरान दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधि अरुण कुमार राय ने मटकुरिया तथा मनईटांड नालों में प्रदूषण की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया और बताया कि इन दोनों नालों का प्रदूषित जल अंततः दामोदर नदी में जाकर मिलता है। इस संदर्भ में संबंधित नालों की स्थिति का सर्वेक्षण कर संभावित सुधारात्मक उपायों पर विचार करने की बात कही गई।

चर्चा के दौरान नदियों और जल निकायों की निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न स्थानों पर संभावित चेक-पॉइंट्स स्थापित करने तथा पुलों के पिलरों पर वाटर मार्क लगाए जाने जैसे सुझाव भी सामने आए, जिससे मानसून के दौरान जलस्तर और बहाव के आकलन में सहायता मिल सके और भविष्य की योजनाओं के लिए उपयोगी डेटा उपलब्ध हो सके। जल संरक्षण के संदर्भ में यह भी सुझाव दिया गया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों, सरकारी भवनों, होटलों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों में एरेटर युक्त नलों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

एरेटर नल पानी की धारा को कई छोटी धाराओं में विभाजित कर दबाव बनाए रखते हुए जल प्रवाह की दर को कम कर देता है, जिससे पानी की खपत लगभग 50 से 70 प्रतिशत तक कम की जा सकती है और जल की अनावश्यक बबार्दी को रोका जा सकता है। बैठक के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि जिले में जल की गुणवत्ता में सुधार तथा औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए एक समेकित जल प्रबंधन दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस दिशा में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड जैसे औद्योगिक संस्थानों की सहभागिता पर भी विचार किया गया, जबकि भविष्य में दामोदर वैली कॉरपोरेशन सहित अन्य संस्थानों को भी इस पहल से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

जल गुणवत्ता की वैज्ञानिक निगरानी के लिए आईआईटी (आईएसएम) धनबाद तथा सिम्फर के वैज्ञानिकों की तकनीकी सहायता लेने का भी सुझाव सामने आया, ताकि जल गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग की जा सके। बेहतर योजना निर्माण के लिए पिछले वर्षों के जल संबंधी आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण की आवश्यकता पर भी विचार किया गया।

बैठक में यह सहमति व्यक्त की गई कि विभिन्न विभागों, विशेषज्ञ संस्थानों तथा नागरिक समाज के सहयोग से भविष्य में एक प्रभावी अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाएगा, जिससे जिले की नदियों और जल स्रोतों के संरक्षण, जल गुणवत्ता में सुधार तथा सतत शहरी विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, सुडा के उप निदेशक सुमित कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, आईआईटी (आईएसएम), सूडा, बीआईटी सिंदरी के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पत्नी के साथ मिलकर रोजेदार महिला की काटी नाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के चतरा में इंसानियत को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां पर पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में एक सनकी युवक जाहिद अली उर्फ छोटू ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक निहत्थी महिला जहाना कौसर पर उस वक्त जानलेवा हमला बोल दिया, जब वह घर में अकेली और मुकद्दस रोजे की हालत में थी। हमलावरों ने न केवल महिला को लहूलुहान किया, बल्कि घर में लूटपाट मचाकर दहशत फैला दी।

भुक्तभोगी जहाना कौसर (पति जुल्फिकार अली) ने पुलिस को दी अपनी लिखित शिकायत में रोंगटे खड़े कर देने वाली आपबीती सुनाई है। पीड़िता के अनुसार जब उसके पति दुकान का सामान लेने बाजार गए थे, तभी गांव का ही जाहिद अली उर्फ छोटू पिता जमील अहमद और उसकी पत्नी नफीसा खातून जबरन घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले डंडे से बेरहमी से पिटाई की और फिर हत्या की नीयत से सीधे गर्दन पर चाकू से वार किया। जहाना ने खुद को बचाने के लिए गर्दन हटाई, जिससे चाकू उसकी नाक की हड्डी को काटता हुआ पार हो गया।

### घटना के समय पति घर में नहीं था मौजूद

महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी, लेकिन हमलावरों का दिल नहीं पसीजा। इस हिंसक हमले के बाद आरोपियों ने मरणासन्न स्थिति में पड़ी महिला के गले से सोने की चेन और नाक से सोने का बेशर झपट लिया। इतना ही नहीं, सनकी जाहिद ने घर में बनी दुकान के सामान को भी तहस-नहस कर दिया। जाते-जाते आरोपियों ने उसे दोबारा पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की खुली धमकी दी। पीडिता ने पिपरवार थाना प्रभारी से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। जहाना कौसर ने स्पष्ट कहा है कि यदि स्थानीय पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वह चतरा एसपी से मामले की शिकायत करेगी। पीड़िता ने आशंका जताई है कि आरोपी कभी भी उसकी हत्या कर सकते हैं और यदि उसे कुछ होता है, तो इसकी सीधी जिम्मेदारी थाना प्रशासन की होगी। इस जघन्य अपराध के बाद पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है।

# अल्पसंख्यक समुदाय के लिए क्योस्क आवंटन प्रक्रिया संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थापित क्योस्कों के आवंटन को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम सहित अल्पसंख्यक समुदाय के मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों में निर्मित कुल 7 क्योस्क के लिए प्राप्त 12 आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी आवेदनों के दस्तावेजों की जांच एवं पात्रता का परीक्षण करने के पश्चात पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 7 पात्र लाभुकों का चयन कर उन्हें क्योस्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इनमें खूँटी प्रखंड से 1, तोरपा से 1, अड़की से 2, रानियां से 1, कर्रा से 1 तथा मुरहू से 1 लाभुक को क्योस्क आवंटित किया गया।

इन क्योस्कों का आवंटन विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक उन्नयन को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि लाभुक छोटे-छोटे व्यवसाय कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ बना सकें। चयनित लाभुकों को यह क्योस्क निशुल्क रूप से उपलब्ध कराए गए हैं। प्राथमिकता उन लाभुकों को दी गई जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे बीपीएल कार्डधारी हैं।चयनित लाभुकों को क्योस्क के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे वे स्वावलंबी बन सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकें। उपायुक्त ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है।

# अभिभावकों से उपायुक्त ने की बाल शिक्षा अधिकार का लाभ उठाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के अंतर्गत झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूंटी द्वारा जिले के गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक विद्यालयों को छोड़कर) में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के नामांकन के लिए आम सूचना जारी की गई है। इस संबंध में उपायुक्त आर रॉनिटा ने जिले के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र अभिभावक इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों के नामांकन हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। उन्होंने बताया कि सत्र 2026-27 में विद्यालय की प्रवेश कक्षा में विद्यालय की कुल नामांकन क्षमता के 25 प्रतिशत सीटों पर वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन किया जाएगा। नामांकन के लिए प्राथमिकता उन बच्चों को दी जाएगी जो संबंधित विद्यालय से 1 किलोमीटर की दूरी के भीतर निवास करते हों। यदि इस दूरी सीमा के भीतर पर्याप्त बच्चे उपलब्ध नहीं होते हैं, तो 3 से 6 किलोमीटर की दूरी सीमा में निवास करने वाले बच्चों का भी नामांकन किया जा सकेगा।

नामांकन के लिए आयु सीमा निर्धारित की गई है। नर्सरी/एलकेजी में नामांकन हेतु बच्चे की आयु 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच तथा कक्षा 1 में नामांकन हेतु 6 वर्ष से 7 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आयु की गणना के लिए 31 मार्च 2026 को कट-ऑफ तिथि निर्धारित की गई है। वंचित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले बच्चे, अनाथ बच्चे तथा कमजोर वर्ग के ऐसे बच्चे शामिल हैं जिनके परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 72,000 रुपये से कम है।

25 प्रतिशत कोटे में नामांकन के लिए अभिभावकों को झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूंटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा, आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन के दौरान किसी भी प्रकार के गलत दस्तावेज या प्रमाण पत्र संलग्न करने की जिम्मेदारी संबंधित माता-पिता या अभिभावक की होगी। प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों की समुचित जांच के उपरांत पात्र बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालयों में कराया जाएगा।

जिले के जिन निजी विद्यालयों में इस प्रावधान के तहत नामांकन किया जाएगा, उनमें एस.एस.डी.ए.वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, डी.ए.वी रोड, खूंटी (नर्सरी - कुल सीट 40, 25 प्रतिशत सीट 10), कैथरीन अकादमी पेलोल, खूंटी (नर्सरी- कुल सीट 30, 25 प्रतिशत सीट 7), टी.सी.आई. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, जम्हार, गविन्दपुर रोड, कर्रा (नर्सरी- कुल सीट 40, 25 प्रतिशत सीट 10) तथा चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन, तपकरा रोड, तोरपा (कक्षा 1- कुल सीट 90, 25 प्रतिशत सीट 22) शामिल हैं।

उपायुक्त ने अभिभावकों से पुनः अपील करते हुए कहा कि पात्र बच्चे इस महत्वपूर्ण अवसर से वंचित न रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए ताकि जरूरतमंद बच्चों को इसका लाभ मिल सके। नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभिभावक जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, खूंटी अथवा अपने निकटतम प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# विश्व प्लंबर दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम शुरू







**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** सरकार के निदेर्शानुसार जिला जल एवं स्वच्छता समिति, खूंटी द्वारा जिले में 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज समाहरणालय स्थित सभागार में विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मनीष कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी तथा जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में प्लंबरों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को विश्व प्लंबर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में प्लंबरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार इस वर्ष से पहली बार विश्व प्लंबर दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में प्लंबर एवं जल सहिया की भूमिका अहम है।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्लंबरों को सम्मानित करते हुए उन्हें किट का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहियाओं को भी सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। उपायुक्त ने विलेज वॉटर सैनिटेशन कमिटी में जल सहिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसके बेहतर संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी प्लंबर, पंप होल्डर एवं इलेक्ट्रीशियन को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जल जीवन मिशन, ग्राम स्तरीय जल आपूर्ति प्रणाली का संचालन एवं रख-रखाव, गांव के प्लंबर की भूमिका, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, नल कनेक्शन ठीक करने तथा ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणाली के विभिन्न घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर एवं सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान जल सहियाओं ने अपने कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों के साथ-साथ व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु अपने अनुभव एवं सुझाव भी साझा किए।

इस अवसर पर जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित काफी संख्या में प्लंबर, जल सहिया एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फोर लाइन रेल परियोजना की घोषणा से लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** केंद्रीय कैबिनेट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पाकुड़ और सैंथिया रेलवे स्टेशनों के बीच फोर लाइन रेल परियोजना की घोषणा के बाद पाकुड़ में खुशी का माहौल है। इस घोषणा से जिले में रेल सुविधाओं के विस्तार का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।स्थानीय लोगों और व्यापारिक संगठनों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस पहल के लिए रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

चैंबर के सचिव संजीव कुमार खत्री ने कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह एक सकारात्मक पहल है। इससे न केवल माल ढुलाई में तेजी आएगी, बल्कि रेल यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलेगी। ट्रेनों का परिचालन समय पर हो सकेगा और भविष्य में कई नई ट्रेनों के विस्तार की संभावना भी बढ़ेगी।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, गुमानी स्टेशन से मुरारई स्टेशन के बीच फिलहाल डबल लाइन ही है, जबकि इस रेलखंड पर चार लाइनों का दबाव है। बरहड़वा और मालदा दोनों दिशाओं से दो-दो लाइनों का ट्रैफिक इस मार्ग पर पड़ता है। इसी प्रकार सैंथिया में भी खाना और अंडाल की ओर से दो-दो लाइनों का दबाव रहता है।

हालांकि, सैंथिया और मुरारई स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गुमानी और मुरारई के बीच तीसरी लाइन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है और उसका टेंडर भी हो चुका है। गुमानी और पाकुड़ के बीच फोर लाइन का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। अब पाकुड़ से सैंथिया के बीच चौथी लाइन की स्वीकृति मिलने से पूरा रेलखंड फोर लाइन में तब्दील हो जाएगा।रेल मंत्री इससे पहले बरहड़वा और भागलपुर के बीच थर्ड और फोर्थ लाइन परियोजना की भी घोषणा कर चुके हैं।

# पूजा तिवारी निर्वाचित घोषित हुईं उपाध्यक्ष

### निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद का अप्रत्यक्ष निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम बुधवार को जिला मुख्यालय के डीआरडीए सभागार में संपन्न हो गया। इस दौरान सबसे पहले गोड्डा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील रमानी एवं 21 निर्वाचित वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पद और गोपनीयता की शपथ आरओ सह डीडीसी दीपक कुमार दुबे ने दिलाई। इसमें नगर परिषद क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनहित के कार्यों के प्रति निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनकी प्रतिबद्धता का बोध कराया गया।शपथ ग्रहण के उपरांत नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थियों पूजा तिवारी एवं तराना खातून की ओर से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। तत्पश्चात निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए अप्रत्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निवार्ची पदाधिकारी सह डीडीसी दीपक कुमार दुबे की देखरेख में गोड्डा नगर परिषद के सभी निर्वाचित वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मतदान प्रक्रिया के उपरांत पूजा तिवारी को 13 मत मिले, वहीं तराना खातून को आठ मतों से ही संतोष करना पड़ा। मतदान के दौरान निर्वाचन से संबंधित सभी वैधानिक प्रविधानों एवं राज्य निर्वाचन आयोग से जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया गया। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात मतों की गणना की गई तथा परिणाम की विधिवत घोषणा की गई। परिणाम घोषित होने के उपरांत निर्वाचित उपाध्यक्ष पूजा तिवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं आरओ सह डीडीसी दुबे ने नव निर्वाचित उपाध्यक्ष पूजा तिवारी को उपाध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र सौंपा।

उपस्थित अधिकारियों ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों से जुड़े बुनियादी मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी।साथ ही कहा गया कि नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर के समग्र विकास एवं स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित गोड्डा शहर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उपाध्यक्ष निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान गोड्डा नगर परिषद अध्यक्ष के निवार्ची पदाधिकारी सह नजारत उपसमाहर्ता अविनाश पूर्णेंदु, नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

# अचानक घरेलू गैस बुकिंग से बढ़ी बैकलॉग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद समेत राज्यभर के करीब 67 लाख एलपीजी उपभोक्ता इन दिनों एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर आशंकित हैं। धनबाद में घरेलू सिलेंडर की जोरदार बुकिंग के कारण गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भारी भीड़ देखी गई। घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अचानक से तेज होने से बैकलाग काफी बढ़ गया है। सरायढेला के आईओसीएल के वितरक महावीर गैस एजेंसी के संचालक देव नारायण महतो ने बताया कि सात मार्च के बाद से बुकिंग काफी ज्यादा होने से बैकलाग चार से पांच दिन का हो गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि गैस कंपनियों के बॉटलिंग प्लांट से एजेंसी को मिलने वाली आपूर्ति आधी हो गई है। ऐसे में उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

इसी तरह की परेशानी धैया स्थित भारत पेट्रोलियम के वितरक प्राइम गैस एजेंसी के कर्मियों ने बयां की। यहां बुकिंग के पांच दिन बाद सिलेंडर आपूर्ति की बात कही गई।

### पचास फीसदी कम हो रही आपूर्ति

वहीं, कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति के सवाल पर जवाब मिला कि इसकी आपूर्ति नहीं होने से व्यवसायिक प्रतिष्ठान से जुड़े उपभोक्ता वापस लौट रहे हैं। इस एजेंसी में सामान्य दिनों की तुलना में 50 से 60 फीसदी सिलेंडर की कम आपूर्ति की बात कही गई।

शहर में कामर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से छोटे से लेकर बड़े होटल, रेस्टोरेंट व फुटपाथ पर संचालित दुकानों की परेशानी बढ़ गई है। बरटांड के एक होटल संचालक ने कहा कि अभी पहले के सिलेंडर से काम चल रहा है, लेकिन तीन चार दिन में गैस नहीं मिलने से कोयला का ही विकल्प तलाशना होगा।

वहीं, बैंक मोड़ के समीप स्थित सेवेंटीन डिग्री होटल के संतोष कुमार ने कहा कि अभी पहले के स्टॉक वाले सिलेंडर से काम चल रहा है। लेकिन हाइजीन का ध्यान रखते हुए सिलेंडर नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें इलेक्ट्रिक विकल्प देखना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि अभी इलेक्ट्रिक चूल्हा से खानपान की चीजों को फ्राय तो कर दिया जा रहा है, लेकिन कुकिंग के लिए बड़े व हेवी इंडक्शन के ऑप्शन देखने होंगे।

सरायढेला के पास ठेला लगाने वाले प्रशांत ने बताया कि वे घर के सिलेंडर से दो दिन से काम चला रहे हैं। गैस नहीं मिलने पर वे कोयला का चूल्हा ही इस्तेमाल करेंगे। हीरापुर में भी ठेला लगाने वाले सोनू कुमार और पुलिस लाइन के सामने पूड़ी सब्जी बेचने वाली नीलू कुमारी ने कहा कि सिलेंडर की कमी होने से वे कोयला के चूल्हा का इस्तेमाल कर रही हैं।

आईओसीएल का सर्वर लगातार दूसरे दिन हैंग होता रहा। इस कारण इंडेन के वितरकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। गैस एजेंसी के संचालक देव नारायण ने कहा कि सर्वर हैंग करने से कोई काम नहीं हो पा रहा है। यही हाल बाकी गैस एजेंसियों का भी है। सर्वर हैंग होने से बुकिंग से लेकर, कैशमेमो काटने व बिलिंग के काम में दिक्कत हो रही है।

झारखंड के सभी 24 जिलों में घरेलू व कामर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 67.25 लाख है। इसमें से सबसे अधिक उपभोक्ता आईओसी के हैं। 37.83 लाख इंडेन के उपभोक्ता हैं, जबकि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के 17.76 लाख और भारत पेट्रोलियम के 11.66 लाख उपभोक्ता हैं। वहीं, तीनों पेट्रोलियम कंपनियों के 592 वितरक हैं। इसमें से आईओसीएल के 326, बीपीसीएल के 124 और एचपीसीएल के 142 वितरक उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति करते हैं।

# 14 मार्च से चलेगी आनंद विहार पुरुलिया एक्सप्रेस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए बहुप्रतीक्षित अयोध्या धाम एवं लखनऊ के लिए सीधी नई ट्रेन आनंद विहार पुरुलिया एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14021/14022 का उद्घाटन 14 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम रात 10 बजे शामिल होंगे।

सांसद द्वारा उक्त ट्रेन का स्वागत एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

सांसद ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा की जनता को पुरूलिया से रांची, डालटनगंज, गढ़वा रोड, वाराणसी वाया अयोध्या धाम, लखनऊ होते हुए आनंद विहार (दिल्ली) तक नई ट्रेन के परिचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह नई ट्रेन पलामू एवं गढ़वा जिलों के लाखों नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। विशेष रूप से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में दर्शन के लिए अब सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

साथ ही गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए लखनऊ स्थित प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में जाने वाले मरीजों एवं उनके स्वजन को अब लंबी दूरी की जटिल यात्रा और ट्रेन बदलने की असुविधा से मुक्ति मिलेगी।

# बालू-पत्थर लाने वाले वाहनों पर सख्ती, बिहार सीमा पर ट्रांजिट पास अनिवार्य

## अवैध खनन पर कसेगा शिकंजा, बिहार की सीमाओं पर लगेगा सीसीटीवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने दूसरे राज्यों से बालू, पत्थर, स्टोन चिप्स, मोरम, स्टोन डस्ट सहित सभी खनिजों को लेकर बिहार की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रांजिट पास (टीपी) लेना अनिवार्य कर दिया है। उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में लघु खनिजों के परिवहन को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए यह निर्णय लिया है, ताकि राज्य में खनिज परिवहन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, वैधानिक और राजस्व उन्मुख बन सके। विभाग के अनुसार यह व्यवस्था बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 (यथा संशोधित) के नियम 41 के अंतर्गत लागू की गई है। इसके तहत अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले सभी वाहनों को राज्य की सीमा में प्रवेश करते समय ट्रांजिट पास प्राप्त करना होगा। विभाग द्वारा निर्धारित विनियामक शुल्क के अनुसार जिन राज्यों से प्राप्त खनिज के परिवहन चालान में खनिज का वजन अंकित होगा, उनके लिए 60 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से ट्रांजिट पास लेना होगा। वहीं जिन चालानों में खनिज का आयतन अंकित होगा, उनके लिए 85 रुपये प्रति घनमीटर की दर से ट्रांजिट पास अनिवार्य होगा। राज्य में अवसंरचना विकास की तेज गति के कारण पड़ोसी और अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में बालू, पत्थर सहित विभिन्न लघु खनिजों का आयात किया जा रहा है। अब तक इन खनिजों की मात्रा, प्रकार और परिवहन के अनुश्रवण के लिए कोई समग्र प्रणाली लागू नहीं थी। नई व्यवस्था के तहत सिस्टम इंटीग्रेटर के माध्यम से राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले खनिज लदे वाहनों का डिजिटल अनुश्रवण किया जाएगा। इस निर्णय से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। साथ ही अन्य राज्यों से होने वाले अवैध खनन और अवैध परिवहन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। एक ही चालान के आधार पर कई बार खनिज ढुलाई करने जैसी अनियमितताओं पर भी अंकुश लगेगा।

# लक्मे एकेडमी ने किया नई शाखा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ब्यूटी और वेलनेस क्षेत्र में प्रोफेशनल ट्रेनिंग देने वाली लक्मे एकेडमी की नई शाखा का शुभारंभ कंकड़बाग स्थित पंच शिव मंदिर के निकट किया गया। एकेडमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्मे एकेडमी की प्रबंध निदेशक संगीता कुमारी, विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार सिंह एवं त्रेहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर कंकड़बाग सेंटर हेड रूपा, मेकअप फैकल्टी ऋचा, आयशा, मधु सहित ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े कई गणमान्य लोग और प्रशिक्षु मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्मे एकेडमी की प्रबंध निदेशक संगीता कुमारी ने कहा कि आज के समय में फैशन, इवेंट, फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट के लिए अपार संभावनाएं हैं।

# बिहार म्यूजियम में थिंकिंग नालंदा विषय पर एक दिवसीय परिसंवाद का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार म्यूजियम में थिंकिंग नालंदा विषय पर एक दिवसीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय के मेट्रो म्यूजियम आउटरीच प्रोग्राम के तहत बिहार म्यूजियम, पटना के सहयोग से आयोजित किया गया। यह परिसंवाद नेटवर्क्स ऑफ द पास्ट - ए स्टडी गैलरी ऑफ इंडिया एंड द एंशिएंट वर्ल्ड इस स्टडी गॅलेरी के अंतर्गत आयोजित की गई जिसका उद्देश्य प्राचीन सभ्यताओं के बीच रहे ज्ञान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नए दृष्टिकोण से समझना है। इस एकदिवसीय परिसंवाद का क्यूरेशन प्रसिद्ध क्यूरेटर अल्का पांडे ने किया। इस अवसर पर नालंदा महाविहार को केवल एक ऐतिहासिक शिक्षा केंद्र के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे बौद्धिक मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत किया गया जो आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर सीएसएमवीएस के महानिदेशक सब्यसाची मुखर्जी ने कहा कि बिहार म्यूजियम में इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर संग्रहालयों और विद्वानों के मजबूत नेटवर्क को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सीएसएमवीएस में शिक्षा और जनभागीदारी हमेशा से प्रमुख प्राथमिकता रही है। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह के स्वागत संबोधन से हुई जिसके बाद सीएसएमवीएस के महानिदेशक सब्यसाची मुखर्जी ने नेटवर्क्स ऑफ द पास्ट पहल के बारे में जानकारी दी।

# राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

## आम उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के पास भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। ऐसे में आम उपभोक्ताओं को घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्तमान में यह व्यवस्था लागू की गई है कि किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नये गैस सिलेंडर की बुकिंग (नंबर लगाने की) करने की अनुमति है। बुकिंग दर्ज होने के पश्चात 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। विभाग द्वारा आम जनता के हित में घरेलू गैस वितरण प्रणाली को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा अनावश्यक रूप से गैस वितरकों के यहां भीड़ न लगाएं साथ ही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

# आरटीई के तहत निजी स्कूलों में एडमिशन का फिर मौका, तारीख बढ़ी

## नामांकन में शिथिलता बरतने वाले विद्यालयों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में नामांकन दाखिल कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) के पास पत्र भेजकर चयनित बच्चों का 20 मार्च तक नामांकन कराने का आदेश दिया है। नामांकन में उदासीनता बरतने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 फीसदी अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के ऑनलाइन नामांकन हेतु 23 फरवरी को सभी जिलों में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया था। उसमें चयनित बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए 10 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई थी। ऑनलाइन नामांकन हेतु चयनित 69,193 छात्रों में से मात्र 40,626 छात्रों का नामांकन हो सका है। इसको देखते हुए 20 मार्च तक नामांकन की तिथि विस्तारित की गई है। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला कार्यक्रम अधिकारियों के पास पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि ऑनलाइन चयनित सभी छात्रों का विस्तारित तिथि तक संबंधित विद्यालयों में नामांकन करना सुनिश्चित करें।

# भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत वस्तुओं का दिया दान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक (रिटेल व्यवसाय एवं परिचालन), रामा मोहन राव अमरा के द्वारा इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना को 20 विद्युत संचालित आई सी यु बेड्स एवं 100 व्हील चेयर का दान किया गया। इस योगदान का लाभ अस्पताल में चिकित्सा उद्देश्यों से आये हुए बीमार व्यक्तियों को मिलेगा एवं इसके फलस्वरूप अस्पताल की आपातकाल चिकित्सीय सेवा की योग्यता में बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग हॉस्पिटल जो बिहार राज्य में शारीरिक अक्षमता को कम करने में गरीबों एवं असहायों की लगातार मदद कर रहा है को 50 कृत्रिम अंग (25 कृत्रिम हाथ एवं 25 कृत्रिम पैर), 20 किलोवाट का 1 सोलर पैनल एवं 82.5 किलोवाट का 1 जेनेरेटर भी दान में दिया गया। इस अवसर पर अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार), आर नटराजन, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार), विवेक चन्द्र जायसवाल, महाप्रबंधक (झारखंड), देवेश मित्तल, मण्डल विकास अधिकारी, पटना मण्डल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। भारतीय स्टेट बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अनवरत रूप से कर रहा है।

# चार माह से लंबित भुगतान पर भड़के केवाइपी संचालक

## भुगतान और 20 सूत्री मांगों पर कार्रवाई की जानकारी लेने पहुंचेगा प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत केंद्र संचालकों में पिछले चार महीनों से लंबित भुगतान को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। केंद्र संचालकों का कहना है कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों का वेतन, भवन किराया, बिजली बिल एवं अन्य संचालन खर्च का प्रबंधन करना अत्यंत कठिन हो गया है। इसी संदर्भ में 12 मार्च 2026 को केवाईपी केंद्र संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल विभागीय अधिकारियों एवं विभागीय सचिव से उच्च स्तरीय वार्ता करेगा। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य चार माह से लंबित भुगतान के संबंध में समाधान निकालना तथा पूर्व में विभाग को सौंपे गए 20 सूत्री मांग पत्र पर हुई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त करना है। केंद्र संचालकों ने यह भी बताया कि विभाग की ओर से सचिव के हस्ताक्षर से जारी एक आधिकारिक पत्र में यह उल्लेख किया गया था कि 28 फरवरी 2026 तक लंबित भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। संचालकों का कहना है कि विभाग के अपने ही आदेश के अनुपालन नहीं होने से केंद्र संचालकों में गहरी निराशा और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि विभिन्न समाचार पत्रों में 11 मार्च 2026 को यह खबर प्रकाशित हुई थी कि यदि 48 घंटे के भीतर भुगतान और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो राज्यभर में 'केवाईपी बचाओ आंदोलन' शुरू किया जाएगा। इस वार्ता में केवाईपी वेल्फेयर सोसायटी, वैशाली के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों से भी केवाईपी केंद्र संचालक उपस्थित रहेंगे। केंद्र संचालकों ने स्पष्ट कहा है कि उनका उद्देश्य योजना को बाधित करना नहीं है, बल्कि केवाईपी योजना को बचाना और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखना है। हालांकि यदि विभाग द्वारा इस मुद्दे पर कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल की सूची विभाग को पूर्व में ही उपलब्ध करा दी जाएगी।

# 15 मार्च से पटना और थावे के मध्य एक नई फास्ट पैसेंजर का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और थावे के मध्य 15.03.2026 से एक नई ट्रेन 55515/55516 पटना-थावे-पटना फास्ट पैसेंजर का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस नई ट्रेन का परिचालन पाटलिपुत्र-दीघवारा के रास्ते किया जाएगा। इस नई ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 22 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे। 15.03.2026 से प्रतिदिन गाड़ी सं. 55515 पटना-थावे फास्ट पैसेंजर पटना जं. से 12.10 बजे खुलकर 12.13 बजे फुलवारीशरीफ, 12.40 बजे पाटलिपुत्र, 12.52 बजे दीघाब्रिज हाल्ट, 13.50 बजे दीघवारा, 14.55 बजे गोल्डिनगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 19.00 बजे थावे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 55516 थावे-पटना फास्ट पैसेंजर थावे से प्रतिदिन 20.05 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 3.20 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

# पटना मैराथन में 10 हजार धावक दौड़ेंगे

## ▸ बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु होंगी मुख्य अतिथि ▸ विजेता को मिलेंगे 30 लाख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सहयोग से पटना में 15 मार्च को मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में बुधवार को पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि 'नशा मुक्त बिहार' के संदेश के साथ आयोजित होने वाला पटना मैराथन राज्य में जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस वर्ष मैराथन का आयोजन कुछ विलंब से हो रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्तरों पर इसकी तैयारी पूरी तरह से सुव्यवस्थित और बेहतर तरीके से की जाए, ताकि यह आयोजन सफल और प्रभावी हो सके। इस अवसर पर मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के आयुक्त अंशुल अग्रवाल ने कहा कि पटना मैराथन अब बिहार की एक पहचान बन चुकी है। इस वर्ष मैराथन में देशभर से लगभग 10 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है। मैराथन में चार श्रेणियों में दौड़ का आयोजन किया जाएगा- फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी), 10 किलोमीटर रन और 5 किलोमीटर रन। इसकी शुरुआत गांधी मैदान से होगी जो गंगा पथ और अटल पथ से होकर गुजरेगी, समापन गांधी मैदान में होगा। इस दौरान प्रतिभागियों को पटना के सुंदर रिवरफ्रंट और आधुनिक सड़कों का अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए इस वर्ष पटना मैराथन में मुख्य अतिथि के तौर पर ओलंपिक पदक विजेता और विश्व प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु को आमंत्रित किया गया है। मैराथन के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए प्रत्येक किलोमीटर पर कुल 20 एड स्टेशन लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मार्ग व आयोजन स्थल पर मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से आयोजन में 30 डॉक्टर, पारामेडिकल स्टाफ और 20 फिजियोथेरेपिस्ट तैनात रहेंगे। यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस और संबंधित विभागों की टीम कार्यरत रहेगी, जबकि नगर निगम की तरफ से साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।


# मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन -12 का क्राउन और पोस्टर लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित होटल डेस्टिनी में मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-12 का क्राउन एवं पोस्टर लॉन्च किया गया। क्राउन व पोस्टर की लॉन्चिंग देश के जाने-माने फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. मधुबाला, डॉ. शिखा आनंद, मिसेज ग्लोबल बिहार की पूर्व विजेता अनमोला, अराधना, शिल्पी, मानवी, अलका की मौजूदगी रही। शो के बारे में फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने बताया कि यह मिसेज ग्लोबल बिहार का बारहवां सीजन है। इस सीजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाली 250 से अधिक महिलाओं ने मिसेज केटेगरी के लिए अपना ऑनलाइन ऑडिशन दिया था जिसमें से हमारे द्वारा टॉप 10 प्रतिभागियों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस शो के लिए चयनित बिहारी महिलाएं देश के विभिन्न प्रांतों से हिस्सा ले रही हैं जिनमें बिहार, यूपी, झारखंड, कर्नाटक, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि है। ये सभी महिलाएं अलग - अलग पेशे से आती है जिनमें हाउस वाइफ, बैंकर, डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदि शामिल हैं। नीतीश चंद्रा ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा 2013 से ही बिहार के सकारात्मक ब्रांडिंग के लिए इस शो का आयोजन हर वर्ष किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिहार के लोगों का प्यार और विश्वास इस शो के प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है, हमें उम्मीद है हम आगे भी इस शो को इसी ऊर्जा के साथ करते रहेंगे। इस शो का मकसद महिलाओं के प्रतिभा को निखार कर उन्हें उनके मुकाम तक पहुंचाना है ताकि वो समाज में अपनी एक अलग पहचान बना सके। नीतीश चंद्रा ने बताया कि इस शो का ग्रैंड फिनाले पटना में 15 मार्च, 2026 को होगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से कई दिग्गजों की उपस्थिति रहेगी।

# केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने किया फ्रंटलाइन कार्यबल को सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है जिनका योगदान देश भर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे। पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैन और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# घर बैठे नहीं, सीधे जॉब का मौका, पटना में महिलाओं के लिए दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर

## मौके पर ही होगा चयन व मिलेगा नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नौकरी तलाश रहीं महिलाओं के लिए बिहार सरकार बड़ा अवसर मुहैया कराने जा रही है। कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के तहत पटना के ज्ञान भवन परिसर में 16 और 17 मार्च को महिला मेगा जॉब फेयर 2026 का आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय जॉब फेयर में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिस्सा लेगी। इनमें करीब 2000 से अधिक महिलाओं को नौकरी मिलने की संभावना है। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम की तरफ से किया जा रहा है। इसमें निगम के अंतर्गत संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण और बिहार कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित महिलाओं को भी राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस रोजगार मेले की सबसे बड़ी खासियत हिस्सा लेने वाली महिलाओं को सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने और मौके पर ही इनका चयन कर लिया जाएगा। इस दौरान कंपनियां उम्मीदवारों के कौशल, अनुभव और योग्यता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी देंगी। जॉब फेयर में आईटी, रिटेल, हेल्थकेयर, बैंकिंग, कस्टमर सर्विस, विनिर्माण और सर्विस सेक्टर समेत कई क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जॉब फेयर में भाग लेने के लिए सीटें सीमित हैं। इच्छुक महिला उम्मीदवार जल्द से जल्द महिला एवं बाल विकास निगम की आधिरिक वेबसाइट पर निशुल्क पंजीकरण कर सकतीं हैं। यह जॉब मेला सभी वर्गों की महिलाओं के लिए खुला है। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं से शुरू होकर 12वीं, स्नातक, तकनीकी डिग्री या आईटीआई तक रखी गई है। इसके लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इंटरव्यू के दौरान जरूरी दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड, बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की कॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में राकेश रंजन तिवारी, उप-निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# आइजीआइएमएस ने रचा इतिहास, रोबोटिक सर्जरी से निकली पित्ताशय की पथरी

## शिवहर की युवती को रोबोटिक सर्जरी के जरिये निकाली गयी पित्ताशय की पत्थरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार सरकार को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है जिसमें राजधानी के प्रतिष्ठित अस्पताल आईजीआईएमएस अस्पताल में अब रॉबोटिक्स सर्जरी के जरिये मरीजों का उचित उपचार किया जायेगा। इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा का कि बिहार में पहली सफल रोबोटिक सर्जरी बुधवार को आईजीआईएमएस के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग द्वारा पित्ताशय की पत्थरी के लिए की गई जिसमें सर्जन-डॉ. मनीष मंडल, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. नेत्रनंद, एनेस्थेटिस्ट डॉ. विनोद के वर्मा, डॉ. बिब्हा, डॉ. सोनम पटेल व टीम शामिल रही। उन्होंने यह भी बताया कि रॉबोटिक्स सर्जरी के उद्घाटन से पहले इस सप्ताह ट्रायल की प्रक्रिया चल रही है। यह ट्रायल हर दिन अलग-अलग विभाग जैसे- जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी, पेडियाट्रिक्स सर्जरी व अन्य विभागों में किया जायेगा।

**रविवार को रॉबोटिक्स सर्जरी का स्वास्थ्य मंत्री करेंगे उद्घाटन**

अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा कि अस्पताल के मरीजों को एआई के जरिये बेहतर उपचार के लिए 15 मार्च यानि रविवार को स्वास्थ्य मंत्री के हाथों रॉबोटिक्स सर्जरी उपकरण का उद्घाटन भी किया जायेगा जिसके बाद नियमित तौर पर मरीजों को इस सर्जरी का लाभ निरंतर मिलता रहेगा। इसके साथ ही आईजीआईएमएस अस्पताल के निदेशक डॉ. बिंदे कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंगल पांडे और गैस्ट्रो सर्जरी की सर्जिकल टीम, एनेस्थेसिया टीम के साथ-साथ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग और ओटी स्टाफ को धन्यवाद दिया जिन्होंने बिहार में रोबोटिक सर्जरी का इतिहास बनाने में मदद की।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना भगवान शीतलनाथ का गर्भ कल्याणक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। विधि-विधान से भगवान शीतलनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, अर्घ्य समर्पण, आरती एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा।

## संपादकीय

# नेपाल की राजनीति में नया अध्याय

देश में पिछले दिनों हुए चुनावों में नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग ने इस पार्टी पर जिस तरह भरोसा किया है, उसके मद्देनजर नेपाल में भावी सरकार के सामने जन आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी।नेपाल में हुए चुनाव के नतीजे आने के बाद देश की राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। नई पीढ़ी के अगुआ बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने कई दिग्गजों और पुरानी पार्टियों को भारी शिकस्त दी है। अगर सब कुछ उम्मीद के अनुरूप हुआ और बालेंद्र शाह को ही नेता चुना गया, तो नेपाल के संसदीय इतिहास में वे सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री होंगे। अब तक वहां जितने भी प्रधानमंत्री बने हैं, वे कभी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके।माना जा रहा है कि दो-तिहाई सीटों पर जीत के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल कर चुकी आरएसपी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। देश में पिछले दिनों हुए चुनावों में नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग ने इस पार्टी पर जिस तरह भरोसा किया है, उसके मद्देनजर नेपाल में भावी सरकार के सामने जन आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी।वहीं नई सरकार को घरेलू समस्याओं से निपटने के साथ देश के आर्थिक विकास में आए ठहराव को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उसे पड़ोसी देशों खासकर इंडिया से संबंध बेहतर बनाने के भी प्रयास करने होंगे। पुरानी सरकार के कामकाज के जिस तरीके के खिलाफ वहां युवा वर्ग के भीतर व्यापक आक्रोश पैदा हुआ, उसे बदलना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगा।नेपाल के लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेंद्र शाह के भीतर देश की राजनीति और नीतियों को बदल सकने की क्षमता है। दरअसल, शाह को महापौर के अपने कार्यकाल में जमीनी स्तर पर सुधार के कई कार्यों के लिए जाना जाता है। चुनावी नतीजों के बाद अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने के साथ व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव करेंगे।नई सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती रोजगार सृजन की भी होगी। नेपाल में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है और बड़ी संख्या में वहां के युवा वर्षों से काम के लिए पलायन करते रहे हैं। बहरहाल, नेपाल में छह महीने पहले व्यवस्था में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर नई पीढ़ी के व्यापक आंदोलन से उभरे बालेंद्र शाह और उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सबकी उम्मीदों पर कितना खरा उतरेंगे, देश को किस तरह की वैकल्पिक राजनीति देंगे, यह देखने की बात होगी।

**भारत सरकार ने भी हालातों को देखते हुए मंगलवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्राकृतिक गैस की सप्लाई को नियंत्रित करने का निर्देश दे दिया है।। इस अधिनियम के तहत सबसे पहले घरों में पाइप से मिलने वाली पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी को प्राथमिकता दी जाएगी। सोमवार को ही कमर्शियल सिलेंडरों की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्टोरेंट उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है।**

# ऊर्जा जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर कितना निर्भर है भारत?

(यशवीर सिंह)

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिका और इजरायली हमले जारी रहे तो वे पश्चिम एशिया से तेल की सप्लाई नहीं होने देंगे। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया के ज्यादातर देशों में इसका असर देखने को मिलेगा। भारत अपनी जरूरत ऊर्जा जरूरतों के लिए का करीब 85 से 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से 45 से 50 प्रतिशत तेल पश्चिम एशिया से आता है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से दुनिया के ज्यादातर देश प्रभावित हैं। भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने तो युद्ध के प्रभावों को कम करने के लिए कई उपायों का ऐलान किया है। भारत सरकार ने भी हालातों को देखते हुए मंगलवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्राकृतिक गैस की सप्लाई को नियंत्रित करने का निर्देश दे दिया है।। इस अधिनियम के तहत सबसे पहले घरों में पाइप से मिलने वाली पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी को प्राथमिकता दी जाएगी। सोमवार को ही कमर्शियल सिलेंडरों की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्टोरेंट उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है।

इसके अलावा सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतराल भी 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है ताकि जमाखोरी और काला बाजारी रोकी जा सके। इससे पहले शनिवार को देश में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दाम में भी इजाफा किया गया था।

### अभी भारत में कैसे हैं हालात?

गैस आपूर्ति बाधित होने का असर मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में दिखने लगा है। इन दोनों शहरों में होटल और रेस्टोरेंट को रसोई गैस उपलब्ध कराने में मुश्किल हो रही है। इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शेट्टी ने मंगलवार को कहा कि गैस की किल्लत तेजी से बढ़ रही है और अगर जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो यह सेक्टर प्रभावित हो सकता है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार के बाद से सिलेंडर की सप्लाई पर बहुत बुरा असर पड़ा है। पिछले दो दिनों से यह दिक्कत बढ़ रही है। हमारे रेस्टोरेंट का 20 प्रतिशत हिस्सा पहले ही बंद हो चुका है। विजय शेट्टी ने बताया कि उन्हें पूरे मुंबई से इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के मेंबर्स से मैसेज भी आ रहे हैं कि एलपीजी सिलेंडर को लेकर ब्लैक मार्केटिंग हो रही है।



मैक्सिकन फूड चेन कैलिफोर्निया बुरिटो के फाउंडर बर्ट म्यूलर ने कहा, हमारे पास दो दिनों के लिए एलपीजी स्टॉक है। हम इमरजेंसी पर काम कर रहे हैं। बुरिटो के दक्षिण भारत में बेंगलुरु और चेन्नई से लेकर उत्तर में दिल्ली और नोएडा तक 100 से ज्यादा स्टोर हैं। हालांकि मंत्रालय का कहना है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हाल के दिनों में पेट्रोलियम रिफाइनरियों को पेट्रोकेमिकल उत्पादन घटाकर एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### क्या भारत में बिगड़ेंगे हालात?

भारत में सालाना करीब 3.13 करोड़ टन एलपीजी की खपत होती है। इसमें लगभग 87 प्रतिशत हिस्सा घरेलू रसोई गैस का है जबकि बाकी का उपयोग होटल, रेस्टोरेंट और अन्य कमर्शियल प्रतिष्ठानों में होता है। देश की कुल एलपीजी जरूरत का करीब 62 प्रतिशत आयात से पूरा होता है।

इस समय होर्मुज स्ट्रेट से तेल एवं गैस आयात प्रभावित हुआ है। इसी मार्ग से भारत को सऊदी अरब जैसे देशों से एलपीजी आयात का 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। भारत के सबसे बड़े एलएनजी सप्लायर कतर ने पिछले हफ्ते प्रोडक्शन रोक दिया था।

भारत अपनी 195 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन गैस की खपत का आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने और कतर द्वारा फोर्स मेज्योर लागू किए जाने से पहले भारत को पश्चिम एशिया से लगभग 60 एमएमएससीएमडी गैस मिल रही थी। इसके अलावा भारत अपनी जरूरत ऊर्जा जरूरतों के लिए का करीब 85 से 90प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से 45 से 50 प्रतिशत तेल पश्चिम एशिया से आता है। होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने की वजह से पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई प्रभावित है। तेल की कीमतों में अगर और भी ज्यादा इजाफा होता है तो इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा।

अगर आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों बढ़ती हैं तो परिवहन लागत और महंगाई दोनों ही बढ़ जाएंगी। इससे सरकार के बजट, चालू खाते के घाटे और आर्थिक विकास दर पर भी दबाव पड़ सकता है। हालांकि भारत ने कुछ समय तक आपात स्थिति में आपूर्ति जारी रखने के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार किए हुए हैं।

इस बीच मंगलवार को अरामको चीफ ने कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट बंद रहा तो दुनिया भर के तेल बाजारों के लिए नतीजे 'बहुत बुरे' हो सकते हैं। अरामको चीफ अमीन नासिर ने कहा कि उन्होंने पहले भी रुकावटों का सामना किया है, लेकिन यह अब तक इस इलाके की तेल और गैस इंडस्ट्री के सामने सबसे बड़ा संकट है।

भारत की जीडीपी पर पड़ेगा असर?

एमके वेल्थ मैनेजमेंट की एक नई फाइनेंशियल रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि पश्चिम एशिया में बढ़ता झगड़ा, बढ़ती एनर्जी कॉस्ट और मार्केट में उतार-चढ़ाव के कारण भारत पर काफी आर्थिक दबाव डाल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस लड़ाई में कई देशों का पूरा जाल शामिल है और इसका असर कई लोगों की उम्मीद से ज्यादा गंभीर हो सकता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चिंता ईंधन की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद से ब्रेंट यूएस 65-यूएस 70 प्रति बैरल से बढ़कर यूएस. 110 प्रति बैरल हो गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम की वजह से नैचुरल गैस की कीमत 50 प्रतिशत बढ़ गई है। अगर युद्ध एक महीने या उससे ज्यादा समय तक जारी रहता है, तो 2026 में एलएनजी आउटपुट का नुकसान एक पखवाड़े में 3.30 मिलियन टन से लेकर लगभग 11.20 मिलियन टन तक हो सकता है। इन रुकावटों का भारत की नेशनल ग्रोथ पर सीधा असर पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी से जीडीपी ग्रोथ में लगभग 0.25 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

# अहं का जाल- कैसे 'ईगो' चुपचाप रिश्तों और व्यक्तित्व को तोड़ देता है

(अशोक कुमार)

मानवीय वृत्तियों के अनेक स्वरूप हैं, जिसके नेपथ्य में अच्छाई और बुराई के बीच हमारे दैनिक आचरण संचालित होते हैं। मानव जीवन में सबसे बड़ी जंग बाहरी दुनिया की कठिनाइयों से नहीं, बल्कि हमारे अंतर्मन में उठने वाले तूफानों से होती हैं। ऐसा देखा जाता है कि सामाजिक प्रक्षेत्र की विभिन्न प्रकार की घटनाओं से उत्पन्न परिस्थितियां प्राय~ हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं, लेकिन हमारे चेतन मन में छिपी सकारात्मक ऊर्जा इतनी शक्तिशाली है कि वह प्रतिकूल चिंतन धाराओं को अनुकूलता में बदल सकती है।दैनिक जीवन की गतिविधियां हमें बार-बार ऐसी स्थितियों में डालती हैं, जहां हमारी शक्ति, हमारे साधन, यहां तक कि हमारा धैर्य भी जवाब देने लगता है, पर मानव होने का अर्थ ही यह है कि हम उन परिस्थितियों से ऊपर उठने की क्षमता भी रखते हैं, जो जिंदगी में सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण होती है। बाहरी स्थितियां कभी-कभी हमारी सीमाएं बेशक तय कर सकती हैं, लेकिन यह निर्णय हमेशा हमारा होता है कि हम उन परिस्थितियों के प्रति कैसा चिंतन दृष्टिकोण रखते हैं और उसे किस रूप में परखते हैं।हमारा विवेक यह स्वीकार करता है कि हम दर्द से नहीं टूटते, बल्कि हम बिना उद्देश्य और लक्ष्य के दर्द से टूट जाते हैं। जब हमें ज्ञात होता है कि हमें क्यों जीना है, कैसे जीना है, तो इसका मार्ग हमारा विवेक तय करता है। भौतिक संसार की प्रतिकूल धाराओं पर विजय का ध्वज फहराने वाले हम प्राणी कभी-कभी खुद के भीतर के संघर्षों से थक-हार भी जाते हैं। मन में संचालित द्वंद्व और संशय, कभी अपने किसी काम, निर्णय, अतीत या अनुभव को लेकर अपने को कोसने लगते हैं। किसी पीड़ा का दंश जब मन के किसी कोने में पड़ाव बना लेता है, तो हमारा चेतन मन विवेक के अस्तित्व की गहराई को झकझोरने लगता है।

व्यक्तित्व की परिधि में स्वाभिमान की शक्ति जहां स्वयं जीवन पथ में सुगमता और सरलता के पुष्प बिछाती हैं, वहीं 'अहं' यानी 'इगो' के तरंग मस्तिष्क मंडल में आत्मकेंद्रित सह आत्ममुग्धता के भाव का बीजारोपण करते हैं। यह आचरण व्यक्ति के मस्तिष्क में एक दिन में स्थान नहीं ग्रहण करता, बल्कि क्रमश~ इसकी वृद्धि हमारे आसपास सामाजिक तथा पारिवारिक परिवेश की घटनाओं के कारण होती है।

कुछ लोग मानते हैं कि अहं व्यक्ति के स्वभाव का वह अक्षय अंश है, जिससे मुक्ति कठिन है, लेकिन किसी आकस्मिक घटना, प्रेरणा या अध्ययन के कारण इस भाव का तिरोधान संभव भी हो जाता है। इसका एक पक्ष हमारे आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्म-प्रगति को दर्शाता है, जो हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी करता है।

दूसरी ओर, यह हमें अहंकार और स्वार्थ के सांचे में ढालते हुए आत्मश्लाघा के आंगन की यात्रा भी करा देता है। यह हमें अपने दायित्व के बारे में सकारात्मकता की उपस्थिति कराते हुए अपने लक्ष्यों, अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी करता है।

# ईरान के साथ कौन-से देश हैं? यूएस-इजरायल के साथ कौन-से देश खड़े हैं?

**ईरान युद्ध के मुद्दे पर पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो का रुख भी दिलचस्प है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को कमजोर करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण है। हालांकि नाटो प्रमुख ने यह भी साफ किया कि नाटो स्वयं इस युद्ध में शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि नाटो एक संगठन के रूप में इस संघर्ष में नहीं उतरेगा, लेकिन उसके कुछ सदस्य देश अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अपने स्तर पर समर्थन दे सकते हैं। यह बयान इस बात का संकेत देता है कि पश्चिमी गठबंधन के भीतर भी युद्ध को लेकर पूरी तरह एकमत स्थिति नहीं है।**

(नीरज कुमार दुबे)

सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है।

मध्य-पूर्व में भड़का ईरान का युद्ध अब केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की राजनीति को झकझोर देने वाला संकट बन चुका है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद वैश्विक राजनीति स्पष्ट रूप से तीन खेमों में बंटती दिखाई दे रही है। एक ओर वे देश हैं जो ईरान के साथ खड़े हैं, दूसरी ओर वे देश हैं जो अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई को समर्थन दे रहे हैं, जबकि तीसरा समूह उन देशों का है जो खुलकर किसी पक्ष में नहीं आ रहे और खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है। रूस पहले से ही पश्चिमी देशों के साथ टकराव की स्थिति में है, इसलिए उसने ईरान के खिलाफ हमले की तीखी आलोचना की है और कूटनीतिक समर्थन दिया है। चीन ने भी संयम बरतने की अपील करते हुए यह स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं बल्कि बातचीत से होना चाहिए।

इन महाशक्तियों के अलावा उत्तर कोरिया और वेनेजुएला जैसे देश भी ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई देते हैं। इसके साथ ही मध्य-पूर्व में कई ऐसे संगठन हैं जो ईरान के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं, जैसे लेबनान का हिज़्बुल्लाह और यमन के हूती विद्रोही। ये समूह लंबे समय से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव का विरोध करते रहे हैं और इस संघर्ष में भी ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे समूह को अक्सर प्रतिरोध धुरी कहा जाता है, जो पश्चिमी प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश करता है।



अब दूसरे खेमे की बात करें, जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़ा है। इस युद्ध के सबसे बड़े पक्षकार स्वयं अमेरिका और इजराइल हैं। इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है, जबकि अमेरिका ने अपने सहयोगी की सुरक्षा का हवाला देकर सैन्य अभियान में भाग लिया है। इनके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी क्षेत्र के कुछ देश भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रणनीति के करीब दिखाई देते हैं। बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और ये देश लंबे समय से ईरान को क्षेत्रीय खतरे के रूप में देखते रहे हैं।

ईरान युद्ध के मुद्दे पर पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो का रुख भी दिलचस्प है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को कमजोर करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण है। हालांकि नाटो प्रमुख ने यह भी साफ किया कि नाटो स्वयं इस युद्ध में शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि नाटो एक संगठन के रूप में इस संघर्ष में नहीं उतरेगा, लेकिन उसके कुछ सदस्य देश अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अपने स्तर पर समर्थन दे सकते हैं। यह बयान इस बात का संकेत देता है कि पश्चिमी गठबंधन के भीतर भी युद्ध को लेकर पूरी तरह एकमत स्थिति नहीं है।

तीसरा समूह उन देशों का है जो खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इस समूह में भारत, कई यूरोपीय देश, ब्रिटेन, कतर, ओमान और कॉकस क्षेत्र के कुछ देश शामिल हैं। इन देशों ने सीधे किसी पक्ष का समर्थन करने की बजाय युद्ध को रोकने और कूटनीतिक समाधान की अपील की है। भारत जैसे देश ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों को ध्यान में रखते हुए सावधानी से कदम उठा रहे हैं। वहीं कतर और ओमान जैसे देश मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे पहले भी अमेरिका और ईरान के बीच संवाद कराने में सक्रिय रहे हैं।

इस पूरे संकट के बीच अमेरिका की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका जिस तरह से सैन्य कार्रवाई कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों और संस्थाओं की अनदेखी को दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर हिंद महासागर में ईरानी पोत को मार गिराने की घटना ने यह संकेत दिया कि यह संघर्ष केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक समुद्री मार्गों तक फैल सकता है। इसके अलावा जब स्पेन ने अपने एयरबेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इंकार किया तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उसकी आलोचना कर दी। दूसरी ओर ब्रिटेन ने अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति तो दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जिससे ट्रंप स्पष्ट रूप से संतुष्ट नहीं दिखाई देते। इससे यह भी संकेत मिलता है कि अमेरिका अपने सहयोगियों से लगभग बिना शर्त समर्थन की उम्मीद कर रहा है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

विडंबना यह है कि ट्रंप एक तरफ यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाया है और इसलिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने गाजा के लिए बोर्ड ऑफ पीस जैसी पहल भी की। लेकिन दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध को जिस तरह आगे बढ़ाया गया है, उसने पूरी दुनिया को अस्थिरता और युद्ध की आशंका से भर दिया है। आलोचकों का कहना है कि शांति की बात करने के साथ-साथ युद्ध की आग को भड़काना गहरे राजनीतिक विरोधाभास को दर्शाता है।

इसके अलावा, इस युद्ध ने विश्व राजनीति में गहरे बदलाव पैदा कर दिए हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि दुनिया फिर से बड़े शक्ति-गठबंधनों में बंटती दिखाई दे रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी एक तरफ हैं, जबकि रूस और चीन जैसे देश दूसरी ओर खड़े दिखाई देते हैं। यह स्थिति एक नई महाशक्ति प्रतिस्पर्धा की ओर इशारा करती है।

दूसरा बड़ा परिवर्तन मध्य-पूर्व की राजनीति में देखने को मिल रहा है। कई अरब देशों और इजराइल के बीच सुरक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि वे ईरान को अपने लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इससे क्षेत्र में नए सैन्य और राजनीतिक गठबंधन बन रहे हैं। तीसरा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ईरान दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों में से एक है और फारस की खाड़ी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। युद्ध के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे पूरी दुनिया के ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है।

बहरहाल, ईरान का यह युद्ध केवल मिसाइलों और बमों का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति-संतुलन की लड़ाई भी बन चुका है। आने वाले समय में यह संघर्ष तय करेगा कि विश्व राजनीति का नया नक्शा कैसा होगा और किस शक्ति का प्रभाव कितना बढ़ेगा।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 546 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में अररिया जिले का दौरा करते हुए जिले को 546 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की बड़ी सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 157 करोड़ रुपये की लागत से 60 योजनाओं का उद्घाटन, 331 करोड़ रुपये की लागत से 6 योजनाओं का शिलान्यास तथा 58 करोड़ रुपये की लागत से 2 योजनाओं का कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अररिया के नए पुलिस केंद्र स्थित अररिया पुलिस लाइन में आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों के विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल से ही रिमोट के माध्यम से जिले की कई






महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इन योजनाओं के शुरू होने से जिले में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अररिया-कुसीर्काटा-कुवाड़ी सिकटी पथ के निर्माण कार्य, बैरगाछी से बंगला कोल जाने वाले पथ के 17वें किलोमीटर पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ के निर्माण तथा फारबिसगंज-बथनाहा स्टेशन के बीच कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर सुभाष चौक के पास फ्लाईओवर निर्माण कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि आम लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कोसी दुग्ध परियोजना परिसर में दुग्ध शीतक केंद्र अररिया का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादकों और विशेष रूप से महिला लाभार्थियों से योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। लाभार्थियों ने बताया कि सरकार की योजनाओं से दुग्ध उत्पादन और आय में वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने "सुधा" ब्रांड के विभिन्न दुग्ध उत्पादों की भी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि यांत्रिकीकरण मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों, साइकिल योजना की छात्राओं तथा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से लाभान्वित छात्रों से बातचीत की। जीविका दीदियों द्वारा संचालित 6364 स्वयं सहायता समूहों को 239 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया गया। इसके अलावा किसानों को केसीसी लोन, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को घर की चाबी, दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल तथा अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता सामग्री भी वितरित की गई। दौरे के अंत में मुख्यमंत्री ने एएनएम, जीएनएम एवं पारा मेडिकल प्रशिक्षण संस्थान सह छात्रावास का उद्घाटन किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जननायक कपूर्री ठाकुर छात्रावास के छात्रों से मुलाकात कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, लेसी सिंह, लेखेन्द्र कुमार रोशन सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम का आगमन आज करेंगे योजनाओं की समीक्षा और जनसंवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा को लेकर आज 12 मार्च को प्रखंड अंतर्गत बड़झल्ला पंचायत के काली मंदिर के मैदान में आयेंगे। जहां वे पंचायत सरकार भवन का लोकार्पण तथा आमजनों के साथ जनसंवाद करेंगे।आनकारी के पदाधिकारियों से जानकारी ले कर आवश्यक निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एनडीए कार्यकताओं सहित आमजनों में भी खास उत्साह देखने को मिल रहा है।राज्यसभा जाने का निर्णय ले लेने से मुख्यमंत्री के रुप में नीतीश कुमार का आखिरी दौरा माना जा रहा है।



अनुसार मुख्यमंत्री का आगमन कटिहार से सड़क मार्ग से होगा। जबकि प्रस्थान हेलिकॉप्टर से करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन सज-धज कर तैयार हो गया है।वहीं मध्य सह उच्च विद्यालय बुधनगर के रंग-रोगन तथा आसपास के साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है।

कार्यक्रम को लेकर मंच निर्माण, सभास्थल पर आमजनों की बैठने की व्यवस्था, स्टॉल के लिए अलग-अलग जगह, बैरिकेडिंग, सुरक्षा को लेकर की गई प्रशासनिक तैयारियों सहित अन्य व्यवस्थाओं का मंगलवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के नेतृत्व में वरीय पदाधिकारियों की टीम ने भौतिक निरीक्षण किया। पदाधिकारी द्वय ने तैयारियों को लेकर अधीनस्थ निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीपीओ अभिजित कुमार, बीडीओ मनीषा कुमारी, अंचल अधिकारी शिखा कुमारी, राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो, आजमनगर बीडीओ सरोज कुमार मौजूद रहे। वही मुख्यमंत्री बिहार के समृद्धि यात्रा के अंतर्गत संभावित कटिहार जिला आगमन कार्यक्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के संधारण के लिए जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल ग्राम बरझल्ला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान सतर्कता एवं कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एचआईवी एड्स एसटीआई एवं ब्लड सेफ्टी पर कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कटिहार (नबिटासं)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निदेर्शानुसार जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई की ओर से सम्पूर्ण सुरक्षा के अंतर्गत आठ ब्लॉक केसीएचओ के साथ एचआईवी एड्स एसटीआई एवं ब्लड सेफ्टी पर एक कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. जेएन सिंह,संचारी रोग प्राधिकारी डॉ. अशरफ रिजवी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रामरेखा सुमन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यशाला में कोढा ,कुसेर्ला, समेली ,फलका प्राणपुर डंडखोराआदि ब्लॉक के सीएचओ सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जन में एचआईवी और एसटीआई के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो, इसलिए सीएचओ को कार्यशाला में शामिल किया गया। इस कार्यशाला का संचालन डीपीएम शौनिक प्रकाश के द्वारा किया गया। एचआईवी, एसटीआइ के बारे में विस्तृत रूप से बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति से आये टेक्निकल ऑफिसर अजय कुमार बरनवाल ने बताया कि एचआईवी कैसे होता है। इससे कैसे बचा जा सकता है, इसके लक्षण क्या होता है, कटिहार में विभाग द्वारा कितने सेंटर है, और कौन कौन सी सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभाकर लाल दास,राम निरेखण दुबे,रवि शंकर झा, परवेज जफर अशरफी का योगदान रहा।




### मो. तैयब निर्विरोध चुने गए बेलवा पैक्स अध्यक्ष

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** पैक्स चुनाव की प्रक्रिया के तहत नाम वापसी की अंतिम तिथि के दौरान बुधवार को बेलवा पंचायत से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मोहम्मद जावेद के द्वारा अपना नामांकन वापस ले लेने के पश्चात मोहम्मद तैयब को निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हो गई। जानकारी देते हुये निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि नाम वापसी व छंटनी की प्रकिया के पश्चात बारसोई प्रखंड के बेलवा पंचायत से मोहम्मद तैयब एकमात्र शेष उम्मीदवार रह गये हैं। इस कारण से मोहम्मद तैयब को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाता है। निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष को समर्थकों अब्दुल वदूद, हुसैन,मूतलेब,अनवारुल हक, मतिउर रहमान, हसीबूर रहमान, जहरुल, अंसार, पवन साह, भोला साह, शंकर साह, मोहिम, सादिक, इनताज, कुदूस, कालू, सिकंदर, नुनी, दीपक साह, पोरेस साह, जरिफुल हक, नवाज, दानिश, मसीऊर, अलाउद्दीन, अखतर ने बधाइयां दी है।



### जिले के 10 सैरातों का बंदोबस्त : एडीएम

**कटिहार (नबिटासं)।** जिले में अपर समाहर्ता सह जिला अपर दंडाधिकारी डॉ. विनोद कुमार की अध्यक्षता में 10 सैरातों का बंदोबस्त किया गया। 10 सैरातों में सबसे ज्यादा मनिहारी के 14 घाटों का बंदोबस्त पिछले साल की तुलना में करीब सवा तीन सौ गुना अधिक हुआ है। अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि पिछले साल मनिहारी के 14 गंगा घाटों का बंदोबस्त करीब 92 लाख रुपये में हुआ था। जबकि इस बार उन्हीं 14 घाटों का बंदोबस्त करीब 3 करोड रुपए में हुआ है। वहीं रोशना हाट,तेरह घाट समूह और बिघोर राजस्व हाट का विभागीय वसूली किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार के राजस्व में काफी इजाफा हुआ है।



### पहले प्रयास में यूपीएससी में किसान के बेटे को मिला सफलता

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के हथवाड़ा पंचायत के फूलडोभी गांव के किसान कन्हैया सिंह के पुत्र सन्नी राज सन्नी ने युपीएसी की परीक्षा में देश की 526 वीं रैंक हासिल कर अपने गांव और पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल था। सन्नी राज 10 साल बाद बुधवार को यूपीएससी रैंक निकालने के बाद अपने गांव अपना घर पहुंचे। जिला परिषद सदस्य गायत्री कुमारी, जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज कुमार मंडल, ने गुलदस्ता देकर एवं शाल ओढ़ाकर बधाई दी। पंचायत के मुखिया भारती कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि गौतम मालाकार ने भी पहुंचकर स्वागत किया। वही आसपास के क्षेत्रों में उनके घर पहुंचकर बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों ने कहा कि सन्नी राज बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। संसाधनों के अभाव के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनका सपना शुरू से ही सिविल सेवा में जाकर देश और समाज की सेवा करना था। जिसे उन्होंने पहले ही प्रयास में साकार कर दिखाया पहले प्रयास में यूपीएससी रैंक निकालने के बाद एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर ग्रामीण एवं बुद्धिजीवी लोगों ने बधाई दी।



## 17 मवेशियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** जिले में अवैध पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर कड़ा रुख अख्तियार किया है। रौतारा थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक मिनी ट्रक को जब्त किया है। जिसमें क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर ले जाए जा रहे 17 मवेशियों को मुक्त कराया गया। इस अभियान में पुलिस ने मौके से एक तस्कर को भी दबोचने में सफलता हासिल की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रौतारा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि पशुओं से लदा एक मिनी ट्रक अवैध रूप से ग्राम महेशवा की ओर जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने बिना देरी किए पुलिस बल के साथ महेशवा के समीप सघन वाहन चेकिंग चलाया गया ।



चेकिंग के दौरान जब संदिग्ध मिनी ट्रक वहां पहुंचा, तो पुलिस बल को देखकर चालक ने भागने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस की सक्रियता के कारण तस्कर सफल नहीं हो सका। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर ट्रक को खदेड़ा और अंततः उसे पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर पुलिस दंग रह गई वाहन के भीतर 17 मवेशियों को बेहद क्रूर तरीके से बांधकर रखा गया था। गिरफ्तार अभियुक्त मो. मुस्लिम, पिता मंजूर आलम साकिन सिमरिया, थाना-कोढ़ा, जिला कटिहार है। पुलिस ने मवेशियों के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त मिनी ट्रक को भी जब्त कर लिया है। कटिहार पुलिस ने बताया कि पशुओं के प्रति क्रूरता और अवैध परिवहन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## आग लगने से चार परिवार के घर जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड पांच चकमन में सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक लगी आग से चार परिवार के घर जलकर पूरी तरह राख हो गए लोग सिर्फ अपनी जान बचा सके, इस आगलगी में सोने चांदी के जेवर, नगद डेढ़ लाख रुपए, कपड़े, अनाज रोजमर्रा के सामन आदि जलकर राख हो वार्ड सदस्य विवेक कुमार मंडल ने बताया कि इस आगलगी में मो. मोजीबुर रहमान, मो. राजा, नजमुल खातून और मो. फिरोज के घर जलकर राख हो गए उन्होंने बताया कि बिजली के शार्टसर्किट के कारण यह आग लगी हैं।

## 24.340 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** डंडखोरा पुलिस ने मंगलवार की देर रात एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति को 24.340 लीटर विदेशी शराब के साथ हिरासत में लेकर बुद्धवार को जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस सकरपुरा मस्जिद के पास वाहन चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल से विभिन्न ब्रांडों के कुल 24.340 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ।उन्होंने बताया कि तस्कर की पहचान सुधांशु कुमार पासवान (24), पिता-रमेश कुमार पासवान, मनीष कुमार परिहार (21), पिता राजाराम परिहार, दोनों साकिन-बोरनी, थाना- डंडखोरा, जिला-कटिहार के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि शराब, मोटरसाइकिल न.बीआर 11-बीभी 0912 एवं एक नोकिया कीपैड मोबाइल को जब्त करते हुए पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। मद्य निषेध अधिनियम के तहत थाना में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया जाता है कि शराब पीने और तस्करी के मामले में दोनों पूर्व भी जेल गये हैं।

## अररिया में 546 करोड़ रुपये की 68 योजनाओं का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** माननीय मुख्यमंत्री बिहार की समृद्धि यात्रा 2026 के सफल आयोजन के उपरांत जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार का समृद्धि यात्रा 2026 बुधवार को संपन्न हुई। मुख्यमंत्री, बिहार के समृद्धि यात्रा 2026 के सफल आयोजन उपरांत जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि अररिया जिला अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की समृद्धि यात्रा बुधवार को संपन्न हुई। इस यात्रा के क्रम में अररिया जिले में नव निर्मित पुलिस लाइन का माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान कुल 68 विकास योजनाओं, जिसकी लागत 546 करोड़ रुपये है, का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 06 योजनाओं का शिलान्यास किया गया, 02 योजनाओं का कार्यारंभ तथा 60 योजनाओं का उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा कोसी दुग्ध परियोजना का विस्तारीकरण करते हुए अनावरण किया गया है। साथ ही एएनएम, जीएनएम, पैरामेडिकल छात्रावास का उद्घाटन किया गया है। इसके उपरांत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभाग द्वारा विकासात्मक स्टोलों का निरीक्षण किया। वहीं इसके पश्चात अररिया कॉलेज स्टेडियम में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक, साथ ही जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंत में जिलाधिकारी द्वारा समृद्धि यात्रा के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों, सभी विभागीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सिलीगुड़ी बालुरघाट एवं सिलीगुड़ी बामनहाट इंटरसिटी का हल्दीबाड़ी तक विस्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिलीगुड़ी-बालुरघाट इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा सिलीगुड़ी झ बामनहाट इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार कर हल्दीबाड़ी स्टेशन तक संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही इन दोनों ट्रेनों का ठहराव जलपाईगुड़ी स्टेशन पर भी किया गया है। मौके पर 11 मार्च 2026 को आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रेन संख्या 05464/05463 तथा 05467/05468 के नए ठहराव एवं विस्तार के उपलक्ष्य में ट्रेन संख्या



05464 हल्दीबाड़ी-बालुरघाट स्पेशल एक्सप्रेस) तथा 05467 हल्दीबाड़ी-बामनहाट स्पेशल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती शिखा चटर्जी उपस्थित रहीं। उन्होंने इस पहल को क्षेत्र के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए रेलवे को बधाई दी। इस अवसर पर कटिहार रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एडीआरएम एनजेपी अजय कुमार सिंह, असिस्टेंट मैंनेजर एनजेपी, अक्षांश वर्मा, वरीय डीसीएम अनूप कुमार सिंह, वरीय डीएसटीई गौरव राजपाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल रहे। रेलवे द्वारा की गई इस पहल से क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध होगा तथा यात्रा और अधिक सुविधाजनक बनेगी।

## प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** अमदाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या 5 स्थित बीच टोला में बीते 2 मार्च को रोजा की इफ्तारी की तैयारी के दौरान लगी आग में सभी प्रभावित परिवारों के बीच बुधवार को अंचलाधिकारी की ओर से राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि शेख तारिक भी मौजूद थे। अंचलाधिकारी स्नेहा कुमारी ने बताया कि आगलगी की घटना में कुल 16 परिवारों के घर प्रभावित हुए हैं, जिनमें कुछ घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। सभी प्रभावित परिवारों को पॉलीथिन शीट एवं डिग्निटी कीट जिसमें बाल्टी, साबुन, तेल, मसाला, लुंगी, साड़ी सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। उन्होंने बताया कि जल्द ही डीबीटी के माध्यम से पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में सहायता राशि भी भेजी जाएगी। मौके पर डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार, सरफराज सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे ।



## सीएम समृद्धि यात्रा के दौरान अररिया जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को जिले के अररिया कॉलेज के अस्थायी सभागार में समृद्धि यात्रा 2026 के तहत जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान अररिया जिले के जिलाधिकारी श्री विनोद दुहान ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय-2 की योजनाओं तथा सात निश्चय-3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने जिले में किए जा रहे अन्य विकास कार्यो की भी जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबको मालूम है कि 20 नवंबर, 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के कुछ ही दिनों बाद हमलोगों ने राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और भी आसान बनाना है। इसे लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को क्रियान्वित करें ताकि बिहार देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है इससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुविधायें दी जा रही हैं। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह अररिया जिले के प्रभारी मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, विशेष शाखा के पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन, संबद्ध विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव / सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चंद्रशेखर सिंह, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के प्रभारी पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमार आशीष, अररिया के जिलाधिकारी विनोद दुहान, अररिया के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।






## आरबीआई का नया नियम

### बैंक मुनाफे का अधिकतम 75 प्रतिशत ही दे सकेंगे डिविडेंड

**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए डिविडेंड (लाभांश) देने से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब बैंक अपने शेयरधारकों को अपने मुनाफे का अधिकतम 75 प्रतिशत तक ही डिविडेंड के रूप में दे सकेंगे। यह नया फ्रेमवर्क वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होगा और नवंबर 2025 में जारी पुराने दिशानिर्देशों की जगह लेगा। ये नियम कमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, पेमेंट बैंक, लोकल




एरिया बैंक और रीजनल रूरल बैंक सभी पर लागू होंगे। आरबीआई के नए नियम के मुताबिक, किसी भी बैंक का डिविडेंड पेआउट रेशियो उसके प्रॉफिट आफ्टर टैक्स का 75 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। भले ही बैंक पूंजी पर्याप्तता के आधार पर ज्यादा भुगतान करने के योग्य हों, फिर भी कुल भुगतान 75 प्रतिशत की सीमा के भीतर ही रहेगा। आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक बैंक जो डिविडेंड देंगे, उसमें नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स को भी शामिल किया गया है। वहीं डिविडेंड तय करने के लिए नया कॉन्सेप्ट लागू किया है। बैंक को पहले अपने नेट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स का 50 प्रतिशत घटाना होगा।

## 5 बार बोनस शेयर का तोहफा

### महारत्न कंपनी ने 1 लाख रुपये के बना दिए 1 करोड़ रुपये से ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी बीपीसीएल के शेयरों ने 20 साल में 1 लाख रुपये के निवेश



को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा बना दिया है। कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। बीपीसीएल ने 20 साल में अपने शेयरधारकों को 4 बार बोनस शेयर बांटे हैं। महारत्न कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के शेयर पिछले कुछ समय से दबाव में हैं। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयर पिछले एक महीने में 15 पर्सेंट से अधिक टूट गए हैं। बीपीसीएल के शेयर मंगलवार 10 मार्च को क्चस्श्व में गिरावट के साथ 325.85 रुपये पर बंद हुए हैं। बीपीसीएल के शेयर अभी तो दबाव में हैं, लेकिन कंपनी के शेयरों ने 20 साल पहले दांव लगाने वाले लॉन्ग टर्म निवेशकों को मालामाल कर दिया है। बीपीसीएल के शेयरों ने 20 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा बना दिया है। महारत्न कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। बीपीसीएल ने पिछले 20 साल की अवधि में अपने शेयरधारकों को 4 बार बोनस शेयर बांटे हैं। वहीं, कंपनी ने साल 2000 से लेकर अब तक अपने निवेशकों को 5 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है। शेयर 17 मार्च 2006 को 34.32 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 17 मार्च 2006 को भारत पेट्रोलियम के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे कंपनी के 2913 शेयर मिलते। बीपीसीएलने साल 2006 से लेकर अब तक अपने शेयरधारकों को 4 बार बोनस शेयर दिए हैं। अगर इन बोनस शेयरों को जोड़ दें तो 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की कुल संख्या बढ़कर 34,956 पहुंच जाती है।

# सेंसेक्स 78000 और निफ्टी 24200 के नीचे, शेयर मार्केट में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट एक बार फिर गिरावट की पटरी पर आ गया है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 407 अंक नीचे 77798 पर आ गया है। जबकि, एनएसई का 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 110 अंकों की गिरावट के साथ 24150 पर ट्रेड कर रहा है। :शेयर मार्केट एक बार फिर गिरावट की पटरी पर आ गया है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 255 अंक नीचे 77950 पर आ गया है। जबकि, एनएसई का 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 67 अंकों की गिरावट के साथ 24194 पर ट्रेड कर रहा है। एनएसई पर 2107 स्टॉक्स हरे और 569 लाल हैं। शेयर मार्केट की शुरुआत आज सुस्त हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 32 अंक ऊपर 78238 पर खुला। जबकि, एनएसई का 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 29 अंकों की गिरावट के साथ 24231 पर खुला। प्रीओपनिंग में सेंसेक्स टॉप गेनर के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर थे। अमेरिका-ईरान युद्ध के घटनाक्रम को लेकर निवेशकों के सतर्क रहने के बीच मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर मार्केट के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 के बुधवार को गिरावट के साथ खुलने के आसार हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बीच एशियाई बाजारों में तेजी रही, जबकि अमेरिकी शेयर बाजार रातोंरात मिश्रित बंद हुए। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध समाप्त होने के संकेत के बाद वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 639.82 अंक या 0.82 प्रतिशत को 78,205.98 पर बंद करने के लिए उछल गया, जबकि निफ्टी 50 ने 233.55 पॉइंट या 0.97 प्रतिशत को 24,261.60 पर सेटल किया।

**एशियन मार्केट:** एशियाई बाजारों में बुधवार को एशियाई बाजारों में तेजी रही,




क्योंकि निवेशकों ने अमेरिका-ईरान युद्ध के घटनाक्रम का आकलन किया। जापान का निक्केई 225 1.36 प्रतिशत बढ़ा, जबकि टॉपिक्स 1.22 प्रतिशत बढ़ा। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 2.52 प्रतिशत की तेजी आई, और कोस्डैक में 1.39 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**गिफ्ट निफ्टी टुडे:** गिफ्ट निफ्टी 24,334 के आसपास कारोबार कर रहा था, जो निफ्टी फ्यूचर्स के पिछले बंद भाव से करीब 60 अंकों की छूट है। यह भारतीय शेयर बाजार के सूचकांकों के लिए नकारात्मक शुरुआत का संकेत देता है।

**वॉल स्ट्रीट:** अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को मिश्रित बंद हुआ। डॉऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 34.29 अंक या 0.07 प्रतिशत गिरकर 47,706.51 पर आ गया, जबकि एसएंडपी 500 14.51 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 6,781.48 पर आ गया। नैस्डैक कंपोजिट 1.16 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़कर 22,697.10 पर बंद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का मुकाबला करने के लिए तेल भंडार की अपनी अब तक की सबसे बड़ी रिलीज का प्रस्ताव दिया है। अखबार ने कहा कि यह रिलीज 182 मिलियन बैरल से अधिक होगी जो आईईए सदस्य देशों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद 2022 में बाजार में रखा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज टेक्सास में प्रस्तावित तेल रिफाइनरी परियोजना का समर्थन कर रही है। ट्रंप ने कहा कि यह 300 अरब डॉलर का सौदा है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या उनका मतलब यह है कि यह भारत के साथ एक बड़े समझौते का हिस्सा है।

# फॉक्सवैगन के प्रॉफिट में आई बड़ी गिरावट, अब 50000 लोगों की नौकरी जाएगी

### कंपनी का रेवेन्यू भी तेजी से घट रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएस-इजराइल-ईरान युद्ध का असर दुनियाभर का बाजारों में दिखाई दे रहा है। साथ ही, कई देशों को यूएस टैरिफ का सामना भी करना पड़ रहा है। अब, ऑटोमोबाइल सेक्टर की बड़ी कंपनियों में शामिल फॉक्सवैगन ने बताया कि वो 2030 तक जर्मनी में 50,000 नौकरियां कम करेगी। इसके पीछे की वजह उसका प्रॉफिट लगभग एक दशक में सबसे कम हो गया है। यह फैसला ऐसे वक्त में आ रहा है जब 10-ब्रांड वाला यह ग्रुप चीनी इलेक्ट्रिक गाड़ी बनाने वालों से बढ़ते कॉम्पिटिशन, बढ़ती प्रोडक्शन कॉस्ट और यूएस टैरिफ के असर से जूझ रहा है। इन सभी ने मिलकर कंपनी की कमाई पर असर डाला है। न्यूज एजेंसी स्नक्क की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रुप ने 2024 के आखिर में यूनियनों के साथ एक डील की थी कि वह 2030 तक अपने कोर ब्रांड में 35,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देगा, जो सालाना 15 बिलियन यूरो बचाने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। ष्टश्वह्र ब्लूम ने कहा कि ये और कटौती सिर्फ कोर फॉक्सवैगन ब्रांड तक ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि इससे इसके प्रीमियम ब्रांड ऑडी और पोर्श के वर्कर्स के साथ-साथ ग्रुप की सॉफ्टवेयर सब्सिडियरी कैरियड पर भी असर पड़ेगा।

फॉक्सवैगन ने 2025 के लिए 8.9 बिलियन यूरो (.10.4 बिलियन) का ऑपरेटिंग प्रॉफिट बताया, जो पिछले साल से 53 प्रतिशत ज्यादा है। कंसेंसस डेटा के मुताबिक, यह आंकड़ा एनालिस्ट्स की 9.4 बिलियन यूरो की उम्मीदों से भी कम रहा। कार बनाने वाली कंपनी का पूरे साल का रेवेन्यू लगभग 322 बिलियन यूरो रहा, जबकि 2024 में यह 324.7 बिलियन यूरो था और 2026 में कंपनी की सेल्स ग्रोथ का अनुमान काफी कम है। फॉक्सवैगन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि इस साल रेवेन्यू 0 प्रतिशत से 3 प्रतिशत के बीच रहेगा, जो एनालिस्ट्स की उम्मीदों से कम है। सीएनबीसी के



मुताबिक, फॉक्सवैगन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अर्नो एंटलिट्ज़ ने 2025 को बहुत मुश्किल साल बताया, लेकिन इन्वेस्टर्स को भरोसा दिलाया कि कंपनी यूरोप में अच्छी स्थिति में बनी हुई है। मंगलवार सुबह फॉक्सवैगन के शेयर लगभग 4 प्रतिशत बढ़ गए। इस साल अब तक स्टॉक में 15 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। इस बात के भी कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनो में यूएस-इजराइल-ईरान युद्ध के असर के चलते कई कंपनियों के रेवेन्यू पर असर होगा।

### लोकल कॉम्पटीटर्स से मिल रही चुनौती

यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के एडमिनिस्ट्रेशन के 2025 में नॉन-अमेरिकन कार बनाने वाली कंपनियों पर टैरिफ लगाने से पहले ही, फॉक्सवैगन यूरोप में धीमी डिमांड, कम डिमांड के बावजूद इन्वेस्ट करने की ज्यादा लागत और चीन में सेल्स में तेजी से गिरावट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही थी। जर्मनी में हेडक्वार्टर वाली फॉक्सवैगन लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े ऑटो मार्केट, चीन में एक बड़ी कंपनी रही है। हालांकि, कार बनाने वाली कंपनी को अब लोकल कॉम्पिटिटर्स से कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

## 5.86 करोड़ के पैकेज पर छोड़ी थी नौकरी

# बीएचयू से पढ़ाई, छोड़ दी 5 करोड़ की नौकरी, आज 68,000 करोड़ वाले बैंक के बॉस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केवीएस मणियन बैंकिंग जगत में जाना-माना नाम हैं। वह फेडरल बैंक के एमडी और सीईओ हैं। सितंबर 2024 में उन्होंने इस बैंक की कमान संभाली थी। इस बैंक का मार्केट कैपिटलाइजेशन (एम-कैप) करीब 68,000 करोड़ रुपये है। कोटक महिंद्रा बैंक में 25 साल से ज्यादा समय बिताने के बाद वह फेडरल बैंक से जुड़े थे। जब मणियन ने कोटक महिंद्रा बैंक छोड़ा था तब उनका पैकेज करीब 5.86 करोड़ रुपये था। उन्होंने कोटक बैंक को पावरहाउस बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। केरल के पलक्कड़ से ताल्लुक रखने वाले मणियन आईआईटी-बीएचयू के पढ़े हैं। आइए, यहां केवीएस मणियन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक में अपने कार्यकाल के दौरान केवीएस मणियन ने इसे एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी से भारत के प्रमुख प्राइवेट-सेक्टर बैंकों में से एक बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में कॉर्पोरेट, इंस्टीट्यूशनल और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के साथ वेल्थ मैनेजमेंट डिवीजन भी शामिल थे।



इससे उन्हें मजबूत ग्रोथ और प्रॉफिटेबिलिटी हासिल करने में मदद मिली। टेक्नोलॉजी में तरक्की पर उनके जोर ने कोटक की ट्रांजैक्शन बैंकिंग क्षमताओं को काफी बढ़ाया। मणियन की लीडरशिप में कोटक महिंद्रा बैंक के कॉर्पोरेट साइज और प्रॉफिटेबिलिटी में जोरदार बढ़ोतरी हुई। इससे इंडस्ट्री में एक लीडर के तौर पर उसकी जगह मजबूत हुई। साथ ही, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस फले-फूले और मार्केट में उनका दबदबा बना रहा। रिटेल बैंकिंग में कंज्यूमर बैंकिंग के प्रेसिडेंट के तौर पर केवीएस मणियन के कार्यकाल में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। यह एक दशक के अंदर एक ब्रांच से बढ़कर देश भर में 600 से ज्यादा ब्रांच और 1,000 ञ्जरू तक पहुंच गई। उन्होंने कोटक के रिटेल लायबिलिटी बिजनेस की स्थापना को लीड किया। पूरे कंज्यूमर बैंकिंग डिवीजन को सफलतापूर्वक मैनेज किया। इससे रिटेल बैंकिंग सेक्टर में कोटक महिंद्रा बैंक की एक मजबूत कंपनी के तौर पर पहचान पक्की हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर में उनका पैकेज 5.86 करोड़ रुपये था। उसी साल सितंबर में वह फेडरल बैंक से जुड़ गए। उन्होंने श्याम श्रीनिवासन की जगह ली।

# पाई नेटवर्क क्रिप्टो का ताबड़तोड़ रिटर्न जारी, गिरते बाजार में कर रहा पैसों की बारिश, बिटकॉइन कितना पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में पिछले कई दिनों से उतार-चढ़ाव बना हुआ है। क्रिप्टो मार्केट कैप कभी कुछ बढ़ता है तो अगले ही पल उसमें गिरावट आ जाती है। बिटकॉइन समेत कई क्रिप्टोकरेंसी ऐसी हैं जो निवेशकों को बहुत अच्छा रिटर्न नहीं दे रही हैं। इसके उलट पाई नेटवर्क कॉइन निवेशकों पर पैसों की बारिश कर रहा है। बुधवार सुबह 10:30 बजे क्रिप्टो मार्केट कैप पिछले 24 घंटे में करीब 0.16 फीसदी बढ़ गया है। इस तेजी के साथ यह 2.39 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। पिछले एक महीने से इसमें रोलरकोस्टर जैसा रिटर्न पैटर्न देखने को मिल रहा है। यानी निवेशकों को किसी दिन समय जितना फायदा होता है, अगले ही पल उसमें करीब उतना ही नुकसान हो रहा है। पिछले कुछ समय से पाई नेटवर्क कॉइन निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहा है। पिछले 24



घंटे में इसमें 7 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है और यह 0.2326 डॉलर पर है। वहीं 7 दिनों में इसमें 35 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। कुछ प्रचलन क्रिप्टो में इसका एक हफ्ते का सबसे ज्यादा रिटर्न रहा है। वहीं बात एक महीने की करें तो पाई नेटवर्क कॉइन ने करीब 60 फीसदी रिटर्न दिया है। यानी एक महीने पहले अगर आपके पास एक लाख रुपये की कीमत में पाई नेटवर्क कॉइन होते तो उनकी वैल्यू आज करीब 1.60 लाख रुपये होती। यानी एक लाख के निवेश पर 60 हजार रुपये का फायदा हो चुका होता। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टो बिटकॉइन के लिए पिछला कुछ समय अच्छा नहीं रहा है। इसमें लगातार बड़े उतार-चढ़ाव आए हैं। पिछले साल अक्टूबर में यह क्रिप्टो करीब 1.25 लाख डॉलर पर थी। अब यह करीब 70 हजार डॉलर पर है। इस कीमत के करीब यह पिछले काफी समय से बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में इसमें मामूली गिरावट आई है। बुधवार सुबह 10:30 यह क्रिप्टो मामूली गिरावट के साथ करीब 70,125 डॉलर पर थी। पिछले एक हफ्ते में इसमें करीब 3.50 फीसदी की तेजी आई है।

## कच्चे तेल की कीमतें 150-200 डॉलर के पार जाने की आशंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खलीज टाइम्स की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट डराने वाली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मचा दिया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर यह क्षेत्रीय तनाव लंबा खिंचा और होर्मुज स्ट्रेट बंद रहा, तो कच्चे तेल की कीमतें 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। खलीज टाइम्स ने एनर्जी एनालिटिक्स फर्म वुड मैकेंजी के विश्लेषण के हवाले से कहा है कि खाड़ी देश कुल मिलाकर 20 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन करते हैं। मौजूदा संघर्ष की वजह से अनुमानित 15 मिलियन बैरल दैनिक निर्यात ग्लोबल मार्केट से बाहर हो गया है। यह एक अभूतपूर्व सप्लाई झटका है, जिसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल होगा। हाल ही में सोमवार को कच्चा तेल 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया था, हालांकि मंगलवार को यूएई समयानुसार शाम 4 बजे तक यह 90 डॉलर से नीचे आ गिरा और बुधवार को भी यह 87.80 डॉलर तक आ गया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अस्थिरता बनी रहेगी और संघर्ष लंबा खिंचने पर कीमतें आसमान छू सकती हैं। वुड मैकेंजी के चेयरमैन और मुख्य विश्लेषक साइमन फ्लॉवर्स ने चेतावनी दी है कि भले ही संघर्ष समाप्त हो जाए, सप्लाई बहाल करना आसान नहीं होगा।

# सोना-चांदी के भाव में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमसीएक्स पर सोने का रेट सुबह प्रॉफिट बुकिंग के चलते गिर गया। एमसीएक्स गोल्ड अप्रैल फ्यूचर्स लगभग आधा परसेंट गिरकर 1,62,638 प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि एमसीएक्स सिल्वर मई फ्यूचर्स शुरुआती डील में लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 2,75,402 प्रति केजी पर आ गया। पिछले सेशन में, एमसीएक्स गोल्ड अप्रैल फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 1,63,303 प्रति 10 ग्राम पर और सिल्वर मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट 4 प्रतिशत बढ़कर 2,77,850 प्रति किलोग्राम पर सेटल हुआ था। इंटरनेशनल मार्केट में आज बुधवार, 11 मार्च को सोने-चांदी के भाव गिरावट के साथ खुले हैं। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा मध्य पूर्व संघर्ष को लेकर दिए गए बयानों के बाद ऊर्जा बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ गया है, जिसका असर कीमती धातुओं पर भी देखने को मिल रहा है। स्पॉट गोल्ड रेट आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है, हालांकि यह 5,200 डॉलर के स्तर से ऊपर बना हुआ है। एशियाई कारोबारी घंटों के दौरान सोने की कीमत 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 5,224 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही थी। वहीं, स्पॉट सिल्वर की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई और यह 0.32 फीसदी लुढ़ककर



89.35 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। एक ब्लूमबर्ग रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य से किसी ऑयल टैंकर को एस्कॉर्ट नहीं किया। यह बयान क्रिस राइट के अब डिलीट किए जा चुके सोशल मीडिया पोस्ट के विपरीत है। मंगलवार को भारी गिरावट के बाद अब तेल की कीमतों में फिर से तेजी आई है। यह संघर्ष अब अपने 12वें दिन में प्रवेश कर चुका है और इसका असर पूरे मध्य पूर्व में क्रूड प्रोडक्शन और रिफाइनिंग ऑपरेशंस पर लगातार देखा जा रहा है। टाटा म्यूचुअल फंड की मार्च 2026 की गोल्ड एंड सिल्वर आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत फंडामेंटल्स और बाजार की अनिश्चितताओं को देखते हुए निवेशकों को सोने और चांदी दोनों में निवेश जारी रखना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा भू-आर्थिक कारक, संरचनात्मक और चक्रीय फंडामेंटल फैक्टर्स के साथ मिलकर सोने-चांदी की कीमतों को सपोर्ट कर सकते हैं। फर्म ने सुझाव दिया है कि निवेशक कीमतों में किसी भी गिरावट पर जमाखोरी का मौका तलाश सकते हैं। उनका मानना है कि पोर्टफोलियो में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट के तौर पर गोल्ड में स्ट्रैटेजिक अलोकेशन के लिए मौजूदा बाजार का माहौल काफी अनुकूल है। वहीं चांदी को लेकर उनका कहना है कि यह एक विकासशील ग्रोथ स्टोरी है और इसका ट्रेंड



इंडस्ट्रियल डिमांड में व्यापक सुधार पर काफी हद तक निर्भर करता है। एनरिच मनी की सीईओ पोनमुदी आर के मुताबिक, पिछले ऑल-टाइम हाई को छूने के बाद सोना अब करेक्टिव फेज में प्रवेश कर गया है। हालांकि, ब्रॉडर बुलिश फ्रेमवर्क अभी भी बरकरार है। पिछले कंसोलिडेशन जोन से मजबूत ब्रेकआउट और लगातार मोमेंटम से इसे सपोर्ट मिल रहा है। 5,000-5,100 डॉलर के सपोर्ट बैंड पर मजबूत खरीदारी देखी जा रही है। अगर यह लेवल टूटता है तो कीमतें 4,900 डॉलर तक जा सकती हैं। लेकिन जब तक सोना 5,000 डॉलर के सपोर्ट जोन से ऊपर बना रहता है, बुलिश ट्रेंड डोमिनेंट बना रहेगा। 5,400-5,600 डॉलर के ऊपर सस्टेन्ड ब्रेकआउट नए रिकॉर्ड हाई का रास्ता खोल सकता है।

## इकलौती लिस्टेड गेमिंग कंपनी पर मॉर्गन स्टैनली फिदा

# खरीद डाले करीब 29 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गेमिंग की दुनिया में चर्चित कंपनी नजारा टेक्नोलॉजी में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंक मॉर्गन स्टैनली ने बड़ा दांव लगाया है। जानकारी के मुताबिक ब्लॉक डील के तहत मॉर्गन स्टैनली की इकाई मॉर्गन स्टैनली एशिया सिंगापुर ने कंपनी के लगभग 69.2 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। डील की डिटेल पर बात करें तो मॉर्गन स्टेनली ने नजारा टेक्नोलॉजीज के 28.85 लाख शेयर 239.8 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर खरीदे। यह ब्लॉक डील ऐसे समय में हुई है जब पिछले कुछ समय से नजारा टेक्नोलॉजीज के शेयरों पर दबाव बना हुआ है। हालांकि, मंगलवार को नजारा का शेयर करीब 2 पर्सेंट चढ़कर 245.50 रुपये पर बंद हुआ। नजारा टेक्नोलॉजीज के शेयर परफॉर्मेंस की बात करें तो 240.90 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकालबे 247 रुपये तक गया। शेयर के 52 हफ्ते का हाई और लो क्रमशः 362.50 रुपये और 221.50 रुपये है। बता दें कि नजारा टेक्नोलॉजी भारत की इकलौती लिस्टेड गेमिंग कंपनी है, जो गेमिंग और डिजिटल मीडिया के कई सेगमेंट में काम करती है। कंपनी का कारोबार मोबाइल गेमिंग, ई-स्पोर्ट्स, एड-टेक, डिजिटल विज्ञापन और बच्चों के एजुकेशन टेक प्लेटफॉर्म तक फैला हुआ है। कंपनी के पोर्टफोलियो ब्रांड की बात करं तो किडोपिया, एनिमल गेम्स जैसे नाम प्रमुख हैं। इसके अलावा कंपनी के पास ऑफलाइन गेमिंग ब्रांड जैसे फंकी मंकी एंटरटेनमेंट भी हैं। डिजिटल विज्ञापन क्षेत्र में कंपनी की सहायक इकाई भी काम करती है। मुंबई की यह कंपनी ग्लोबली विस्तार कर रही है। इसके ऑपरेशन भारत के साथ-साथ उत्तरी अमेरिका और अन्य वैश्विक



बाजारों में भी मौजूद हैं। दिसंबर तिमाही में कंपनी की आय 406 करोड़ रुपये रही जबकि एबिटा सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 68 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान एबिटा मार्जिन भी बढ़कर 16.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। कंपनी के एमडी और सीईओ नीतीश मित्तरसेन ने बीते दिनों सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि हम अपने मौजूदा व्यवसायों में लगातार निवेश कर रहे हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, हमारे गेम जैसे एनिमल जैम को रोब्लॉक्स पर लॉन्च किया गया है।

# डूबती महिला को बचाने गए तीन युवकों की मौत

## महिला को निकाला गया सुरक्षित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के भागलपुर से एक बड़ी और दुखद खबर सामने आई है। यहां गंगा स्नान के दौरान एक महिला को बचाने के प्रयास में तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई है। यह घटना भागलपुर के धोधा घाट की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा स्नान के दौरान एक महिला अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। महिला को डूबता देख वहां मौजूद तीन युवक तुरंत उसे बचाने के लिए गंगा नदी में कूद पड़े।

बताया जा रहा है कि नया टोला ओलपुरा निवासी नंदलाल साह के 26 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार, शालिग्राम साह के 24 वर्षीय पुत्र सनी कुमार और 26 वर्षीय बॉबी कुमार अपनी फुआ रुकमनी देवी को बचाने के लिए गंगा में उतरे थे। लेकिन गंगा की तेज धारा के कारण तीनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से रुकमनी देवी को सुरक्षित गंगा नदी से बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों युवकों के शव गंगा नदी से बाहर निकाले गए। इसके बाद पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

# चैती छठ को ले ट्रैफिक रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को यातायात के एसओपी को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी साहिला ने की।

इस दौरान चैती छठ पर्व के मद्देनजर ट्रैफिक रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा यातायात उपाधीक्षक को दिया गया।

बैठक में शहर में संचालित ई-रिक्शा के संचालन को लेकर भी चर्चा हुई। डीटीओ और यातायात उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि वे ई-रिक्शा संचालकों के साथ बैठक कर निर्धारित रूटों के अनुसार कलर कोडिंग कराएं, ताकि ई-रिक्शा केवल अपने तय रूट पर ही चल सकें।

अधिकारियों ने कहा कि शहर में निर्धारित रूट पर कलर कोडिंग वाले ई-रिक्शा के संचालन से जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी।

बैठक में गोलंबर के पास यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया गया।

नगर परिषद क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को हेल्पलाइन नंबर जारी करने तथा शहर में वेंडिंग जोन और पार्किंग स्थल बनाने के लिए खाली पड़ी जमीन को चिह्नित कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया।

# निशांत पहुंचे जदयू कार्यालय

## कार्यकर्ताओं से मिले, युवा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा पर हैं। इधर, उनके बेटे निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड के दफ्तर पहुंच गए। निशांत कुमार को देखते ही कार्यकर्ता उत्साहित हो गए। इसके बाद उन्हें घेर लिया और उनके समर्थन में नारे लगाने लगे। ₹बिहार का सीएम कैसा हो?

## निशांत कुमार को पुष्पगुच्छ और शॉल किया गया भेंट

निशांत कुमार जैसा हो...₹ इस नारे से पूरा जदयू कार्यालय परिसर गूंज उठा। निशांत कुमार ने कार्यकताओं से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं भी आपके जैसा ही पार्टी का कार्यकर्ता हूं। आज आप सभी से मिलने आया हूं। निशांत कुमार से मिलने के लिए कई जिलों से जदयू के पदाधिकारी भी आये थे। सभी ने निशांत को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट किया।

इसके बाद वह जदयू कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में भी गए। उनके साथ मंत्री सुनील कुमार व अन्य कुछ युवा विधायक विधायक भी थे। निशांत ने जनता दरबार और अन्य कुछ मुद्दों पर बातचीत भी की। इसके बाद निशांत कमरे में चले गए।

यहां पर उन्होंने मंत्री सुनील कुमार और आठ युवा विधायकों से बातचीत की। हालांकि, उन्होंने क्या बातें की? यह बात अब तक सामने नहीं आई है। राजनीतिक गलियारे में इसे सीक्रेट मीटिंग का नाम दिया जा रहा है।

इधर, जदयू कार्यालय में निशांत के समर्थकों ने साफ कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाद निशांत ही पार्टी और राज्य की कमान संभाल सकते हैं। हमलोगों की मांग हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए।

# बिहार में रसोई गैस सिलेंडर की कमी नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है। बुकिंग कराने के बाद दो से तीन दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए गैस सिलेंडर की बुकिंग (नंबर लगाने की) करने की अनुमति है।

बुकिंग दर्ज होने के बाद दो से तीन दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बुधवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई।

इससे पहले, विभागीय मंत्री लेशी सिंह ने मंगलवार को कहा था कि घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर आम लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। बिहार सरकार घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति और उससे जुड़ी पेट्रोलियम एजेंसियों से सीधे संपर्क में है। मंत्री के निर्देश पर बुधवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से उच्चस्तरीय समीक्षा की गई।

इसके बाद विभाग ने आम लोगों को भरोसा दिलाते हुए यह अपील जारी की गई कि वे धैर्य बनाए रखें तथा अनावश्यक रूप से गैस वितरकों के यहां भीड़ न लगाएं और घरेलू गैस सिलेंडर संकट संबंधी किसी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं दें।


विभाग के मुताबिक, पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अतः आम उपभोक्ताओं को घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है।

# नाराज गैस उपभोक्ताओं ने नारेबाजी कर प्रबंधन पर जताया गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर थाना क्षेत्र के दुर्गा स्थान स्थित एक गैस एजेंसी पर बुधवार को उपभोक्ताओं ने जमकर बवाल काटा। घंटों कतार में खड़े रहने और होम डिलीवरी का शुल्क चुकाने के बावजूद गैस नहीं मिलने से नाराज लोगों ने एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी उनके पास मैसेज नहीं आ रहा है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। होम डिलीवरी को लेकर 18-20 रुपये ले रहे हैं, फिर गैस होम डिलीवरी नहीं मिल रही। नौबत यह है कि वितरण केंद्र पर 5-7 घंटे कतार में लगने के बाद भी गैस नहीं मिल रही। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय दीपक कुमार ने बताया कि वे सिलेंडर की होम डिलीवरी के लिए निर्धारित अतिरिक्त शुल्क का भुगतान पहले ही कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें खुद सिलेंडर लेने के लिए वितरण केंद्र तक आना पड़ रहा है।



भीषण गर्मी में घंटों लाइन में लगे रहने के बाद जब एजेंसी की ओर से गैस खत्म होने की बात कही। बिना वर्दी में गैस वितरण मनमानी तरीके से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गैस मिलें या नहीं। कालाबाजारी के यहां गैस जरुर मिल जा रही है।

उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि ऑनलाइन नंबर लगाने के बावजूद उनके मोबाइल पर कन्फर्मेशन मैसेज (ओटीपी) नहीं आ रहा है। बिना मैसेज के गैस देने से एजेंसी कर्मी इनकार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि एक ओर डिजिटल इंडिया की बात होती है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी खामियों की आड़ में आम जनता को परेशान किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में घरेलू गैस की किल्लत बनी हुई है। होली के बाद से ही सिलेंडरों की आवक कम होने की चर्चा है। हंगामे की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। एजेंसी संचालकों का कहना है कि स्टॉक की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

# पटरी मरम्मत का कार्य शुरू

**मुंगेर।** जमालपुर-भागलपुर-किऊल रेलखंड को अपग्रेड करने की दिशा में रेलवे ने पटरी मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। भविष्य में इस रेलखंड पर हाई स्पीड ट्रेनों के परिचालन को ध्यान में रखते हुए रेलवे ट्रैक और तकनीकी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

रेलवे के पीडब्ल्यूआई विभाग के कर्मचारियों द्वारा रूटीन में पटरी मरम्मत का कार्य किया जाता रहा है, लेकिन इस बार जमालपुर-भागलपुर-किऊल और मुंगेर रेलखंड पर विशेष अभियान चलाकर ट्रैक को और बेहतर बनाया जा रहा है।

मरम्मत कार्य के दौरान डायमंड क्रासिंग स्लीपर के रिन्यूअल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा बारीकी से निरीक्षण कर स्लीपर और पटरी की स्थिति को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और सुचारू रूप से हो सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक को मजबूत और आधुनिक बनाने के बाद इस रेलखंड पर तेज गति से ट्रेनों के संचालन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

# गैस पाइप लाइन योजना नगर निगम की हठ धर्मिता से खटाई में : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर में 2023 में ही पानी की तरह घर- घर पाइप लाइन के जरिए रसोई गैस पहुंचाने की योजना गया नगर निगम द्वारा 45 किलोमीटर गैस पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार को सड़क, गली खोदने हेतु एनओसी यानी अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं देने के कारण यह योजना वर्षों से खटाई में पड़ा हुआ है।

उपर्युक्त बातें बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, सुजीत गुप्ता आदि कहा कि गया जी शहर में वर्षो पहले गैस पाइप लाइन परियोजना का कार्यान्वयन केवल मानपूर के वार्ड नंबर 50, 51, 52, 53 के लगभग तीन- चार हजार घरों में ही पाईप लाइन से गैस चूल्हा जल रहा है जबकि गया नगर निगम अगर 2021 में पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार को अनापत्ति प्रमाणपत्र दे देता तो आज सभी घरों में पाइप लाइन से गैस चूल्हा जलता तथा उन्हें गैस सिलेंडर के लिए लाइन नहीं लगाने पड़ते।

नेताओं ने कहा कि आज ईरान-इजराइल युद्ध के चलते भारत में कॉमर्सियल गैस की आपूर्ति बंद करने, घरेलु गैस के दाम में 60 रुपया की वृद्धि, गैस बुकिंग 18 दिन के बदले 25 दिन करने के सरकारी आदेश से पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है, आमजन गैस सिलेंडर के लिए नंबर में लगे हैं। 1000 रुपया के जगह 2000 से 3000 तक में गैस सिलेंडर ब्लैक हो रहा है।

नेताओं ने कहा आज शहर में गैस को लेकर हाहाकार के लिए गया नगर निगम पूरी तरह जिम्मेवार है क्योंकि इसी के द्वारा पाइप लाइन बिछाने वाले ठीकदार से द्वारा नगर सरकार को मोटी रकम नहीं देने के कारण अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिलना मुख्य कारण है। नेताओं ने कहा कि यदि गया जी में 2023 में ही घर- घर पाइप लाइन से गैस मिलता तो आज गया वासियों को सिलिंडर के झमेला से मुक्त रहता ।

# जब्त शराब का किया गया विनिष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना पुलिस द्वारा विभिन्न कांडों में अलग-अलग स्थानों से जब्त की गई बड़ी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब का बुधवार को विनिष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई प्रखंड मुख्यालय परिसर के समीप प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई विनिष्टीकरण की प्रक्रिया प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह की देखरेख में की गई। इस दौरान जब्त शराब को जेसीबी मशीन की सहायता से गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया और बाद में उसे मिट्टी के नीचे दबा दिया गया, ताकि दोबारा उसका दुरुपयोग न हो सके इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अलग-अलग समय पर चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान बरामद शराब को न्यायालय के निदेशर्नानुसार नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 2367.595 लीटर शराब का विनिष्टीकरण किया गया, जिसमें 459 लीटर देशी शराब तथा 1908.595 लीटर विदेशी (अंग्रेजी) शराब शामिल है थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।



अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। साथ ही उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि अगर कहीं अवैध शराब से संबंधित गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके विनिष्टीकरण के दौरान थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार अपार थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार, शैलेश कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

# चाचा ने भतीजी के साथ किया दुष्कर्म

**शेखपुरा।** जिला के एक गांव में रिश्तों को कलंकित करते हुए चाचा ने अपनी ही भतीजी का दो वर्षों का यौन शोषण करता रहा। इससे भी जी नहीं भरा तो नीचता की हद पार करते हुए भतीजी की शादी हो जाने पर चाचा ने उसके पति को आपत्तीजनक और अश्लील वीडियो भेज दिया। इसके बाद अब पीड़ित भतीजी ने चाचा पुरुषोत्तम कुमार उर्फ प्रेम कुमार के विरुद्ध शेखपुरा के महिला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला थाना के थानाध्यक्ष अनामिका कुमारी ने बताया यह मामला जिला के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने पीड़ित युवती का मेडिकल जांच बुधवार को सदर अस्पताल में कराया। प्राथमिकी के बाद आरोपित चाचा पुरुषोत्तम कुमार घर छोड़कर फरार हो गया है। अनामिका कुमारी ने बताया चाचा पुरुषोत्तम कुमार दो वर्ष पूर्व अपनी भतीजी को झांसे में लेकर उससे शारीरिक संबंध बना लिया था और धोखे से उसका वीडियो भी बना लिया था। बाद में इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर चाचा दो वर्षों तक भतीजी का यौन शोषण करता रहा।

# शाम ढलने के बाद जिले में फायरिंग का बढ़ा ट्रेंड

## एक महीने में दर्जन भर घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में इन दिनों दिन की अपेक्षा शाम ढलने के बाद फायरिंग की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसे लेकर संवाददाता ने 12 फरवरी से 11 मार्च के बीच हुई घटनाओं की पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

इस दौरान जिले में करीब दर्जनभर स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं। इनमें अधिकांश वारदातें शाम ढलने के बाद या रात में हुई हैं, जबकि एक-दो घटनाएं दिन में भी सामने आई हैं। इन मामलों में कुछ कांडों में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। हालांकि, कई घटनाओं में अब तक न तो आरोपितों की गिरफ्तारी हो सकी है और न ही हथियार बरामद हो पाए हैं। फायरिंग की इन घटनाओं में एक-दो मामलों को छोड़ दें तो संयोगवश किसी की जान नहीं गई है।

हालांकि, गोली लगने से जख्मी कुछ लोग का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। एक-दो वारदातों छोड़ दें तो अधिकांश वारदातें आपसी रंजिश, भूमि विवाद एवं इंस्टाग्राम पर उपजे विवाद में घटित हुई हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी और अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है, लेकिन, लगातार हो रही वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं।



12 फरवरी की रात गजराजगंज ओपी अन्तर्गत आरा-बक्सर हाईवे पर गजराजगंज ओवरब्रिज के समीप हथियार बंद बाइक सवार बदमाशों ने मार्केट से अपने ससुराल कारीसाथ पैदल जा रहे बक्सर जिला निवासी शौकत अली को छिनतई के प्रयास के दौरान गोली मार दी थी। 13 फरवरी की देर शाम बड़हरा थाना के केशोपुर गांव में घर में प्रवेश करने को लेकर दो गुटों के बीच झड़प व गोलीबारी की घटना हुई थी। जिसमें गोली के छर्रा से घायल सुजीत चौधरी के बड़े भाई अजय चौधरी के बयान पर आठ नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपितों सुधीर सिंह व दीपक सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। 25 फरवरी की रात चरपोखरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर सेमरांव-ध्यानी टोला के समीप हथियार बंद बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक चंदन कुमार को गोली मार दी थी। बाद में चरपोखरी के कनई गांव निवासी घायल के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई थी। 28 फरवरी की शाम नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ला में इंस्टाग्राम पर उपजे विवाद में एक किशोर आदर्श कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर मृतक की मां अनुराधा देवी ने छह के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। जिसमें एक मंजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। चार मार्च की रात बहोरनपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में पूर्व के भूमि विवाद में अखिलेश ठाकुर को गोली मारी गई थी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसे लेकर तीन नामजद समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई थी। चार मार्च की रात टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिंद टोली अखाड़ा के समीप एक-दूसरे को रंग लगाए जाने के दौरान उपजे विवाद में दो गुटों में भिड़ंत हो गई थी। बिंद टोली व मीरगंज कोल्ड स्टोरेज निवासी दोनों पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी भी हुई थी, लेकिन संयोग से कोई हताहत नहीं हुआ था। पांच मार्च की देर शाम पूर्व की रंजिश में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पीलापुर गांव में एक किसान सरोज सिंह को गोली मारी गई थी। पंजरी में गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसे लेकर छह के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी।

# ध्वनि तरंगों और कंपन से हो रही तेल और प्राकृतिक गैस की जांच

## चार स्थानों पर लगाए गए विशेष उपकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के पातेपुर प्रखंड के नीरपुर गांव में तेल और प्राकृतिक गैस की संभावनाओं की तलाश को लेकर सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है। एक निजी कंपनी की तकनीकी टीम पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सक्रिय होकर वैज्ञानिक तरीके से भू-वैज्ञानिक जांच कर रही है। इस गतिविधि से गांव और आसपास के इलाकों में लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार अल्फाजियो इंडिया लिमिटेड की तकनीकी टीम इस सर्वेक्षण कार्य को अंजाम दे रही है। टीम विशेष उपकरणों और वाहनों के साथ गांव तथा आसपास के इलाकों में पहुंचकर जांच कर रही है। जमीन के भीतर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है। कंपनी के विशेषज्ञों द्वारा जमीन के कंपन और ध्वनि तरंगों के आधार पर सर्वे किया जा रहा है। इस तकनीक से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जमीन के भीतर तेल या प्राकृतिक गैस का भंडार मौजूद है या नहीं।

कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि यह प्रारंभिक जांच प्रक्रिया है। नीरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 14 में चार अलग-अलग स्थानों पर उपकरण लगाकर परीक्षण किया जा रहा है। इन उपकरणों के माध्यम से जमीन के भीतर की संरचना का अध्ययन किया जा रहा है।

सर्वेक्षण कार्य के दौरान स्थानीय लोगों से भी सहयोग लिया जा रहा है। कंपनी की टीम कई वाहनों और तकनीकी उपकरणों के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। इस सर्वे को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है।



ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां तेल या प्राकृतिक गैस का भंडार मिलता है तो इलाके के विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

फिलहाल क्षेत्र में सर्वेक्षण का कार्य जारी है और विशेषज्ञ टीम लगातार जांच में जुटी हुई है। सर्वे के बाद तैयार होने वाली रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। इसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इस क्षेत्र में तेल या गैस के भंडार की वास्तविक स्थिति क्या है।

# राष्ट्रीय जनगणना 2027 की तैयारी तेज

**सिवान।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 की तैयारी पहली बार पूरी तरह डिजिटल तरीके से कराने की तैयारी तेज हो गई है।

त्रुटिरहित जनगणना कार्य संपन्न कराने को लेकर शहर के आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में आईटी मैनेजर, नेटवर्क अभियंता, जनगणना कोषांग के सभी कर्मी, चार्ज स्तर के सभी लिपिक एवं सभी अस्थाई तकनीकी सहायक चार्ज समेत 63 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

मंगलवार को मास्टर ट्रेनर सह जिला योजना पदाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।

इस दौरान जनगणना के प्रत्येक चरण, उसकी समय-सीमा तथा डाटा संग्रहण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि जनगणना 2027 का डाटा संग्रहण मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा तथा इसकी मॉनीटरिंग केंद्रीय पोर्टल के जरिए की जाएगी। इससे डाटा संग्रहण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी हो सकेगी।

# प्रेमी-प्रेमिका का हाई वोल्टेज ड्रामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र में एनएच - 20 के किनारे स्थित एक होटल के पास मंगलवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक युवक ने कथित तौर पर अपनी प्रेमिका का सिर ईंट फोड़ दिया। सड़क पर हो रही मारपीट को देख आसपास के लोग मौके पर जुट गए और युवक को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही युवती के स्वजन भी वहां पहुंच गए। उसके बाद काफी देर तक हंगामा हुआ।

युवक दीपनगर थाना क्षेत्र का निवासी है, जबकि युवती सिलाव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। युवती ने दावा किया कि दोनों दूर के रिश्तेदार हैं। उसने बताया कि कई वर्षों से हमदोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं। परिवार वालों की सहमति से दोनों की शादी भी तय हो गई थी।

युवती के अनुसार, फरवरी में युवक उसे मिलने के लिए राजगीर बुलाया था। वहां उसने दहेज की मांग करते हुए शादी से इनकार कर दिया। इसके बावजूद दोनों के बीच बातचीत जारी रही।

मंगलवार को युवक ने फिर उसे मिलने के लिए सोहसराय के एक होटल में बुलाया। होटल के कमरे में दोनों के बीच काफी देर तक बहस होती रही।

युवती का कहना है कि जब युवक रिश्ता तोड़कर जाने लगा तो उसने पैर पकड़कर शादी करने की गुहार लगाई। इसी दौरान गुस्से में आकर युवक ने पास में पड़ी ईंट से उसका सिर फोड़ दिया।


वहीं, युवक ने युवती के आरोपों को गलत बताया है। उसका कहना है कि युवती के स्वजन उस पर जबरन शादी करने का दबाव बना रहे हैं।

मंगलवार को जब वह उससे मिलने पहुंचा तो युवती हाथ में सिंदूर की डिब्बी लेकर आई थी और जबरन मांग भरवाने की कोशिश कर रही थी। इसी कारण वह होटल से बाहर निकलकर जा रहा था।

# वर्ल्डकप जीतकर घर लौटे क्रिकेटर्स का जोरदार स्वागत

## सूर्या बोले- हमारा अगला टारगेट ओलिंपिक गोल्ड, ईशान ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला





मुंबई (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय प्लेयर्स अपने-अपने घर पहुंच रहे हैं। जहां सभी का जोरदार स्वागत किया जा रहा है। मुंबई में कप्तान सूर्यकुमार यादव, पटना में ईशान किशन और दिल्ली में हेड कोच गौतम गंभीर का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत हुआ। मुंबई में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा- हमारा अगला गोल है - 2028 में भारत के लिए ओलिंपिक गोल्ड जीतना। उसी साल टी-20 वर्ल्ड कप भी होगा, इसलिए हम टी20 हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

# टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में अर्शदीप पर जुर्माना

## ● न्यूजीलैंड के मिचेल की ओर गेंद फेंकी थी, मैच फीस का 15 प्रतिशत कटा, डिमेरिट पॉइंट भी मिला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्डकप 2026 के फाइनल में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन के कारण जुर्माना लगाया गया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल की ओर गेंद फेंकने की घटना के बाद आईसीसी ने उन पर कार्रवाई की। मंगलवार को जारी बयान में अर्शदीप की मैच फीस का 15 प्रति. काटने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया। 8 फरवरी को फाइनल में अर्शदीप ने गुस्से में आकर मिचेल की तरफ गेंद फेंकी थी। जो उनके पैड्स पर लगी थी।


### लेवल-1 के तहत जुर्माना

यह कार्रवाई आईसीसी की आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के मामले में की गई। फाइनल मैच रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया था। इसमें भारत ने 96 रन से कीवी टीम को हराकर लगातार दूसरी और ओवरऑल तीसरा टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बनी थी।



### मिचेल की कोहनी पर बॉल लगी

न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में अर्शदीप ने अपने फॉलो थ्रू में गेंद फील्ड की ओर वापस फेंकी, जो बल्लेबाज डेरिल मिचेल को लग गई। इसे आईसीसी आचार संहिता के आर्टिकल 2.9 का उल्लंघन माना गया। इस नियम में मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद या अन्य उपकरण फेंकने को गलत माना



● **एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला-** जुर्माने के साथ अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला मामला है। मैदान पर मौजूद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ, थर्ड अंपायर अलाउद्दीन पलेकर और फोर्थ अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक ने यह आरोप लगाया था। मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने जो सजा प्रस्तावित की, उसे अर्शदीप ने स्वीकार कर लिया।

# धोनी आईपीएल 2026 में सभी मैच खेलेंगे

## ● सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने दिए जवाब

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आने वाले एडिशन में सभी मैच खेल सकते हैं, साथ ही यह भी कहा कि उनके खेलने के रोल पर आखिरी फैसला टीम मैनेजमेंट करेगा। आईपीएल का 19वां एडिशन 28 मार्च से शुरू होने वाला है और सभी फ्रेंचाइजी ने इस कैश-रिच इवेंट की तैयारी के लिए अपने ट्रेनिंग कैंप शुरू कर दिए हैं। हाल ही में खत्म हुए टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा रहे खिलाड़ी जल्द ही अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ेंगे और टूर्नामेंट के लिए ट्रेनिंग शुरू करेंगे।

सीएसके के लीजेंड धोनी के आईपीएल 2026 में मेन इन येलो के लिए खेलने के साथ उनकी उम्र को देखते हुए विकेटकीपर-



बल्लेबाज के सभी मैचों में हिस्सा लेने को लेकर चिंता थी। हालांकि कासी ने ऐसी सभी चिंताओं को खारिज कर दिया और कहा, मेरे हिसाब से वह सभी मैच खेलेंगे। टीम में अब एक और विकेटकीपर-बैटर सैमसन के होने से टूर्नामेंट में वह क्या रोल निभाएंगे? उन्होंने कहा, यह मैं नहीं कह सकता। यह क्रिकेट का फैसला है जो क्रिकेट स्टाफ लेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ नहीं। इसलिए वे तय करेंगे कि वह बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे या विकेटकीपर-बैटर के तौर पर, या एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर। देश में शुरू होने वाले चुनावी प्रोसेस को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट का शेड्यूल गुरुवार को घोषित होने की संभावना है। कासी ने कन्फर्म किया कि पांच बार के चैंपियन अपने सभी होम मैच चेन्नई में खेलेंगे। उन्होंने कहा, हमें सिर्फ तमिलनाडु में ही खेलना है। इसलिए हम बीसीसीआई द्वारा शेड्यूल अनाउंस किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के अ20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कैंपेन में मैच जिताने वाले परफॉर्मेंस देने वाले फ्रेंचाइजी के प्लेयर्स संजू सैमसन और शिवम दुबे पर गर्व जताया और कहा, हम बहुत खुश हैं कि भारत ने वर्ल्ड कप जीता है, वो भी बैक-टू-बैक। हम इसलिए खुश हैं क्योंकि सीएसके के दो प्लेयर्स, संजू और शिवम दुबे ने बहुत अच्छा परफॉर्म किया है। इससे हमें टीम पर बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है कि वह यहां भी सीएसके के लिए अच्छा करेगी। कैंप में प्लेयर्स की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, प्रैक्टिस अच्छी चल रही है, अभी तक कोई प्रॉब्लम नहीं हुई है।

# भारत सिर्फ घरेलू पिचों पर 200+ रन नहीं बनाता: कोच गंभीर

## ● लग गया था कि संजू बेहतर करेगा, आंकड़े नहीं, अंतरात्मा की आवाज पर चलता हूं

### मेरा काम सुपरस्टार नहीं, सुपर टीम बनाना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने कई मुद्दों पर बात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने भारतीय पिचों पर उठे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि टी-20 बैटर्स का खेल है और भारत ने विदेशों में भी 200 से ज्यादा स्कोर बनाया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका में भी ऐसा स्कोर बनाया है। टीम इंडिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ भारत तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गया और साथ ही टाइटल डिफेंड करने वाला पहला देश भी बन गया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने अपनी कोचिंग फिलॉसफी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य टीम में सुपरस्टार बनाना नहीं बल्कि एक मजबूत सुपर टीम तैयार करना है।



गंभीर ने अपनी कार्यशैली पर बात करते हुए कहा कि वह फैसले लेते समय डेटा से ज्यादा अपनी समझ और अंतरात्मा की आवाज पर भरोसा करते हैं। उन्होंने संजू सैमसन को लगातार मौका देने की वजह, अपनी नियुक्ति और टीम के भविष्य पर भी चर्चा की। साथ ही पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद के ट्रॉफी को मंदिर ले जाने पर दिए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई।

### 'भारत में विकेट तैयार करने का आरोप गलत'

टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पिचों को लेकर उठे सवालों पर टीम इंडिया के हेड कोच ने कहा कि भारत अपने फायदे के लिए पिच तैयार करता है, यह आरोप गलत है और अक्सर ऐसे बयान विवाद और टीआरपी के लिए दिए जाते हैं। गंभीर के मुताबिक टी-20 क्रिकेट अब बैटर्स का खेल बन चुका है और दुनियाभर में बड़े स्कोर बन रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसे देशों में भी 200 से ज्यादा रन बनाए हैं, इसलिए इसे सिर्फ घरेलू पिचों से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट में पिचों की जिम्मेदारी इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल की होती है, बीसीसीआई की नहीं। इसलिए भारत के लिए विकेट तैयार करने का सवाल ही नहीं उठता। गंभीर ने कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने वहां करीब 180 रन बनाए थे, जबकि बाकी टीमें उसी पिच पर करीब 140 रन तक ही पहुंच सकीं, लेकिन तब किसी ने पिच पर सवाल नहीं उठाए। टी-20 मैच में दर्शक बड़े स्कोर देखना चाहते हैं। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका में भी हाई स्कोरिंग मैच आम हो गए हैं।

### डेटा नहीं, अपनी समझ पर भरोसा करता हूं

गंभीर का कहना है, 'कोच के तौर पर फैसले लेते समय मैं डेटा से ज्यादा अपनी समझ पर भरोसा करता हूं। हर कोच की टीम को लेकर अपनी अलग सोच और नजरिया होता है।' गंभीर ने कहा कि अगर मुझे लगता है कि कोई फैसला टीम के लिए सही है तो उस पर कायम रहता हूं और गलत साबित होने पर जिम्मेदारी भी स्वीकारता हूं। टीम का खेल, व्यवहार और माहौल मेरी अपनी सोच और विजन का हिस्सा है, जबकि भविष्य में आने वाला कोच अपनी सोच के साथ टीम को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर मैं वीवीएस लक्ष्मण और अजीत अगरकर जैसे अनुभवी लोगों से क्रिकेट पर चर्चा करता हूं।

# जसप्रीत बुमराह टी-20 कम, वनडे ज्यादा खेलेंगे

### 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी पर रहेगा फोकस, वर्कलोड मैनेज करेगा बोर्ड

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब टी-20 सीरीज कम खेलेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप तक ज्यादा वनडे मैच खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बना रहे हैं। ताकि 2027 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी बेहतर हो सके। बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से लिखा है कि अगले कुछ समय में द्विपक्षीय टी20 सीरीज में बुमराह को कम मौके दिए जा सकते हैं।

**बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद वनडे नहीं खेला-** बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे क्रिकेट खेलने उतरे थे।

**2027 वर्ल्डकप तक टी-20 की प्राथमिकता कम-** अक्टूबर-नवंबर 2027 तक टी20 इंटरनेशनल टीम के लिए कम प्राथमिकता वाला फॉर्मेट माना जा रहा है। इसी दौरान जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर सकते हैं। अब आईसीसी का अगला टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्डकप होगा। उसी साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का



फाइनल भी खेला जाएगा। 2028 में अगला टी-20 वर्ल्ड कप, ओलिंपिक गेम्स और चैंपियंस ट्रॉफी शेड्यूल्ड हैं।

**आईपीएल के बाद तैयार होगी रणनीति-** आईपीएल के बाद सिलेक्शन कमेटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और टीम मैनेजमेंट मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। आईपीएल में बुमराह मुंबई इंडियंस के पेस अटैक की अगुआई करने वाले हैं।

### बड़े टूर्नामेंट में बुमराह की फिटनेस अहम

भारत के बड़े टूर्नामेंट अभियानों में बुमराह की फिटनेस बेहद अहम रहती है। ऐसे में उनके मैचों और फॉर्मेट को लेकर काफी सावधानी बरती जाएगी। बुमराह पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 14 विकेट झटके। वे अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द फाइनल भी चुने गए थे।

### एफआईएफए अध्यक्ष बोले- ट्रम्प मंजूरी देंगे, युद्ध के कारण टीम-फैंस पर ट्रैवल बैन लगाया था

# ईरानी टीम अमेरिका की मेजबानी में फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलेगी

**एरिजोना (एजेंसी)।** ईरान फुटबॉल टीम ने फरवरी में अमेरिका के एरिजोना में वर्ल्ड कप की तैयारियां करनी शुरू कर दी दी थी। टीम ने 7वीं बार फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। टीम अब तक 3 मैच ही जीत सकी है। - ईरान फुटबॉल टीम ने फरवरी में अमेरिका के एरिजोना में वर्ल्ड कप की तैयारियां करनी शुरू कर दी दी थी। टीम ने 7वीं बार फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। टीम अब तक 3 मैच ही जीत सकी है।

दुनिया में फुटबॉल संचालित करने वाली संस्था एफआईएफए के अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने कहा है कि ईरान की फुटबॉल टीम अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में हो रहे वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी। इन्फैन्टिनो ने बताया कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भरोसा दिलाया है कि ईरान की नेशनल टीम को 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने अमेरिका आने दिया जाएगा।



अमेरिका-ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण ईरान पर ट्रैवल और वीजा बैन के बाद टीम की भागीदारी को लेकर सवाल उठ रहे थे। फुटबॉल वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको के 16 शहरों में खेला जाएगा।

इन्फैन्टिनो ने एक्स पोस्ट पर कहा- मैंने मंगलवार रात ट्रम्प से वर्ल्ड कप की तैयारियों पर चर्चा की।

### ईरान का पहला मैच कैलिफोर्निया में होगा

2026 वर्ल्ड कप में ईरान के ग्रुप मैच तय हैं। टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में न्यूजीलैंड से खेलेगी। 21 जून को बेल्जियम और 26 जून को सिएटल में मिस्र से मुकाबला होगा। ईरान को ग्रुप त्न में बेल्जियम, मिस्र और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है।

**ईरानी फुटबॉल प्रेसिडेंट ने कहा था- हमारा वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल-** 9 दिन पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा था कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा था- 'इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें।' इतना ही नहीं, ट्रम्प सरकार ने ईरानी फैंस को देश में एंट्री देने से मना कर दिया था। 2022 के फीफा वर्ल्ड कप में ईरान और अमेरिका के बीच मुकाबला खेला गया था।



# हॉल ऑफ फेम में शामिल दिग्गज अमेरिका कोच मैक ब्राउन के लीडरशिप मंत्र, 50 साल तक कोच रहे

### बोले- टीम जीत रही हो तो लगाम कसें, टूटने पर सहारा दें

**टेक्सास (एजेंसी)।** अमेरिका के दिग्गज कोच मैक ब्राउन को खेल जगत के सबसे सफल और सम्मानित कोचों में गिना जाता है। 50 साल के कोचिंग करियर में उन्होंने 288 मैच जीते। वे 2005 में टेक्सास यूनिवर्सिटी को नेशनल चैम्पियन बनाने वाले कोच रहे और हॉल ऑफ फेम में भी शामिल हैं। उनकी सफलता केवल स्कोरबोर्ड तक सीमित नहीं रही। कोचिंग अनुभव के आधार पर ब्राउन ने लीडरशिप से जुड़े चार सबक बताए, जो मैदान से लेकर कॉर्पोरेट ऑफिस तक हर लीडर के काम के हैं। लीडर की असली जिम्मेदारी टीम को यह बताना कि वे जीत सकते हैं- 1984 में अपनी टीम के खराब खेलने पर उन्होंने खिलाड़ियों को फटकारा था। टीम वह मैच हार गई। तब दिग्गज कोच बैरी स्विट्जर ने कहा था कि तुमने टीम से कहा कि वे हार जाएंगे और वे हार गए। ब्राउन कहते हैं, 'जब टीम ऊंचाइयों पर हो और आत्ममुग्ध हो रही हो, तब उन पर दबाव डालें। लेकिन जब मुश्किल में हों और आत्मविश्वास गिरा हुआ हो, तब उन्हें प्रेरित कर बताना चाहिए कि वे जीत सकते हैं।'

● **काम के तनाव के बीच आपस में हंसी-मजाक होना भी बहुत जरूरी है-** 2005 के रोज बाउल मैच से पहले ब्राउन की टीम काफी दबाव में थी। खिलाड़ी आपस में बात तक नहीं कर रहे थे। ब्राउन को एहसास हुआ कि अगर तनाव बना रहा, तो हार जाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ जोक्स शेयर कर तनाव कम करने का तरीका अपनाया। ब्राउन कहते हैं, 'लीडर को पता होना चाहिए कि माहौल को कब हल्का करना है। तनाव में काम बिगड़ता है, खुशी में टीम पूरी क्षमता से प्रदर्शन करती है।'

● **हारने के बाद शब्दों का काफी सोच-समझकर चयन करना चाहिए-** ब्राउन का मानना है कि एक लीडर के शब्द बहुत शक्तिशाली होते हैं, खासकर हार के बाद। कोच गुस्से में ऐसी बातें कह देते हैं जिनसे बाद में उन्हें पश्चाताप होता है।

# भारत विमेंस फुटबॉल एशियन कप से बाहर

## कप्तान स्वीटी देवी और गोलकीपर पंथोई चोटिल, अस्पताल में भर्ती कराया गया



### चाइनीज ताइपे ने 3-1 से हराया

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत विमेंस फुटबॉल एशियन कप से बाहर हो गया है। मंगलवार को एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को चाइनीज ताइपे के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया।

इस मैच में जीत भारत के लिए बेहद जरूरी थी, क्योंकि अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे कम से कम दो गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी थी। मुकाबले के दौरान भारतीय कप्तान स्वीटी देवी और गोलकीपर पंथोई चोटिल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

**भारत ने कई मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं कर पाया-** सिडनी में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने लंबे समय तक गेंद पर नियंत्रण रखा और कई मौके भी बनाए, लेकिन अंतिम हिस्से में टीम गोल करने में नाकाम रही। इसी वजह से टीम को हार झेलनी पड़ी और टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। भारत इससे पहले ग्रुप स्टेज में वियतनाम और जापान से भी हार चुका था।

**12वें मिनट में चाइनीज ताइपे की बढ़त-** मैच के 12वें मिनट में चाइनीज ताइपे ने बढ़त बना ली। संजू के खराब बैक पास के बाद जे डब्ल्यू चेन ने गेंद वाई एच सू को पास की, जिन्होंने खाली गोलपोस्ट में गेंद डाल दी। भारत ने 39वें मिनट में वापसी की।

## संक्षिप्त समाचार

### हस्तसाल पुनर्वासित कॉलोनी में अवैध निर्माणों पर निगम का एक्शन जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तम नगर थाना क्षेत्र स्थित हस्तसाल पुनर्वासित कॉलोनी के ऐसे घर



जहां नियमों को ताक पर रखकर विस्तार किया गया है, उस पर निगम का हथौड़ा चल रहा है। इसकी शुरुआत आठ मार्च को तरुण हत्याकांड से जुड़े मुख्य आरोपित के घर से हुई थी। पुलिस की मौजूदगी में निगम दस्ते ने आरोपित की इमारत के अवैध हिस्से को ढहा दिया। निगम अधिकारी इसे रूटीन की कार्रवाई बताते हुए कहते हैं कि यह सिलसिला अभी जारी रहेगा। हमलोगों ने सर्वे का ऐसे संपत्ति मालिकों को नोटिस भेजने का काम शुरू कर दिया है। नोटिस जारी होने के बाद ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निगम ने फिलहाल तीन इमारतों को चिन्हित किया है। नोटिस में बताया गया है कि इमारत में कहां और किस हिस्से का अवैध विस्तार किया गया है। सूत्रों का कहना है कि तीनों ही इमारत उसी ब्लाक के हैं, जिसमें तरुण का घर है। निगम ने ऐसी इमारतों को सील करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिसमें अवैध रूप से रंगाई का काम होता है। निगम अधिकारियों का कहना है कि ए ब्लॉक में तीन संपतियों को सील किया गया है। तीनों ही जगह रंगाई का अवैध काम होता था।

### दिल्ली पुलिस का ड्रग्स माफिया पर बड़ा प्रहार, 17 हजार किलो नशीले पदार्थ बरामद

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की पुलिस ने ड्रग्स माफिया के खिलाफ विशेष अभियान में 17 हजार किलोग्राम से ज्यादा नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। ड्रग्स माफिया के खिलाफ 5467 एफआइआर दर्ज की गई और अब तक 2640 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा ड्रग्स तस्करों की संपत्तियों को गिराने के लिए 29 संयुक्त अभियान भी चलाए। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा



में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की ओर से पूछे एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। बिधूड़ी ने पूछा था कि क्या दिल्ली पुलिस राजधानी को नशामुक्त बनाने के लिए ड्रग माफिया के खिलाफ कोई विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने यह भी पूछा था कि इस संबंध में कितनी एफआईआर की गई, कितनी गिरफ्तारियां की गई, कितने मादक पदार्थ बरामद हुए और ड्रग माफिया की कितनी प्रापर्टी को बुलडोजर से ढहाया गया। गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 'आपरेशन कवच' शुरू किया है। 13 मई 2023 से इस साल 23 जनवरी तक दिल्ली पुलिस ने ड्रग माफिया के खिलाफ कुल 12 ऐसे विशेष अभियान चलाए हैं। इनमें 9,694 स्थानों पर छापेमारी करके ड्रग्स बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इन अभियानों के साथ ही दिल्ली पुलिस ने 2023 से 15 फरवरी 2026 तक ड्रग्स से संबंधित कुल मिलाकर 5,467 एफआइआर दर्ज की हैं और 7,134 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 17,435 किलोग्राम नशीले पदार्थ पकड़े गए, जिनमें चरस, अफीम, गांजा, स्मैक, हेरोइन, खसखस और कोकीन आदि शामिल हैं। बिधूड़ी के सवाल के जवाब में गृह राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली पुलिस ने इस दौरान ड्रग्स माफिया की कोई प्रापर्टी तो जब्त नहीं की लेकिन स्थानीय निकायों के साथ मिलकर ड्रग्स तस्करों की संपत्तियों को ढहाने के लिए 29 संयुक्त अभियान चलाए हैं।

# दिल्ली के कड़कड़ी मोड़ पर जाम मुक्ति ट्रायल: पहले दिन ही सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकास मार्ग को जाम मुक्त बनाने का कार्य पिछले एक साल से चल रहा है। इसी कड़ी में कड़कड़ी मोड़ को जाम मुक्त करने के लिए यातायात पुलिस ने पीडब्ल्यूडी के साथ मिलकर एक सप्ताह का ट्रायल शुरू किया है। सिग्नल को बंद करके, उसके पास ही कड़कड़ी मोड़ फ्लाईओवर के नीचे दो यू-टर्न बनाएं गए हैं। मंलगवार को पहले ही दिन ट्रायल की वजह से विकास मार्ग, विकास मार्ग एक्सटेंशन और स्वामी दयानंद मार्ग पर कड़कड़ी मोड़ से जगतपुरी और कड़कड़ी मोड़ से फ्लाईओवर के ऊपर तक जाम लगा। विकास मार्ग पूर्वी दिल्ली को आइटीओ से जोड़ता है। इस मार्ग पर कई मार्केट हैं। वाहनों का दबाव अधिक है। यातायात पुलिस मार्च 2025 से विकास मार्ग को जाम मुक्त बनाने में जुटी है। उस वक्त के यातायात पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार रावल ने निर्माण विहार, प्रीत विहार और लक्ष्मी नगर मार्केट के सिग्नल को बंद करके यू-टर्न बनाए गए थे। यह सिग्नल थोड़ी-थोड़ी दूरी पर थे। एक माह का ट्रायल सफल रहने के बाद व्यवस्था लागू कर दी थी। पुलिस का दावा है इससे विकास मार्ग व पटपड़गंज रोड पर जाम कम हुआ था। कड़कड़ी मोड़ पर सिग्नल होने से विकास मार्ग पर मोड़ के पास जाम लगा रहता था। यहां पर चार पांच सड़कों का यातायात आकर मिलता था, इससे जाम की स्थिति रहती



थी। ट्रायल के चलते पुलिस ने सिग्नल को बंद कर दिया है। वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए दिशासूचक बोर्ड भी यहां लगाए गए हैं। पहले दिन ट्रायल की वजह से वाहन चालकों ने जाम का सामना किया। यातायात पुलिस ने बताया कि कड़कड़ी मोड के सिग्नल को बंद करवा दिया गया है। तीन जगह यू-टर्न बनाए गए हैं। उम्मीद जताई धीरे-धीरे व्यवस्था सुधरेगी। कड़कड़ी मोड़ के पास पीडब्ल्यूडी की सड़क को लोगों ने अवैध मलबा साइट बनाया हुआ है। आधी सड़क मलबे से घिरी रहती है। यहां पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश शर्मा समेत कई अधिकारी निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन मलबा डलना बंद नहीं हुआ। पूर्वी जिला विकास समिति की बैठक में भी मुद्दा उठा था, नेताओं ने दावे किए थे व्यवस्था बदलेगी। इस मलबे व डीटीसी की बसों व बड़े वाहनों की वजह से ट्रायल के पहले दिन जाम लगा।

मधु विहार, हसनपुर डिपो, टेल्को पाइंट से आने वाले वाहन चालकों को अगर कड़कड़डूमा जाना है तो उन्हें कड़कड़ी मोड़ से बाएं लेना होगा। मोड़ से कुछ ही दूरी पर राजधानी एन्क्लेव के पास यू-र्टन बनाया गया है। वाहन चालकों को इस यू-टर्न का इस्तेमाल करना होगा। इसके बाद कड़कड़ी मोड़ फ्लाईओवर के नीचे बनाए गए यू-टर्न से मुड़कर बाएं जाना होगा। मास्टर प्लान रोड पर जाने के लिए वाहन चालकों को राजधानी एन्क्लेव से यू-टर्न लेना गाजीपुर रोड पर नगर निगम की लापरवाही के कारण स्थानीय लोग रोजाना जाम और गंदगी से जूझ रहे हैं। नगर निगम ने यहां डेयरी फार्म की नालियों से निकाला गया कचरा व गाद सड़क पर फैला दिया है, जिसके कारण सड़क का आधा हिस्सा गंदगी से ढक गया है। इस वजह से रोजाना लंबा जाम लग रहा है।

### दिल्ली नगर निगम की लापरवाही से गाजीपुर रोड पर रोजाना लंबा जाम, राहगीर परेशान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजीपुर रोड पर नगर निगम की लापरवाही के कारण स्थानीय लोग रोजाना जाम और गंदगी से जूझ रहे हैं। नगर निगम ने यहां डेयरी फार्म की नालियों से निकाला गया कचरा व गाद सड़क पर फैला दिया है, जिसके कारण सड़क का आधा हिस्सा गंदगी से ढक गया है। इस वजह से रोजाना लंबा जाम लग रहा है और लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। वाहन फिसलने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। वाहन चालकों ने बताया कि निगम कचरे को हटाने के बजाय उसके सूखने का इंतजार कर रहा है। इस कारण गंदगी लंबे समय तक सड़क पर बनी रहती है। गाजीपुर रोड पर श्मशान घाट भी स्थित है और यह सड़क एनएच-9 से होते हुए कोंडली रोड से जुड़ती है। नोएडा की ओर जाने वाले लोग भी इस मार्ग का उपयोग करते हैं। सुबह-शाम गंदगी और जाम वाहन चालकों की परेशानी को और बढ़ा देते हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क पर फैली गंदगी में जानवर भी अक्सर मुंह मारते हैं। कई बार तो जानवर टहलते टहलते सड़क के बीचों-बीच आ जाते है जिससे कई बार आपस में वाहन भी टकरा जाते है। लगभग एक किलोमीटर तक सड़क का आधा हिस्सा कचरे और मिट्टी से ढका हुआ है।

# दिल्ली में लापता इन्फ्लुएंसर कारोबारी का शव मिला

## परिवार ने हत्या का आरोप लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंडावली इलाके से सात मार्च को गायब हुए कपड़ा कारोबारी व इंफ्लुएंसर आकाश उर्फ पुष्पेंद्र का शव संदिग्ध हालात में




पटपड़गंज औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक मैदान से बरामद हुआ। जिस वक्त युवक का शव मिला, उसकी नाक व मुंह से खून निकल रहा था। पास में ही नशे के इंजेक्शन पड़े हुए मिले। मृतक के स्वजन ने हत्या का आरोप लगाया है। उनकी मौत से नाराज होकर परिवार व स्थानीय लोगों ने शव को मंडावली थाने के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि पुलिस ने आकाश को ढूंढने के लिए कुछ नहीं किया। स्थानीय विधायक भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी आकाश की मौत पर सवाल उठाए। आकाश मूलरूप से अलीगढ़ स्थित नगलिया क्षेत्र के रहने वाले थे। वह परिवार के साथ के साथ मंडावली में रह रहे थे। परिवार में माता-पिता, पत्नी व तीन साल की बेटी है। मंडावली में आकाश स्टाइलिंग नाम से गारमेंट का शोरूम चलाते थे। साथ ही यूट्यूब और इंस्टग्राम पर वीडियो बनाकर दूसरों का प्रमोशन भी करते थे। यूट्यूब और इंस्टाग्राम दोनों के जोड़कर उनके साढ़े चार लाख फॉलोअर हैं। मंगलवार को पुलिस ने एलबीएस अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंपा। स्वजन ने आकाश का शव सड़क पर रखकर पुलिस के खिलाफ मंडावली थाने के बाहर प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी की। आकाश के करीबी दोस्त पर नशा देकर हत्या का आरोप लगाया। वरिष्ठ अधिकारी और विधायक कुलदीप कुमार मोनू के समझाने के बाद प्रदर्शन खत्म किया। विधायक ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कारोबारी की इस तरह मौत व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इस मामले की जांच हो और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए। मृतक के स्वजन ने बताया कि सात मार्च को आकाश दोपहर 12:30 बजे डेढ़ लाख रुपये लेकर गांधी नगर मार्केट से सामान खरीदने के लिए गए थे। 2:30 बजे परिवार ने उन्हें फोन किया तो उन्होंने उठाया नहीं। कुछ देर के बाद फोन बंद हो गया। शाम को परिवार मंडावली थाने गया और आकाश की गुमशुदगी दर्ज करवाई। आरोप है कि पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत रख ली, लेकिन कुछ किया नहीं। आरोप लगाया कि आकाश के फोन का सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) निकालने के लिए पुलिस ने दस हजार रुपये ले लिए। मोबाइल की आखिरी लोकेशन आनंद विहार की आई। उसके बाद भी पुलिस ने उसे ढूंढा नहीं। सोमवार को परिवार आकाश को ढूंढता हुआ टेल्को पाइंट के पास डीडीए ग्राउंड पहुंचा। पता चला कि पटपड़गंज औद्योगिक थाना पुलिस को आकाश का शव मिला है।

### इमारत अक्टूबर 2023 से चिकित्सकों के लिए तरस रही है

# दिल्ली के नजफगढ़ में 100 करोड़ की लागत से बना अस्पताल; डॉक्टर नहीं, सुविधाएं भी अधूरी

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी, जहां भारत की स्वास्थ्य नीतियों का खाका बुना जाता है, वहीं केंद्र सरकार का एक अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। दिल्ली देहात के प्रवेश द्वार माने जाने वाले नजफगढ़ में 100 करोड़ की लागत से बनी आरएचटीसी (रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर) अस्पताल की भव्य इमारत अक्टूबर 2023 से चिकित्सकों के लिए तरस रही है। विडंबना देखिए, कई बार विज्ञापन निकालने के बावजूद भी कोई भी चिकित्सक यहां आवेदन देने तक को तैयार नहीं है। अस्पताल में सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों के 33 पद स्वीकृत हैं। इन पदों को भरने के लिए अस्पताल प्रशासन ने एक बार नहीं बल्कि तीन बीन बार विज्ञापन निकाले। लेकिन तीन बार की कोशिश का नतीजा कुछ भी नहीं निकला। अस्साल प्रशासन के अनुसार केवल तीन लोगों ने यहां नौकरी के लिए आवेदन किए। इनमें दो का चयन हुआ। यानि 31 पद अभी भी नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं। अस्पताल में स्पेशलिसट चिकित्सकों के 17 स्वीकृत पदों में केवल आठ पद ही भरे हैं। नर्स के कुल 36 पदों में 20 पद रिक्त हैं। पारा मेडिकल स्टाफ की भी यहां घोर किल्लत है। विडंबना का चक्र केवल चिकित्सकों के अकाल के



मुद्दे पर ही खत्म नहीं होता। अस्पताल में रेडियोलाजी विभाग शुरू हो, इसके लिए जरुरी सुविधाओं के विकास के लिए पांच बार टेंडर निकाला गया, लेकिन चार बार कोई भी एजेंसी यहां काम करने को आगे नहीं आई। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पांचवीं कोशिश में कामयाबी मिली है। उम्मीद है कि इस महीने टेंडर को अवार्ड किया जाएगा। लेकिन अभी तक के अनुभव को देखते हुए यह उम्मीद हकीकत में तब्दील हो, तभी कुछ बनेगी। वर्ष 2023 के अक्टूबर महीने में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा मनसुख मांडविया ने 100 करोड़ की लागत से बने 183 बिस्तरों की क्षमता वाले आरएचटीसी (रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर) अस्पताल का नजफगढ़ में उद्घाटन किया। तब यह कहा गया था कि 70 गांव व नजफगढ़ व आसपास स्थित कॉलोनी में रहने वाले 13 लाख की आबादी को अस्पताल निर्माण से फायदा होगा। अब जबकि अस्पताल के उदघाटन को ढाई वर्ष बीतने वाले हैं, हकीकत यह है कि यहां स्वास्थ संबंधी सुविधाएं ओपीडी से आगे नहीं बढ़ सकी हैं।

अस्पताल सूत्र बताते हैं कि नजफगढ़ में काम करने को कोई सीनियर रेजिडेंट या स्पेशलिस्ट राजी नहीं हो रहा है। आमतौर पर चिकित्सक एम्स या सफदरजंग जैसे बड़े अस्पतालों में नौकरी करना चाहते हैं। जगह दिल्ली में मुख्य इलाके से काफी दूर है, ऐसे में वे निजी अस्साल का रुख करना पसंद करते हैं। क्षेत्र की लाखों की आबादी के लिए उम्मीद की किरण यह अस्साल शुरू हो, इसके लिए नजफगढ़ निवासी बुजुर्ग चौ करतार सिंह शुरू से ही प्रयासरत है। इसके लिए ये कानूनी लड़ाई भी लड़ रहे हैं। इनका कहना है कि हाई कोर्ट में दी गई जानकारी में अस्साल प्रशासन ने कोर्ट को बताया है कि चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई तरह के उपाय पर काम हो रहा है। अस्साल पूरी तरह शुरू हो, इसके लिए प्रयास चल रहे हैं।

# होर्मुज में सुरंग बिछाने पर ट्रंप की कड़ी चेतावनी

## अमेरिकी सेना ने ईरान की 10 बारूदी नावों को किया नष्ट

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव और बढ़ गया है। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने इस अहम समुद्री रास्ते में बारूदी सुरंगें बिछाईं तो उसे ऐसा सैन्य जवाब मिलेगा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार को बाधित नहीं होने देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संदेश जारी कर कहा कि अभी तक अमेरिका को यह पुख्ता जानकारी नहीं मिली है कि ईरान ने होर्मुज में सुरंगें बिछाई हैं। लेकिन अगर ऐसा किया गया है तो उन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान सुरंगें हटाता है तो यह सही दिशा में बड़ा कदम होगा। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज में सुरंगें बिछाई और उन्हें तुरंत नहीं हटाया तो उसके गंभीर सैन्य परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ऐसी किसी भी नाव या जहाज को नष्ट कर देगी जो होर्मुज में सुरंग बिछाने की कोशिश करेगा। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ तेजी से और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने



एक और बयान में कहा कि अमेरिकी सेना ने हाल के घंटों में माइन बिछाने वाली 10 निष्क्रिय नौकाओं या जहाजों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया है। उनके मुताबिक ऐसी और नौकाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी एक वीडियो जारी कर दावा किया कि अमेरिकी बल ईरान की समुद्री ताकत को कमजोर कर रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है। दुनिया के कुल तेल व्यापार का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। इसलिए यहां किसी भी तरह की सैन्य गतिविधि या अवरोध का असर सीधे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका ने ईरान में जमीनी सेना भेजने के विकल्प को पूरी तरह खारिज नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। अमेरिका का कहना है कि वह अपने सहयोगी देशों और वैश्विक समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। इस बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष लगातार फैलता जा रहा है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, बहरीन और जॉर्डन जैसे देशों में अमेरिकी ठिकानों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है।

# पहले कंफर्म किया, फिर डिलीट और अब सफाई दी... अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकर को एस्कॉर्ट करने पर बदला रुख

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पहले पोस्ट करके पुष्टि की, फिर डिलीट किया और अब सफाई देनी पड़ी। डोनल्ड ट्रंप के सहयोगी ने बड़े ही घमंड से दावा किया था कि अमेरिकी नेवी ने मुश्किल में फंसे होर्मुज स्ट्रेट से एक ऑयल टैंकर को सफलतापूर्वक एस्कॉर्ट किया, जिसके बाद पोस्ट को तुरंत डिलीट कर दिया गया।

व्हाइट हाउस ने बाद में सफाई दी कि अमेरिका ने किसी भी ऑयल टैंकर को उस खास वॉटरवे से एस्कॉर्ट नहीं किया था, जो मिडिल ईस्ट में चल रहे संकट का सेंटर बना हुआ है।

एनर्जी सेक्रेटरी क्रिस राइट ने एक्स पर एक अब डिलीट हो चुकी पोस्ट में लिखा था, यूएस नेवी ने ग्लोबल मार्केट में तेल का फ्लो बनाए रखने के लिए होर्मुज स्ट्रेट से एक ऑयल टैंकर को सफलतापूर्वक एस्कॉर्ट किया।


इस कहानी में टर्न आने पर वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। एनर्जी सेक्रेटरी क्रिस राइट के शुरुआती पोस्ट के बाद तेल की कीमतों में तेजी से गिरावट आई। बाद में राइट के एक्स पर पोस्ट पब्लिश करने के कुछ ही मिनट बाद उसे डिलीट करने के बाद कीमतों में कुछ नुकसान की भरपाई हुई।

इस बीच, व्हाइट हाउस ने दावे को सही करने की कोशिश की। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने एक ब्रीफिंग में कहा, मैं पुष्टि कर सकती हूं कि अमेरिकी नेवी ने इस समय किसी टैंकर या जहाज को एस्कॉर्ट नहीं किया है, हालांकि यह एक ऑप्शन है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने भी इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि किसी भी यूएस नेवी जहाज ने होर्मुज स्ट्रेट के पास जाने की हिम्मत नहीं की और राइट के बयान को पूरी तरह झूठ बताया। तेहरान ने चेतावनी दी है कि जब तक युद्ध जारी है, खाड़ी से इसका कोई भी हिस्सा एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा। ऊर्जा विभाग के एक प्रवक्ता ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया, सेक्रेटरी राइट के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से एक वीडियो क्लिप डिलीट कर दी गई थी, क्योंकि पता चला कि डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी के स्टाफ ने इसे गलत कैप्शन दिया था।

# युद्ध में क्लस्टर बम का इस्तेमाल कर रहा ईरान, तेहरान ने जारी किया हमले का वीडियो

**तेल , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच इस्राइल ने एक बड़ा दावा कर दुनियाभर की चिंताओं को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दावा यह है कि ईरान इस युद्ध में उसके खिलाफ क्लस्टर म्यूनिशन यानी क्लस्टर बमों का इस्तेमाल कर रहा है। ये ऐसे हथियार होते हैं जो हवा में फटकर दर्जनों छोटे बमों को बड़े इलाके में फैला देते हैं, जिससे आम नागरिकों के लिए खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पश्चिम एशिया में बीते 12 दिनों से छिड़ा युद्ध अब और ज्यादा भयावह रूप लेता जा रहा है। ईरान और इस्राइल के बीच जारी हमलों की तेज होती आग ने पूरे इलाके को युद्ध के दहलीज पर ला कर खड़ा कर दिया। एक ओर इस्राइल पर मिसाइलों की बरसात हो रही है, तो दूसरी ओर अमेरिका और इस्राइल की जवाबी कार्रवाई ने हालात को विस्फोटक बना दिया है। इसी बीच अब इस्राइल ने सनसनीखेज दावा किया है कि ईरान इस युद्ध में बेहद खतरनाक क्लस्टर म्यूनिशन यानी क्लस्टर बमों का इस्तेमाल कर रहा है। इन हथियारों के कारण इस्राइल की पहले से ही दबाव में चल रही एयर डिफेंस प्रणाली के सामने अतिरिक्त चुनौती पैदा हो गई है और आम नागरिकों के लिए खतरा बढ़ गया है। बता दें कि क्लस्टर म्यूनिशन ऐसे हथियार होते हैं जिनमें एक

## ● आम लोगों के लिए खतरनाक कैसे?



बड़ा मिसाइल या बम (जिसे पैरेंट म्यूनिशन कहा जाता है) हवा में ऊंचाई पर जाकर फटता है और उससे दर्जनों छोटे-छोटे बम (सब-म्यूनिशन या बॉम्बलेट) अलग-अलग दिशाओं में फैल जाते हैं। इतना ही नहीं ये छोटे बम लगभग 7 से 10 किलोमीटर की ऊंचाई पर फैलकर जमीन की ओर गिरते हैं और कई सौ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक के इलाके में फैल सकते हैं। रात के समय ये गिरते हुए नारंगी रंग की आग के गोले जैसे दिखाई दे सकते हैं।

दूसरी ओर ईरान के सरकारी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने हमले का वीडियो जारी किया है। वीडियो में दिख रहा है कि क्लस्टर बम इस्राइल के आसमान में फटता है और इसके अंदर से कई छोटे बम अलग-अलग जगह गिरते हैं। आईआरआईबी ने बताया कि ईरान ने यह हमला अमेरिका और इस्राइल के आक्रमणों के जवाब में किया। इस हमले में दक्षिणी तेल अवीव के हेइला उपग्रह संचार केंद्र, बेयर याकोव, पश्चिमी यरूशलम और हाइफा में मौजूद सैन्य केंद्रों को निशाना बनाया गया।

इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि क्लस्टर बम इमारतों को उतना नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन खुले में मौजूद लोगों, गाड़ियों और दुकानों को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। इस्राइल के सुरक्षा विशेषज्ञ येहोशुआ कालिस्की के अनुसार क्लस्टर बम असल में इमारतों से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए खतरनाक होते हैं। ऐसे में इस्राइल में इसका ज्यादा खतरा इसलिए है, क्योंकि ईरान के कई हमले घनी आबादी वाले इलाकों की ओर किए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि हाल ही में इस्राइल में एक निर्माण स्थल पर क्लस्टर बमों के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से दो लोग मंगलवार को मध्य इस्राइल में मारे गए। दूसरी ओर इस बात में भी कोई दोहराई नहीं है कि इस्राइल के पास एरो मिसाइल डिफेंस सिस्टम, जो लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए है और आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम, जो छोटी दूरी के रॉकेट को स्थिर है। ऐसी दुनिया की उन्नत एयर डिफेंस प्रणालियां हैं। लेकिन समस्या तब होती है जब मिसाइल हवा में ही फटकर कई छोटे बम फैला देती है। अगर ऐसा हो जाए तो उन्हें रोकना लगभग असंभव हो जाता है क्योंकि दर्जनों छोटे बम अलग-अलग दिशाओं में गिरने लगते हैं। हालांकि क्लस्टर बमों के साथ एक बड़ी समस्या यह भी है कि इनके कई छोटे बम फटते ही नहीं। ऐसे बम जमीन पर पड़े रहते हैं और बाद में किसी के छूने या हलचल से लैंडमाइन की तरह फट सकते हैं।

# रणनीति बनाकर राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को करें पूरा: अपर समाहर्ता

## 30 से 90 दिन से ज्यादा दाखिल - खारिज लंबित आवेदनों के निष्पादन में लाएं तेजी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों एवं कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए शेष दिनों में निर्धारित राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को पूरा करें।



लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा

**विभिन्न विभागों के वार्षिक राजस्व**

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने क्रमवार कई विभागों के वार्षिक राजस्व संग्रहण के लक्ष्य एवं अब तक की उपलब्धि की विस्तृत समीक्षा की। इसमें वाणिज्यकर विभाग (बोकारो एवं बेरमो), निबंधन विभाग (बोकारो एवं बेरमो), जिला खनन विभाग, उत्पाद विभाग, जिला परिवहन विभाग, मोटरयान निरीक्षक कार्यालय, बाजार समिति चास एवं बेरमो, माप-तौल विभाग चास एवं बेरमो, नगर निगम चास, जिला मत्स्य विभाग तथा नगर परिषद फुसरो शामिल थे।

**कुछ विभागों के प्रदर्शन पर जताई नाराजगी**

समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने निबंधन विभाग बेरमो, नगर निगम चास एवं जिला मत्स्य विभाग के राजस्व संग्रहण की प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**लंबित दाखिल – खारिज मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश**

बैठक में 30 से 90 दिन एवं उससे अधिक समय से लंबित दाखिल-खारिज मामलों की भी समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाकर समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें।

**नव नियुक्त अंचल निरीक्षकों को प्रदर्शन सुधारने का दिया निर्देश**

नव नियुक्त अंचल निरीक्षकों (सीआइ) के कार्यों की समीक्षा करते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि वे कार्यप्रणाली को बेहतर तरीके से समझने का प्रयास करें और अपने प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार लाएं।

**विभिन्न राजस्व मामलों की भी की समीक्षा**

बैठक में सक्सेशन, पार्टिशन, जन आवेदन, लैंड डिमार्केशन, कोर्ट रिपोर्ट, डीसीएलआर म्यूटेशन अपील सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**आदिवासी गांवों में पारंपरिक पदधारकों के सर्वे का दिया निर्देश**

अपर समाहर्ता सह वरीय पदाधिकारी (कल्याण शाखा) ने जिले के आदिवासी गांवों में मानकी मुंडा, मांझी बाबा, जोग मांझी, भगलोन, गुड़ैत आदि पारंपरिक पदधारकों को चिन्हित करते हुए सर्वे एवं सत्यापन प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी निर्धारित प्रारूप में ग्रामसभा से पारित कर 15 दिनों के भीतर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी - कर्मी आदि उपस्थित थे।

# बेरमो में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला महोत्सव सप्ताह का आयोजन




## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर महिला सम्मान हेतु महिला महोत्सव सप्ताह 08 मार्च से 15 मार्च तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बेरमो प्रखण्ड सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) मुकेश मछुआ, प्रखंड प्रमुख गिरजा देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बेरमो मुकेश कुमार, अंचल अधिकारी बेरमो संजीत कुमार सिंह, जिला से श्रुति शेट्टी एवं अमर कुमार उपस्थित थे। इसके अलावा मुखिया कंचन देवी, चन्दना मिश्रा, सीमा महतो, सोनामुनी देवी, कैथरीन हांसदा, जेएसएलपीएस प्रखण्ड प्रबंधक अंजना सिंह, महिला पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी, मुक्ति कुमार, कुमारी सुमित्रा सहित आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं जेएसएलपीएस की दीदियां मौजूद थीं।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। श्रीमती उर्मिला देवी (बीएलओ) को नगर परिषद चुनाव में 73 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं श्रीमती सुनीता देवी को पीएमएमभीवाई योजना में 249 प्रतिशत से अधिक प्रविष्टि कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपेल कुमारी एवं अनामिका कुमारी को भी सम्मानित किया गया। जेएसएलपीएस से लीला देवी तथा तनुजा कुमारी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

**महिला उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा**

कार्यक्रम में बताया गया कि तनुजा कुमारी (बोड़िया दक्षिणी) मईया सम्मान योजना, मुद्रा बैंक लिंकेज एवं सीआईएफ राशि के माध्यम से एक सफल महिला उद्यमी के रूप में उभर रही हैं, जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**हर क्षेत्र में महिलाएं कर रही हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन**

इस अवसर पर अनुमण्डल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। चाहे राजनीति, शिक्षा, विज्ञान या अंतरिक्ष का क्षेत्र हो, महिलाएं हर जगह अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि आज बेरमो प्रखण्ड की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर प्रखण्ड का नाम रोशन कर रही हैं। वहीं प्रमुख गिरजा देवी ने महिलाओं से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया।

**महिला सशक्तिकरण पर चर्चा और संवाद**

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर चर्चा और संवाद भी आयोजित किया गया। अंत में बीपीएम अंजना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# बोकारो में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए तीन दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा बोकारो जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए तीन दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का आयोजन सेक्टर-4 स्थित मजदूर मैदान में दिनांक 11 मार्च से 13 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आज निदेशक, एमएसएमई- विकास कार्यालय रांची इन्द्र जीत यादव एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र राजेन्द्र प्रसाद तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को उनके उत्पादों की बिक्री हेतु मार्केटिंग सपोर्ट प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक श्री गौरव कुमार ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपझ्रेखा से अवगत कराते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को अपने पारंपरिक शिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और बाजार संबंधों को मजबूत करने के लिए एक विपणन मंच प्रदान करना है। मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र राजेन्द्र प्रसाद, मुखिया सह डायरेक्टर, हैंडटूल्स क्लस्टर, भेंडरा नरेश विश्वकर्मा, धीरेन्द्र नाथ माही, मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौधा मुकेश कुमार, जीएम ओएनजीसी आर बी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। प्रदर्शनी सह मेला के दौरान बोकारो जिले के साथ - साथ आसपास के जिले के कुल 60 शिल्पकारों और कारीगरों द्वारा इस प्रदर्शनी सह व्यापार मेले में शामिल होकर विविध स्टॉलों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया । उन्होंने जनता से अपील किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस मेले में आकर हमारे विश्वकर्मा कारीगरों एवं शिल्पकारों के हुनर का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित करें।



**कारीगरों और शिल्पकारों को ऑनलाइन मार्केटिंग के बारे में ज्यादा से ज्यादा सीखने का किया आह्वान-**

निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय रांची श्री इंद्रजीत यादव ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती दिनांक -17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली लौंच (लागू) की गई थी। यह प्रदर्शनी -सह- व्यापार मेला स्थानीय कारीगरों को उनके सामर्थ्य एवं समृद्धि को बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे उनके आय में वृद्धि होगी। उन्होंने सभा में उपस्थित पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों से इस मेले का लाभ लेते हुए ऑनलाइन मार्केटिंग के बारे में ज्यादा से ज्यादा सीखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र राजेन्द्र प्रसाद, मुखिया सह डायरेक्टर, हैंडटूल्स क्लस्टर, भेंडरा नरेश विश्वकर्मा ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं कहा कि पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के विकास के लिए यह आयोजन एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा एक सराहनीय प्रयास है। सभी अतिथियों ने प्रतिभागी शिल्पकारों और कारीगरों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की। तकनीकी सत्र में एक्सपर्ट फैकल्टी गौरव अग्रवाल द्वारा डिजिटल मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स के माध्यम से प्रतिभागियों को ऑनलाइन बाजार में अपने उत्पादों को विक्रय करने के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। प्रोडक्ट के कीमत निर्धारण, पैकेजिंग, लेबलिंग एवं ई-कॉमर्स साइट पर ऑनबोर्डिंग के बारे में सरल शब्दों में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रबंधक, आईपीपीबी, बोकारो द्वारा पीएम विश्वकर्मा लाभुकों को यूपीआई क्यू आर कोड बनाकर दिया जाएगा जिससे उन्हें यूपीआई लेन देन में सुविधा हो। साथ ही प्रतिभागियों को जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया, उद्यम पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। किशोर रजक, जिला उद्यमी समन्वयक एवं मोहन, ब्लॉक उद्यमी समन्वयक, एमएमएलकेयुवीबी, बोकारो, उद्धव पाठक, यंग प्रोफेशनल एवं पिंटु कुमार शर्मा, आशुलिपिक ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

# गरगा डैम में नहाने के दौरान युवक डूबा, तलाश जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित गरगा डैम में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक 17 वर्षीय युवक के डूबने से इलाके में हड़कंप मच गया। झोपड़ी कॉलोनी निवासी गोलू कुमार अपने 5झ6 दोस्तों के साथ घूमने के लिए डैम पहुंचा था। बताया जाता है कि झोपड़ी कॉलोनी और आजाद नगर के दोस्त साथ में घूमने के लिए आए थे। इसी दौरान कुछ दोस्तों ने डैम में नहाने का प्लान बनाया और सभी पानी में उतर गए। नहाने के दौरान गोलू अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके एक दोस्त ने उसे बचाने की कोशिश भी की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बालीडीह थाना पुलिस पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। वहीं खेतको से गोताखोरों की टीम को भी बुलाया गया है। घटना के बाद से इलाके में माहौल गमगीन है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश जारी है।

# जमीन हड़पने का आरोप, सांसद ढुल्लु महतो के खिलाफ प्रदर्शन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। भूली ओपी क्षेत्र के नावाडीह स्थित 8 लेन रोड किनारे करीब 96 डिसमिल जमीन को लेकर एक परिवार ने सांसद पर जबरन जमीन कब्जाने का कथित आरोप लगाया है। इस मामले में जमीन के दावेदार गणेश कुमार रवानी ने अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचकर सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से न्याय की मांग की। गणेश रवानी का कहना है कि उक्त जमीन उनके पूर्वजों की पुश्तैनी संपत्ति है और वे किसी भी कीमत पर इसे बेचना नहीं चाहते हैं। रवानी ने आरोप लगाया कि सांसद ढुल्लु महतो इस जमीन को हर हाल में लेना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें करीब एक करोड़ रुपये देने की पेशकश भी की गई थी। हालांकि, उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे अपनी पुश्तैनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं देंगे। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि सांसद के कुछ समर्थक हाल ही में जमीन पर पहुंचे और जबरन बाउंड्री कराने की कोशिश की। इसका परिवार के लोगों ने कड़ा विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव का माहौल भी बना रहा। गणेश कुमार रवानी ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# धनबाद में बाइक पर पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार की अध्यक्षता में फरवरी माह की अपराध समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी माह में कुल 369 नए अपराध दर्ज किए गए और 402 मामलों का निष्पादन किया गया। लंबित मामलों की संख्या पिछले वर्ष 4300 से घटकर इस वर्ष 1999 रह गई, जिससे अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण कमी आई है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि आर्म्स एक्ट के 5 मामलों में आरोपियों को सजा दी गई है। इसके साथ ही फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश भी दिया गया। एसएसपी ने आगामी ईद और रामनवमी जैसे त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रैफिक सुधार पर जोर दिया गया और बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति के लिए भी हेलमेट अनिवार्य करने की हिदायत दी गई। पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से अपील की कि वह पुलिस की गाइडलाइन का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या हेल्पलाइन पर दें।

# पुराने विवाद को लेकर कार में लगाई आग, दो दर्जन से ज्यादा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सेक्टर 8बी स्थित डीएवी विद्यालय के मैदान में पुराने विवाद को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट की घटना 10 मार्च को सामने आई थी। इस दौरान एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की डिजायर कार में आग लगा दी गई और एक स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के दौरान बिक्की कुमार नामक युवक के साथ भी मारपीट की गई। वहीं मारपीट के बाद कुनाल सिंह नामक युवक के लापता होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को बरामद कर लिया। बरामद युवक ने पुलिस को बताया कि मारपीट में घायल होने के कारण वह घर नहीं पहुंच पाए थे। इस मामले में वादी कुणाल कुमार सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर सेक्टर 4 थाना कांड संख्या 20/26 दर्ज किया गया है। जिसमें बिट्टू कुमार यादव, सुमंत कुमार यादव समेत 20 से 25 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त विवेक कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना स्थल से एक क्रिकेट का बल्ला भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार इस घटना के दौरान पुलिस और किसी भी पक्ष के बीच किसी प्रकार की झड़प नहीं हुई है और मामले की आगे की जांच जारी है।



# 15वें वित्त आयोग की टाइड-अनटाइड राशि शीघ्र खर्च करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने एनआइसी स्थित सभागार में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) के साथ बैठक कर 15वें वित्त आयोग के तहत आबद्ध (टाइड) एवं अनाबद्ध (अनटाइड) मद की राशि खर्च की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शीघ्र खर्च करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाकर समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके। उन्होंने विभिन्न प्रखंडों में योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, एसी मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा,एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ,डीपीआरओ मो. सफीक आलम सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।




# श्रीमद् भगवत कथा में महारास प्रसंग का उल्लेख

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवीन कोऑपरेटिव, चिराचास स्थित सभा भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन आचार्यश्री वेदानंद शास्त्री आनंद ने महारास प्रसंग का महत्व बताते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और सत्संग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन के बंधनों को काटने का सबसे बड़ा शस्त्र ह्लमहारासह्न है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को रास प्रसंग में भाग लेना चाहिए, क्योंकि महारास से मनुष्य के जीवन की कमजोरियाँ समाप्त होती हैं और जीव आत्मिक रूप से मुक्त एवं स्वच्छंद हो जाता है। आचार्य श्री ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के अनुसार सबसे पहले मनुष्य जन्म प्राप्त करना ही अत्यंत दुर्लभ है। मनुष्य बनने के बाद यदि सत्संग का अवसर मिल जाए तो जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो जाती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सच्चा मानव बनने के लिए सत्संग का सहारा लेना चाहिए। कथा के अंत में आचार्य श्री ने रुक्मिणी-कृष्ण विवाहोत्सव की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि यह साक्षात लक्ष्मी और नारायण के दिव्य मिलन का प्रतीक है। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान राम बिलाश सिंह एवं अन्नपूर्णा सिंह हैं।

# बीएसएल के एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग के नव सृजन पार्क में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 एवं सीसीएस क्षेत्र स्थित 'नव सृजन पार्क' में ब्रथवेट एंड कंपनी लिमिटेड (रेल मंत्रालय के अधीन) द्वारा उत्साहपूर्वक 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना और सुरक्षा प्रथाओं के निरंतर उपयोग के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना था. कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करने के लिए कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया. इसमें श्रमिकों के लिए एक विशेष पीपीई (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) रेस आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सुरक्षित कार्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने और संगठन के भीतर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभागी कार्मिकों को उपहार और प्रशंसा प्रतीक वितरित किए गए. समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2 एवं सीसीएस) टी. पी. वर्मा द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाकर किया गया. उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी दैनिक गतिविधियों में उच्च सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया. इस अवसर पर हेमंत कुमार, शांतनु पांडा, सोवन गोस्वामी और अरुण कुमार ने अपने संबोधन में सतर्कता, सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन और कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं को रोकने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया. सुरक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश को और सशक्त बनाने के लिए उन कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिन्होंने सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने में सक्रिय योगदान दिया है. कार्यक्रम का सफल समन्वय एवं सुचारू संचालन सुरक्षा अधिकारी एस.एस.एल. गुप्ता, बिक्रम पांडेय और शाइलॉक डी'क्रूज द्वारा किया गया. यह आयोजन इस तथ्य की याद दिलाता है कि सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है. इस प्रकार के निरंतर जागरूकता अभियानों और सक्रिय सहभागिता से न केवल कार्यस्थल पर जोखिम कम होते हैं, बल्कि यह संयंत्र की समग्र सुरक्षा रेटिंग और उत्पादकता को बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं.






**सेल ने अप्रैल'25 - फरवरी'26 के दौरान दर्ज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री**

देश के सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी (11 महीने) की अवधि के दौरान अब तक की अपनी सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की है. कंपनी ने 18.24 मिलियन टन (टळ) की रिकॉर्ड कुल बिक्री हासिल की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14% की वृद्धि दशार्ती है. इसी अवधि के दौरान, सेल ने 1.11 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक नकद संग्रह भी हासिल किया, जिसमें वार्षिक आधार पर 10% की वृद्धि देखी गई. इस दौरान रिटेल बिक्री, स्टॉकयार्ड बिक्री और डोर डिलीवरी में महत्वपूर्ण सुधार हुआ, जो कंपनी के मजबूत ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित करता है.

**फरवरी 2026 की उपलब्धियां:-**

कंपनी ने 1.58 मिलियन टन की कुल बिक्री दर्ज की. जनवरी 2026 की तुलना में इन्वेंट्री में 1.05 लाख टन की कमी आई. कंपनी ने अपने कर्ज को 1000 करोड़ रुपये कम किया. बाजार की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, सेल ने संबंधित क्षेत्रों की मांग को देखते हुए चेकर्ड प्लेट्स का उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है. पहली बार, झारखंड स्थित सेल के बोकारो स्टील प्लांट से चेकर्ड प्लेट्स का उत्पादन किया जा रहा है. इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक ) का कार्यभार भी संभाल रहे डॉ. ए.के. पांडा ने कहा: "हम बाजार के अनुरूप ढलने और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैंह्व. इन्वेंट्री और वर्किंग कैपिटल का कुशलतापूर्वक प्रबंधन कर-के, हम उस वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन कर रहे हैं जो कंपनी की नींव को मजबूत करता है. साथ ही, हमारी रिकॉर्ड बिक्री और नकद संग्रह हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर जताए गए भरोसे का प्रमाण है.

**बीएसएल में इंटरप्लांट प्रशिक्षण कार्यक्रम 'बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो-हाइड्रॉलिक्स' का आयोजन**

बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में "वर्किंग टुगेदर एज वन सेल, वन एल&डी: कोलैबोरेट, लर्न एंड डिलीवर" पहल के अंतर्गत 'बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो-हाइड्रॉलिक्स' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दक्ष- एक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित यह सत्र 10 से 12 मार्च 2026 तक इलेक्ट्रो-हाइड्रॉलिक्स लैब में आयोजित किया जा रहा है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK